सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 23.5 अधि |
| धर्मशाला | 20.1 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,616 |
| निफ्टी | 24,211 |
| सोना | 1,42,000 |
| चांदी | 2,17,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 14 जुलाई 2026 | 30 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 196, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### हाई कोर्ट की दोनों पीठों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, जयपुर/जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर और जोधपुर पीठ को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। धमकी भरा ई-मेल मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने दोनों परिसरों में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। ई-मेल में छह जिलेटिन बम लगाए जाने का दावा किया गया था। जांच के बाद न्यायालय की कार्यवाही सामान्य रूप से शुरू हुई। पुलिस साइबर विशेषज्ञों की मदद से ई-मेल भेजने वाले की पहचान में जुटी है। जयपुर पीठ को पिछले कुछ महीनों में कई बार ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

### 2020 दिल्ली दंगा केस में पूर्व 'आप' पार्षद दोषी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में 6 साल बाद फैसला कर दिया है। कोर्ट ने पूर्व आम आदमी पार्टी (आप) पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है। एडीशनल सेशन जज प्रवीण सिंह की अदालत ने 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मामले में सोमवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने नाज़िम, काशिम, अनस, जावेद और ताहिर हुसैन को हत्या, अपहरण, दुश्मनी को बढ़ावा देने और दंगा करने का दोषी ठहराया। बाकी 6 आरोपी बरी कर दिए। (अनंत ज्ञान)

### जून में देश का निर्यात 15.5 फीसदी बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात जून 2026 में सालाना आधार पर 15.5 फीसदी बढ़कर 40.41 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष जून में 34.98 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार इस दौरान आयात 31 फीसदी बढ़कर 70.84 अरब डॉलर पहुंच गया, जिससे व्यापार घाटा बढ़कर 30.43 अरब डॉलर हो गया। मंत्रालय ने बताया कि कच्चे तेल और कीमती धातुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण आयात में तेज बढ़ोतरी हुई। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में निर्यात 15.92 फीसदी बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि पश्चिम एशियाई देशों को भारत का निर्यात भी बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

### खुदरा महंगाई दर बढ़ कर 4.38 फीसदी पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से देश में खुदरा महंगाई दर जून महीने में बढ़कर 4.38 फीसदी हो गई है, जबकि मई में यह 3.93 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि रही। जून में खाद्य महंगाई दर 5.32 फीसदी दर्ज की गई, जो मई के 4.78 फीसदी से अधिक है। अदरक और टमाटर जैसी सब्जियों की कीमतों में तेजी से आम लोगों का बजट प्रभावित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 4.74 फीसदी रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 3.92 फीसदी दर्ज की गई। सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई दर चार फीसदी के स्तर पर बनाए रखने का लक्ष्य दिया है। (अनंत ज्ञान)

# 2027 में शुरू होगी शोंगटोंग-कड़छम परियोजना

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को समयसीमा के भीतर काम पूरा करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की ऊर्जा क्षमता को नई ऊंचाई देने वाली 450 मेगावाट क्षमता की शोंगटोंग-कड़छम जलविद्युत परियोजना अब अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को परियोजना के निर्माण कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परियोजना को हर हाल में मार्च-अप्रैल 2027 तक शुरू किया जाए ताकि प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और आर्थिक लाभ जल्द मिल सके।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### परियोजना से हर साल 900 करोड़ का आर्थिक लाभ मिलने का अनुमान

**परियोजना** के पूरा होने के बाद इससे प्रतिवर्ष लगभग 1,579 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन होने की संभावना है। इससे प्रदेश की ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बिजली ग्रिड और अधिक मजबूत होगा तथा राज्य की अर्थव्यवस्था को प्रतिवर्ष लगभग 900 करोड़ रुपए का योगदान मिलने का अनुमान है। इससे हिमाचल के राजस्व में भी महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होगी। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आबिद हुसैन सादिक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि किन्नौर जिले में सतलुज नदी पर निर्माणाधीन इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पावर हाउस का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार परियोजना की नियमित निगरानी कर रही है और शेष कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान भी परियोजना का निर्माण कार्य बाधित नहीं होगा। इसके लिए सतलुज नदी के जल प्रवाह को चार और पांच नंबर गेट की ओर मोड़ा जाएगा, जबकि डायवर्जन बे-1, 2 और 3 पर समानांतर रूप से निर्माण कार्य जारी रहेगा। इससे बारिश के मौसम में भी परियोजना की गति बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना को मजबूत करने और पर्यावरण के अनुकूल विकास को बढ़ावा देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शोंगटोंग-कड़छम परियोजना न केवल हिमाचल की बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और तकनीकी चुनौतियों के बावजूद वैज्ञानिक योजना, आधुनिक तकनीकों और निरंतर निगरानी के कारण परियोजना का 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। निर्माण कार्य को गति देने के लिए स्थल की परिस्थितियों के अनुरूप तकनीकी उपाय लगातार अपनाए जा रहे हैं।

## बीबीएमबी के 4,200 करोड़ का बकाया हर हाल में लेकर रहेंगे : मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से जुड़े करीब 4200 करोड़ रुपए के बकाये और राज्य के वैधानिक अधिकारों को लेकर एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से फोन पर इस मुद्दे पर विस्तृत बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश लंबे समय से अपने अधिकारों की प्रतीक्षा कर रहा है और अब राज्य सरकार इन्हें हर हाल में सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हितों की अनदेखी करते हुए किसी नई परियोजना में सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती।

किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना को बीबीएमबी बकाये से जोड़ते हुए मुख्यमंत्री ने मांग की कि हरियाणा सरकार अपने हिस्से के

◆ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की फोन पर अहम बातचीत

भुगतान को लेकर स्पष्ट सहमति दे और इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल करे। केंद्रीय मंत्री ने इस मामले में हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों से बातचीत कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। सुक्खू ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार हिमाचल को बीबीएमबी परियोजनाओं में 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिकार है। इसके तहत प्रदेश 13,066 मिलियन यूनिट बिजली और करीब 4200 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ का हकदार है। उन्होंने कहा कि 422 मेगावाट की किशाऊ बांध परियोजना में राज्य के हितों की रक्षा के बाद अब हिमाचल को बिना पूंजी निवेश के प्रतिवर्ष लगभग 600 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है।

### नागालैंड में आईईडी धमाका, असम राइफल्स का जवान हुआ शहीद

**एजेंसी, कोहिमा।** नागालैंड के चुमौकेदिमा इलाके में एक संदिग्ध बम धमाका हुआ। इस हमले में असम राइफल्स के एक जवान देश के लिए बलिदानी हो गए, जबकि चार अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हैं।

अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार यह एक संदिग्ध आईईडी ब्लास्ट था। सुरक्षा अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, असम राइफल्स के जवान एक बोलेरो एसयूवी गाड़ी में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से प्लान किए गए एक बम में जोरदार धमाका हुआ, जिसकी चपेट में जवानों की गाड़ी आ गई। यह घटना असम और नागालैंड की सीमा के पास हुई है, जहां असम राइफल्स का एक ट्रेनिंग सेंटर भी मौजूद है। धमाके में घायल हुए चारों जवानों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के ठीक बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है। इसके अलावा हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा इलाके में एक बहुत बड़ा तलाशी अभियान (सर्च ऑपरेशन) चलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### रामंदिर चढ़ावा चोरी: ट्रस्ट ने सीईओ की भर्ती निकाली, अगली सुनवाई 20 को

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी से मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी, अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूपी, केंद्र सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया।

यूपी सरकार की तरफ से बनाई गई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से अब तक की जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी। कहा- रिपोर्ट में जांच अधिकारियों के बारे में भी बताएं। कोर्ट ने मामले से जुड़े सीसीटीवी सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- स्टेटस रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश की जाएगी। इस पर कोर्ट ने साफ किया कि रिपोर्ट में एसआईटी के गठन और उसकी संरचना की पूरी जानकारी होनी चाहिए। कोर्ट ने अगली सुनवाई 20 जुलाई को तय की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 4 अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में जांच सीबीआई को सौंपने के अलावा मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की गई है।

◆ आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

इधर, राम मंदिर ट्रस्ट ने सीईओ की भर्ती के लिए आवेदन निकाले हैं। आवेदक की उम्र 50 से 70 साल के बीच होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन। आवेदन की अंतिम डेट 18 जुलाई 2026 शाम 4 बजे तक है। वहीं, अयोध्या पुलिस मामले में गिरफ्तार सभी 8 आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया। स्पेशल कोर्ट की जज प्रतिभा नारायण ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन (27 जुलाई तक) के लिए बढ़ा दी। (अनंत ज्ञान)

### सरकार स्टेटस रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश करेगी



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा- बताया गया है कि एसआईटी का गठन किया गया है। इसलिए हम यूपी सरकार की तरफ से गठित एसआईटी को स्टेटस रिपोर्ट जमा करने का निर्देश देते हैं। आगे विचार के लिए इस मामले को अगले सोमवार को सूचीबद्ध किया जाए। सॉलिसिटर जनरल ने कहा- हम इसे सीलबंद लिफाफे में पेश करेंगे। इस पर कोर्ट ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट में एसआईटी के गठन की पूरी जानकारी होनी चाहिए। याचिकाकर्ताओं के एक वकील ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट याचिकाकर्ताओं को दी जा सकती है। इस पर सीजीआई ने कहा- हम बाद में देखेंगे। जांच चल रही है।

### बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी का मुख्य आरोपी प्रमोद दबोचा

**एजेंसी, चमोली।** बद्रीनाथ धाम में चढ़ावा चोरी के मामले में चमोली पुलिस की एसआईटी ने बद्री-केदार मंदिर समिति के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार कर लिया है। एसआईटी ने उन्हें 12 जुलाई की रात करीब 10 बजे देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। उन्हें चमोली लाया गया, जहां बद्रीनाथ थाने में उनसे और मंदिर समिति के चार कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी की टीम सादी वर्दी में देहरादून पहुंची थी। बद्रीनाथ थाने में पूछताछ के दौरान जब प्रमोद नौटियाल से पूछा गया कि क्या चढ़ावा चोरी के मामले में मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी भी शामिल हैं, तो उन्होंने सिर हिलाकर नहीं में जवाब दिया। चमोली पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई को प्रभारी मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण की शिकायत पर बद्रीनाथ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान व अन्य साक्ष्यों की जांच की। जांच में प्रमोद नौटियाल को कई बार मोबाइल के नीचे और जेब में मंदिर की धनराशि व अन्य भेंट सामग्री ले जाते हुए पाया गया। (अनंत ज्ञान)

### गो हत्या बैन के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, कहा-इसमें सुधार की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु सरकार को बकरीद या किसी भी दिन राज्य में गाय-बछड़ों के वध पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस आदेश में सुधार की जरूरत है।

राज्य सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के 27 मई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि जब कानून तय श्रेणी की गायों के वध की अनुमति देता है, और उसके लिए निर्धारित स्थान भी तय हैं, तब अदालत का ऐसा निर्देश कानून के प्रावधानों के विपरीत है। इसे कायम नहीं रखा जा सकता।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने आज इस मामले में नोटिस जारी किया और हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी।

◆ मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था- ये इस्लाम में जरूरी प्रथा नहीं

मद्रास हाईकोर्ट ने 27 मई को (बकरीद से एक दिन पहले) तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य में बकरीद या किसी अन्य दिन गाय और बछड़ों की कुर्बानी न हो। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी लक्ष्मीनारायण की बेंच ने कहा- संविधान सभा की बहस में कहा गया था कि गाय भारत में पूजनीय मानी जाती है। भगवान कृष्ण के समय से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही है। कई मुस्लिम शासकों ने भी गोहत्या पर रोक लगाई थी। महात्मा गांधी भी गो संरक्षण को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात में फैला चांदीपुरा वायरस, एक माह में 12 बच्चों की मौत, 3 की रिपोर्ट पॉजिटिव

**एजेंसी, गोधरा**

◆ मक्खी से फैलती बीमारी वैक्सीन भी नहीं बनी

◆ सरकार ने वायरस से 3 मौतों की पुष्टि की

गुजरात में संक्रमण से एक महीने में अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित थे। अन्य 9 बच्चों की मौत भी इसी वायरस से होने की आशंका है। हालांकि, इनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। संक्रमण के मामले गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली व पंचमहल जिलों में सामने आए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने इस स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि इस घातक वायरस के संक्रमण के कारण अब तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 2 बच्चों की मौत गोधरा व राजस्थान के एक बच्चे की मौत हिम्मतनगर में हुई। प्रभावित क्षेत्रों में रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

#### वायरस के संदिग्ध लक्षणों वाले 9 अन्य बच्चों की हुई मौत

**हिम्मतनगर** सिविल अस्पताल में चांदीपुरा के संदिग्ध लक्षणों वाले बच्चों की कुल 6 मौतें दर्ज की गई हैं। जबकि तीन बच्चों की मौत गोधरा के सिविल अस्पताल में हुई। इनमें दो बच्चों की मौत दो दिन पहले यानी कि 11 जुलाई को हुई। इन दोनों बच्चों में एक बच्चे की उम्र 1 साल और दूसरे की उम्र दो साल थी।

### बैंकॉक के पब में लगी आग से 27 लोगों की मौत, 63 जख्मी

**एजेंसी, बैंकॉक**

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के चटुचक स्थित एक भीड़भाड़ वाले पब में रविवार देर रात आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। घायलों में 22 की हालत गंभीर है। अधिकांश लोगों की मौत आग की लपटों से नहीं, बल्कि धुएं के कारण दम घुटने से हुई।

तुर्किये की सरकारी समाचार सेवा अनाडोलू और फ्रांस के टीवी नेटवर्क फ्रांस24 के मुताबिक थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्टेज के पास लगे सर्किट ब्रेकर से पहले धुआं निकला, इसके बाद बिजली गुल हो गई और फिर जोरदार धमाका हुआ। अफरा-तफरी के बीच कई लोग पीछे की ओर स्थित टॉयलेट की तरफ भागे, जहां बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सिट्टीपुंट ने बताया कि आग बेहद तेजी से छत तक फैल



गई। कई शव आपातकालीन निकास के पास मिले हैं, जिससे आशंका है कि निकास मार्ग किसी रुकावट के कारण अवरुद्ध था। बैंकॉक महानगरीय प्रशासन के आपदा रोकथाम व शमन विभाग के निदेशक सुरियाचाई राविवान ने बताया कि दमकलकर्मियों को अंदर प्रवेश करने के दौरान रास्ते में मेज और कुर्सियां रखी मिलीं, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुआ। प्रत्यक्षदर्शी और लाओस के पर्यटक कान कुतिरत ने बताया कि उन्होंने स्टेज के पास धुआं उठते देखा, जिसके कुछ ही क्षण बाद पूरे पब में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने एक महिला को बाहर निकालने में मदद की, लेकिन वह केवल एक ही व्यक्ति को बचा सके। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी का पंजाब दौरा 17 को, चंडीगढ़-जालंधर में बम धमाकों की मिली धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



**एजेंसी, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चंडीगढ़ और पंजाब दौरे से पहले सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। चंडीगढ़ और मोहाली के कई स्कूलों को एक बार फिर धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है। इसमें 17 जुलाई को चंडीगढ़ और जालंधर में अलग-अलग जगहों पर बम धमाके करने की धमकी दी गई है। पीएम मोदी 17 जुलाई को पंजाब आएंगे व जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने का कार्यक्रम है। इसके पहले धमकी भरे ई-मेल में चंडीगढ़ और मोहाली के स्कूलों के अलावा मोहाली मेयर कार्यालय को निशाना बनाने की बात कही गई है। इसके साथ ही जालंधर व चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर आईईडी धमाके करने की धमकी दी गई है। ई-मेल में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को भी जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही पंजाब के लोगों को पीएम मोदी की रैली में शामिल न होने की चेतावनी दी गई है। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
COURSES OFFERED 2026-27
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC, Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH. — B.TECH (CE/EE/CSE), DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE — ITI in SANITARY HEALTH INSPECTOR ELECTRICIAN, FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY — B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES — M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING — B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING, POST BASIC B.Sc. NURSING, GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION — B.Ed, D.EL.Ed — Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9459052533, 9816242139, 9816102238
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in Email: abhilashigroup@gmail.com

अनदेखी: हमीरपुर और ऊना को मिलीं 35-35 बसें, नंबर प्लेट और रूट पर चलने की प्रक्रिया अभी बाकी

# इलेक्ट्रिक बसें चलने को तैयार, पर हो रहा पासिंग का इंतजार

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** इलेक्ट्रिक यानी चार्जिंग तकनीक से चलने वाली सैकड़ों बसें एचआरटीसी के 'बेड़े' में शामिल तो हो गई हैं, लेकिन इनकी 'पासिंग' कब होगी? नंबर प्लेट्स कब लगेंगी और फिर अपने-अपने गंतव्य यानी रूट पर इनकी रवानगी का सिलसिला कब तक शुरू होगा? यह स्थिति अभी भी इसलिए यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी सवाल पूछ रही है। हमीरपुर एचआरटीसी के लोअर हिमाचल का बड़ा केंद्र है। यहां मंडलीय प्रबंधक बैठते हैं। काफी तादाद में यहां डिपो हैं। हमीरपुर और ऊना डिपो को सबसे ज्यादा 35, 35 बसें आवंटित की गई हैं। कारण स्पष्ट है, यह दोनों डिपो 'फ्लीट' के हिसाब से सबसे बड़े हैं और फिर हमीरपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला है, जबकि ऊना उपमुख्यमंत्री का।

बता दें कि इन बसों को हिमाचल में आए लंबा समय हो गया है। यानी एक महीने के आसपास यह इलेक्ट्रिक बसें सोलन जिले में अलग-अलग स्थान पर खड़ी रहीं। अब पिछले तकरीबन 10, 15 दिनों से इनका आवंटन मंडलीय स्तर पर या फिर यूं कह लीजिए, डिपो के हिसाब से जब कर दिया गया, तो बसें वहां पहुंचना भी आरंभ हो गई। कई जगह पहुंच गई हैं लेकिन कई जगह अभी मुकम्मल तौर पर यह नहीं पहुंच पाई हैं। उसकी वजह यह है कि इनकी पासिंग होनी है और इसके लिए आरटीओ के स्तर पर एक सिस्टम बनता है, इसकी इंतजार हो रही है। बसों को एक साथ खड़ा करने की जगह नहीं है और फिर एक दूसरी जगह पर जहां स्पेस है वहां इन्हें खड़ा किया गया है।

हमीरपुर में तकरीबन 10 बसें पहुंच चुकी हैं। जबकि 25 बसें अभी भी ऊना जिला मुख्यालय पर हैं। क्योंकि इन्हें लाकर यहां खड़ा करने की दिक्कत है।




### आखिर कब होगी पासिंग करवाने की औचारिकताएं

**अब** समस्या यह है कि इन बसों की पासिंग करवाने में आखिर जरूरी औपचारिकताएं कब तक मुकम्मल होंगी? इसकी इंतजार शुरू हो चुकी है। यही नहीं, इसके बाद अपने-अपने जिलों में या फिर राज्य स्तर पर जब इन्हें रुट्स पर भेजा जाएगा और उनकी पासिंग हो जाएगी, तो हरी झंडी भी कोई ना कोई तो दिखाएगा ही, इसकी भी तारीख तय होगी। यानी इसी महीने यह बसें आसानी से चल पाएंगी, तो 'गनीमत' होगी, लेकिन अभी लग नहीं रहा कि इतनी जल्दी यात्रियों को सुहाने सफर के लिए इन बसों का प्रयोग होने वाला है।

### कार्यशाला व निर्माणाधीन बस स्टैंड पर खड़ी हैं बसें

**हमीरपुर** पहुंची 10 इलेक्ट्रिक बसों में से करीब आधी बसें एचआरटीसी की कार्यशाला के पास खड़ी हैं, जबकि बाकी बसों को नए बस स्टैंड के निर्माण स्थल पर अस्थायी तौर पर खड़ा किया गया है। जगह की कमी के कारण बसों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया है।

### पासिंग को लेकर जारी औपचारिकताएं : पाठक

**हमीरपुर** के मंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक का कहना है कि पासिंग को लेकर जो औपचारिकताएं होनी है, उसकी प्रक्रिया जारी है। ज्यादा समय नहीं लगेगा, बहुत जल्दी यह सवारियों के लिए उपलब्ध हो जाएंगी। बस कुछ दिनों की इंतजार बाकी है।

# हारमनी ऑफ द पाइन्स के प्रभारी विजय कुमार निलंबित

## इंस्पेक्टर पर विभागीय नियमों के उल्लंघन और सोशल मीडिया से हुई कमाई छुपाने के आरोप

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक बैंड हारमनी ऑफ द पाइन्स के प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार को विभागीय आचरण नियमों के कथित उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि उन्होंने विभाग की पूर्व अनुमति के बिना निजी संगीत सामग्री तैयार कर उसे सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित किया और उससे आर्थिक लाभ अर्जित किया। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस मुख्यालय ने विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच पूरी होने तक इंस्पेक्टर को निलंबित रखा जाएगा और तीन माह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को सौंपी जाएगी। पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रारंभिक स्तर पर सामने आए तथ्यों में यह आरोप शामिल है कि संबंधित अधिकारी ने निजी म्यूजिक एल्बम और अन्य संगीत सामग्री विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की, जिससे उन्हें आय प्राप्त होने की बात सामने आई। यदि जांच में यह साबित होता है कि यह गतिविधि विभागीय अनुमति के बिना व्यावसायिक उद्देश्य से की गई, तो इसे सरकारी सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन माना जा सकता है। इसी आधार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है।



जांच की जिम्मेदारी पुलिस लाइन भराड़ी के डीएसपी कमल किशोर को सौंपी गई है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि सोशल मीडिया से प्राप्त कथित आय, विभागीय अनुमति की स्थिति, निजी गतिविधियों के स्वरूप तथा सेवा नियमों के अनुपालन सहित सभी तथ्यों की विस्तार से जांच कर तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की विभागीय कार्रवाई तय होगी।

हारमनी ऑफ द पाइन्स हिमाचल प्रदेश पुलिस का एक चर्चित और प्रतिष्ठित म्यूजिकल बैंड है, जिसने राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अनेक सरकारी एवं सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी प्रस्तुतियों से पहचान बनाई है। ऐसे बैंड के प्रभारी अधिकारी के खिलाफ हुई यह कार्रवाई पुलिस महकमे और सांस्कृतिक जगत दोनों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### विजय की व्यावसायिक गतिविधियों की होगी जांच

**सरकारी** सेवा आचरण नियमों के तहत किसी भी सरकारी कर्मचारी को विभाग की पूर्व स्वीकृति के बिना निजी व्यापार, व्यवसाय या नियमित आय अर्जित करने वाली गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं होती। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, यूट्यूब अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से होने वाली कमाई भी परिस्थितियों के अनुसार व्यावसायिक गतिविधि मानी जा सकती है। यदि कोई कर्मचारी विभागीय अनुमति के बिना इस प्रकार की आय अर्जित करता है या अपने सरकारी पद का निजी लाभ के लिए उपयोग करता है, तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

### पूरी जांच के बाद होगा अंतिम फैसला

**विभागीय** नियमों के अनुसार निलंबन केवल एक अंतरिम प्रशासनिक कार्रवाई होती है, जिसका उद्देश्य निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच सुनिश्चित करना है। इसका अर्थ यह नहीं है कि संबंधित अधिकारी दोषी सिद्ध हो गया है। यदि जांच में आरोप प्रमाणित नहीं होते हैं तो संबंधित कर्मचारी को बहाल किया जा सकता है। वहीं आरोप सिद्ध होने की स्थिति में चेतावनी, वेतनवृद्धि रोकना, पदावनति अथवा सेवा से बर्खास्तगी जैसी विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। फिलहाल पूरे मामले में अंतिम निर्णय विभागीय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही लिया जाएगा।

# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से और अधिक प्रभावी होगा सुशासन : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि वन नेशन, वन इलेक्शन व्यवस्था देश में सुशासन को नई मजबूती प्रदान करेगी। इससे बार-बार होने वाले चुनावों पर होने वाले व्यय में कमी आएगी, विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी और सरकारें अधिक प्रभावी ढंग से जनकल्याण एवं विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

लखनऊ में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्ययन दौरे के दौरान समिति ने उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में मुख्य सचिव एस.पी. गोयल, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा वित्त, गृह, शिक्षा, पर्यटन, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य एवं श्रम विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक साथ चुनाव कराने के प्रशासनिक, वित्तीय और सुशासन संबंधी पहलुओं पर अपने सुझाव दिए। समिति ने इसके बाद नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय खाद्य निगम, नेफेड, नॉर्दर्न रेलवे, रेल विकास निगम लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड और पावरग्रिड सहित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इस दौरान बार-बार होने वाले चुनावों का प्रशासनिक व्यवस्था, परियोजनाओं के क्रियान्वयन और जनसेवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा की गई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति देशभर में सभी हितधारकों से संवाद कर प्रत्येक पक्ष का गंभीरता से अध्ययन कर रही है, ताकि व्यापक सहमति और व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर अपनी अनुशंसाएं तैयार की जा सकें।

# मलां में वार्ड परिवर्तन पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** ग्राम पंचायत मलां में कुछ परिवारों को उनके मूल वार्ड नंबर-3 से हटाकर वार्ड नंबर-5 में शामिल किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताते हुए जगदीश सिंह संधू और सर्वजीत सिंह संधू के परिवारों ने आरोप लगाया है कि वार्ड परिवर्तन बिना किसी पूर्व सूचना, सर्वेक्षण अथवा निर्धारित नियमों का पालन किए किया गया है। परिवारों का कहना है कि जब से ग्राम पंचायत मलां का गठन हुआ है, तब से वे वार्ड नंबर-3 के निवासी रहे हैं। अचानक वार्ड बदलने से उनके परिवारों, विशेषकर भारतीय सेना में कार्यरत सदस्यों के आधिकारिक रिकॉर्ड पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले पंचायत सचिव से इस विषय में संपर्क किया, लेकिन सचिव ने मामले से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो इसकी जांच की जाएगी। इसके बाद 23 फरवरी को पंचायत सचिव को लिखित शिकायत भी सौंपी गई। जब कोई समाधान नहीं निकला तो परिवारों ने स्थानीय विधायक एवं पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली को भी प्रार्थना-पत्र भेजकर वर्षों से चली आ रही यथास्थिति बनाए रखने और उन्हें मूल वार्ड नंबर-3 में ही रखने की मांग की। परिवारों का कहना है कि उनके कई सदस्य भारतीय सेना में कार्यरत हैं। वार्ड परिवर्तन होने से उनके स्थायी पते में बदलाव करना पड़ेगा, जिससे सर्विस रिकॉर्ड, कैंटीन कार्ड, आधिकारिक दस्तावेज और अन्य विभागीय रिकॉर्ड में असंगति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करने पर विवश होंगे।

### बीडीओ ने करवाई जांच

**मामले** को लेकर परिवारों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नगरोटा बगवां लतिका को भी ज्ञापन सौंपा। इसके बाद 23 अप्रैल को मामले की जांच करवाई गई, जिसमें शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए गए और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बीडीओ का कहना है कि शिकायतकर्ताओं की मांग पर शिकायत वार्ड नंबर 3 को वापस भेज दी है। बीडीओ ने वोटर लिस्ट उपलब्ध करवाते हुए यह भी कहा कि इन शिकायतकर्ताओं ने वोट भी डाला है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू बोले-हम रोज पूजा करते हैं, हमसे बड़ा सनातनी कौन?

## बोले- किसी को भाजपा नहीं दे सकती सनातनी होने का प्रमाणपत्र

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के राजीव भवन में आयोजित एनएसयूआई कार्यक्रम में भाजपा पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि धर्म और आस्था किसी राजनीतिक दल की जागीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस नेताओं को सनातनी होने का प्रमाणपत्र देने की कोशिश करती है, जबकि वे स्वयं प्रतिदिन पूजा-पाठ करते हैं, गाय की पूजा करते हैं और कंजक पूजन भी करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम रोज पूजा करते हैं, हमसे बड़ा सनातनी कौन हो सकता है।'

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार प्रदेश में वर्षों से चली आ रही पुरानी व्यवस्थाओं को बदलकर पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी प्रशासन स्थापित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग चार दशक से चली आ रही कई व्यवस्थाओं में सुधार किए जा रहे हैं ताकि आम लोगों को बेहतर शासन व्यवस्था मिल सके।



एनएसयूआई के कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल की राजनीति में एनएसयूआई और युवा कांग्रेस से निकले अनेक नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश के युवाओं ने हमेशा सेना में भर्ती होकर देश की सेवा की है, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद रोजगार के अवसर सीमित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस सहित विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया तेज कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पेपर लीक मामलों में आरोपियों को जेल भेजा गया और अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को भंग करने जैसा बड़ा निर्णय लिया गया। उन्होंने नीट पेपर लीक प्रकरण का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार पर भी सवाल उठाए। शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्ता के मामले में हिमाचल देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और सरकार इसे और मजबूत बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा प्रदेश के चार मेडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू होने से मरीजों को बेहतर उपचार मिल रहा है।

### पार्टी के कार्यकर्ताओं को मिलेंगी उचित जम्मेदारियां

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कार्यक्रम में मौजूद जिला कांग्रेस अध्यक्षों को आश्वस्त किया कि उन्हें संगठन और सरकार में उचित जिम्मेदारियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी को बोर्ड और निगमों में पद देना संभव नहीं है, लेकिन शिकायत निवारण समितियों और अन्य समितियों में उन्हें शामिल किया जाएगा।

# हिमाचल पुलिस में कागजी एसीआर की व्यवस्था समाप्त

- मानव संपदा पोर्टल एपीएआर पर पूरी होगी प्रक्रिया
- तय समय सीमा में पूरी करनी होगी मूल्यांकन प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल पुलिस में अधिकारियों के वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली में बड़ा बदलाव लागू कर दिया गया है। अब वर्षों से चली आ रही ऑफलाइन और कागजी एसीआर व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो गई है। वर्ष 2025-26 से हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा अधिकारियों की एपीएआर केवल मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन तैयार, समीक्षा और स्वीकृत की जाएगी। जानकारी के अनुसार गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेशों के अनुसार अब किसी भी स्तर पर मैनुअल एसीआर स्वीकार नहीं होगी।

सभी अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर अपनी एपीएआर प्रक्रिया पूरी करेंगे। डिजिटल व्यवस्था लागू होने से फाइलों के लंबित रहने, देरी और कागजी प्रक्रिया से जुड़ी परेशानियों पर भी रोक लगेगी। नई व्यवस्था के तहत विभिन्न रैंक के एचपीपीएस अधिकारियों के लिए रिपोर्टिंग, समीक्षा और अंतिम स्वीकृति स्पष्ट रूप से निर्धारित कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारियों की रिपोर्टिंग पुलिस महानिदेशक करेंगे, उनकी समीक्षा मुख्य सचिव करेंगे, जबकि अंतिम स्वीकृति मुख्यमंत्री देंगे। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की रिपोर्टिंग संबंधित पुलिस अधीक्षक करेंगे। उनकी समीक्षा अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव अथवा सचिव (गृह) करेंगे और अंतिम स्वीकृति भी मुख्यमंत्री की ओर से दी जाएगी। सरकार ने एपीएआर प्रक्रिया के लिए संशोधित समयसारिणी भी जारी कर दी है। इसके तहत 31 जुलाई तक रिपोर्टिंग, 30 सितंबर तक समीक्षा और 31 दिसंबर तक अंतिम स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य होगा।

यदि किसी स्तर पर निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होती है तो मानव संपदा पोर्टल स्वतः फाइल को अगले स्तर पर भेज देगा। वहीं 31 दिसंबर के बाद पूरी प्रक्रिया स्वतः बंद हो जाएगी।

# अब किराये के बैंक खातों से करोड़ों की साइबर ठगी

## शातिर आसान कमाई के लालच में युवाओं को बना रहे म्यूल अकाउंट का हिस्सा

अनंत ज्ञान

- बैंक और साइबर सेल चला रहे संयुक्त अभियान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में साइबर ठगों ने ऑनलाइन ठगी का नया और बेहद संगठित तरीका अपना लिया है। जांच एजेंसियों के अनुसार अपराधी बेरोजगार और ग्रामीण युवाओं को आसान कमाई, नौकरी या कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खाते किराये पर ले रहे हैं। इन खातों का इस्तेमाल म्यूल अकाउंट के रूप में किया जा रहा है, जिनके जरिए ठगी की रकम कुछ ही मिनटों में एक खाते से दूसरे खाते में भेज दी जाती है। इससे असली साइबर अपराधियों तक पहुंचना जांच एजेंसियों के लिए चुनौती बन जाता है। जानकारी के अनुसार भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिल रहे इनपुट के आधार पर हिमाचल पुलिस की साइबर सेल और बैंक संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रहे हैं। संदिग्ध बैंक खातों की पहचान कर उन्हें फ्रीज किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध लेनदेन, केवाईसी प्रक्रिया और कुछ मामलों में बैंक कर्मचारियों की संभावित भूमिका की भी जांच की जा रही है। जांच में सामने आया है कि साइबर गिरोह बेरोजगार, कम पढ़े-लिखे और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आसान कमाई का झांसा देते हैं। इसके बाद उनके बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक और इंटरनेट बैंकिंग से जुड़ी जानकारी अपने कब्जे में ले लेते हैं। ठगी की रकम सबसे पहले इन्हीं खातों में पहुंचती है और फिर कई अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी जाती है या नकद निकाल ली जाती है। इस पूरी प्रक्रिया से अपराध की असली कड़ी छिपाने की कोशिश की जाती है।

### तीन साल में 590 मामले, 160 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी

**आंकड़ों** के अनुसार प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान साइबर ठगी के 590 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें लोगों से 160 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी हुई है। पुलिस अब तक 258 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। कुछ मामलों में बैंक कर्मचारियों की कथित मिलीभगत या लापरवाही सामने आने पर चार बैंक कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिलावार आंकड़ों में सोलन सबसे आगे है, जहां 101 मामले दर्ज हुए हैं। इसके बाद कांगड़ा में 68, मंडी में 32, किन्नौर में 28, सिरमौर में 27, शिमला में 19, ऊना में 14, नूरपुर पुलिस जिला में 12, चंबा और कुल्लू में 11-11, हमीरपुर में सात, लाहौल-स्पीति में चार तथा बिलासपुर में एक मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस की सतर्क रहने की सलाह

**साइबर** अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रदेश के 146 पुलिस थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक, ओटीपी, यूपीआई पिन या इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी न दें। आसान कमाई या कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता किसी को उपलब्ध कराना भी कानूनी अपराध है और ऐसा करने वाला व्यक्ति भी जांच के दायरे में आ सकता है।

# एनएसयूआई में संगठनात्मक चुनाव का बजा बिगुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने अपनी आंतरिक संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है। शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई। इस दौरान एनएसयूआई चुनाव समन्वयक विवेक गिरी, मुख्य केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण (सीईए) के सदस्य किरण मुगबासव, के.के. शास्त्री तथा जनसंपर्क अधिकारी कौशल पंडित भी मौजूद रहे। संगठन ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक होगी, जिससे प्रदेशभर के विद्यार्थियों को संगठन में नेतृत्व की भूमिका निभाने का समान अवसर मिलेगा।

मुख्य केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की निगरानी में एनएसयूआई संविधान के अनुरूप चुनाव कराए जाएंगे। संगठन का कहना है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना, अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सदस्यता से जोड़ना और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नई छात्र नेतृत्व टीम तैयार करना है। पत्रकार वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि एनएसयूआई की पहचान हमेशा आंतरिक लोकतंत्र और छात्र भागीदारी रही है तथा यह चुनाव उसी परंपरा को और मजबूत करेंगे।

# लोक निर्माण विभाग ने चेतावनी बोर्ड के आसपास से हटाईं झाड़ियां

## अनंत ज्ञान में खबर छपते ही तुरंत की कार्रवाई

अनंत ज्ञान



**घनारी।** गगरेट क्षेत्र की तहसील घनारी के अंतर्गत सरकारी स्कूलों के बाहर सड़क सुरक्षा चेतावनी बोर्डों के घनी झाड़ियों में छिपे होने की खबर प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आ गया। विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों के बाहर लगे चेतावनी बोर्ड के आसपास उगी घनी झाड़ियों की सफाई करवा दी, जिससे अब बोर्ड दूर से ही स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

गौरतलब है कि हाल ही में दो दिन पहले अनन्त ज्ञान में प्रकाशित समाचार में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था कि स्कूलों के बाहर लगाए गए सड़क सुरक्षा बोर्ड झाड़ियों में पूरी तरह छिप चुके हैं। इससे वाहन चालकों को स्कूल क्षेत्र की जानकारी नहीं मिल रही थी और मासूम बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था। समाचार के छपने के बाद लोक निर्माण विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। विभागीय कर्मचारियों ने बोर्डों के आसपास उगी झाड़ियों को हटाकर उन्हें पूरी तरह दृश्य बना दिया, जिससे अब वाहन चालकों को पहले से ही स्कूल क्षेत्र का संकेत मिल सकेगा और वे गति नियंत्रित कर सावधानी से वाहन चला सकेंगे। क्षेत्रवासियों ने यह भी कहा कि अनंत ज्ञान मीडिया द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई से यह साबित हुआ है कि प्रशासन और विभाग यदि गंभीरता दिखाएं तो छोटी-छोटी समस्याओं का भी समय रहते समाधान संभव है।

# आलू पर पिछेता झुलसा रोग का हमला

## कृषि वैज्ञानिकों ने खेतों की निगरानी और तत्काल छिड़काव की दी सलाह

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आलू की फसल पर पिछेता झुलसा बीमारी का खतरा तेजी से मंडराने लगा है। मौसम में बढ़ी नमी और अनुकूल परिस्थितियों के चलते राज्य के कई क्षेत्रों की फसल इस बीमारी की चपेट में आने की आशंका जताई गई है। वैज्ञानिकों ने किसानों को आगाह किया है कि यदि समय रहते बचाव के उपाय नहीं अपनाए गए तो यह बीमारी तेजी से फैलकर फसल को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करते हुए वैज्ञानिक सलाह के अनुसार तुरंत आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित इंडो-ब्लाइटकास्‌ पूर्वानुमान मॉडल के अनुसार वर्तमान मौसम पिछेता झुलसा बीमारी के प्रसार के लिए अत्यंत अनुकूल है। इसी के मद्देनज़र प्रदेश के आलू उत्पादक किसानों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है, ताकि समय रहते बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।

संस्थान के अनुसार जिन खेतों में अभी तक पिछेता झुलसा बीमारी के लक्षण दिखाई नहीं दिए हैं और फफूंदनाशक का छिड़काव नहीं किया गया है, वहां रोकथाम के लिए मैन्कोजेब अथवा क्लोरोथलोनील युक्त फफूंदनाशक का 0.20 से 0.25 प्रतिशत घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए। इसके लिए प्रति हेक्टेयर 2.0 से 2.5 किलोग्राम दवा को 1000 लीटर पानी में घोलकर समान रूप से फसल पर छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

यदि खेतों में पिछेता झुलसा के लक्षण दिखाई देने लगें तो किसान बिना देरी किए डाइमेथोमोर्फ 1 ग्राम प्रति लीटर पानी, अथवा अमेटोक्ट्राडिन + डाइमेथोमोर्फ 2 मिली प्रति लीटर पानी, अथवा डाइमेथोमोर्फ 1 ग्राम + मैन्कोजेब 2 ग्राम (कुल 3 ग्राम) प्रति लीटर पानी, अथवा फ्लुपिकोलाइड + प्रोपामोकार्ब 3 मिली प्रति लीटर पानी, अथवा अजोक्सीस्ट्रोबिन + टेबुकोनाजोल 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। समय पर उपचार करने से बीमारी के फैलाव को काफी हद तक रोका जा सकता है।

दवा बदल-बदलकर करें छिड़काव

वैज्ञानिकों के अनुसार सामान्य परिस्थितियों में फफूंदनाशकों का छिड़काव 10 दिन के अंतराल पर दोहराया जा सकता है। बीमारी की तीव्रता बढ़ने पर इस अंतराल को आवश्यकता के अनुसार कम किया जा सकता है। किसानों को सलाह दी गई है कि एक ही फफूंदनाशक का लगातार प्रयोग न करें। प्रत्येक छिड़काव के साथ 0.1 प्रतिशत स्टिकर (लगभग 1 मिली प्रति लीटर पानी) मिलाने से दवा का असर अधिक प्रभावी होता है।

स्थापना दिवस

# नाबार्ड ने ग्रामीण ऋण व्यवस्था को मजबूत करने की नई रणनीति की तैयार

## आधारभूत ढांचे और पैक्स के आधुनिकीकरण पर फोकस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में ग्रामीण ऋण व्यवस्था को मजबूत बनाने, सहकारी संस्थाओं के आधुनिकीकरण, आपदा-सहनीय आधारभूत ढांचे के निर्माण, स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को गति देने तथा जीआई उत्पादों और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में नाबार्ड ने नई रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इन प्राथमिकताओं को लेकर सोमवार को शिमला में आयोजित नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस समारोह में व्यापक सहमति बनी।

इस दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों की समीक्षा के साथ आगामी वर्षों के विकास एजेंडे को अंतिम रूप दिया गया। मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में 4,213 करोड़ का पुनर्वित्त वितरण किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.3 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के पंजीयक के साथ संयुक्त प्रयासों से राज्य की 1,113 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का ई-पैक्स के रूप में डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है। अब पैक्स को बहुउद्देशीय ग्रामीण व्यावसायिक संस्थाओं के रूप में विकसित कर उनकी गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा, ताकि किसानों और ग्रामीणों को अधिक प्रभावी सेवाएं मिल सकें।




नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते मुख्य महाप्रबंधक डॉ. विवेक पठानिया। अनंत ज्ञान

- आपदा-सहनीय परियोजनाओं व जीआई उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत 783 करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

इनमें 50 पुल और पांच सड़कों का निर्माण शामिल है। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार 53 से बढ़ाकर 80 स्थानों तक किया जाएगा। नाबार्ड ने रणसिंघा, हिमाचली गलीचा और हिमाचल वुड क्राफ्ट के जीआई पंजीकरण में सहयोग दिया है, जबकि अब जीआई टैग प्राप्त चंबा चप्पल की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भी विशेष पहल की जाएगी।

### विकास योजनाओं की निगरानी होगी और प्रभावी

**नाबार्ड** ने बिलासपुर जिले में जिला विकास प्रबंधक का नया कार्यालय भी शुरू किया है, जिससे जिला प्रशासन, बैंकों और अन्य संस्थाओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी को गति मिलेगी। स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों ने हिमाचल के समावेशी ग्रामीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। नाबार्ड ने स्पष्ट किया कि आने वाले वर्षों में ग्रामीण ऋण व्यवस्था, सहकारी संस्थाओं के आधुनिकीकरण, जलवायु-अनुकूल एवं आपदा-सहनीय आधारभूत ढांचे, स्वच्छ ऊर्जा और स्थायी आजीविका सृजन पर विशेष फोकस रखा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा मुक्त युवा अभियान के तहत प्रतियोगिताएं 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत युवाओं के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा म्यूजिक एवं रैप, स्लैम पोएट्री, रील मेकिंग, नुक्कड़ नाटक और थीमैटिक डांस प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 जुलाई 2026 को धर्मशाला में होगी, जहां से विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शिमला जाएंगे। उप निदेशक धुव डोगरा ने युवाओं, शिक्षण संस्थानों और युवा मंडलों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

### मिक्स इलेवन गगल ने जीता धनोटू कप



**अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल।** धनोटू में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मिक्स इलेवन गगल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डढंब की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 21 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता डढंब टीम को भी सम्मानित किया गया। साहिल धीमान को बेस्ट बॉलर, आशीष लेफ्टी को मैन ऑफ द सीरीज और साहिल सैनी को बेस्ट फील्डर चुना गया। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया।

### जोगिंदर राणा का नया पहाड़ी गीत 'फोजिया' रिलीज

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के प्रसिद्ध पहाड़ी गायक जोगिंदर राणा का नया गीत 'फोजिया (बोडरे ते आई तेरी याद)' रिलीज हो गया है। गीत के बोल स्वयं जोगिंदर राणा ने लिखे हैं, जबकि संगीत जेकेबी ने दिया है। वीडियो का निर्देशन विक्की नरयाल और संपादन परमार ने किया है। गीत में राकेश सोनी, नम्रता शर्मा, राजमल भरमौरिया और सुरेश कुमार ठौर सहित कई कलाकार नजर आए हैं। जोगिंदर राणा ने बताया कि यह गीत देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों को समर्पित है।

### अनाथ बेटियों के विवाह के लिए प्रधान विजयंत देंगे 5100 रुपए की निजी सहायता



**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव पंचायत की पहली ग्राम सभा प्रधान विजयंत राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पंचायत को नशामुक्त बनाने, स्वच्छता सुनिश्चित करने और कूड़ा फेंकने या पशु छोड़ने वालों पर 5,000 रुपए तक जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया। ट्रांसजेंडर के लिए 1,100 रुपए की बधाई राशि भी तय की गई। प्रधान ने अनाथ लड़कियों के विवाह के लिए 5,100 रुपए की व्यक्तिगत सहायता देने की घोषणा की। बैठक में सचिव श्वेता देवी, बीडीसी सदस्य अजय शर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### 30 सितंबर तक चलेगी पठानकोट-छपरा स्पैशल ट्रेन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे जम्मू मंडल ने पठानकोट-छपरा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरों को 30 सितंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 05193 छपरा-पठानकोट और 05194 पठानकोट-छपरा स्पेशल ट्रेन अब अतिरिक्त 11 फेरे लगाएगी। इस विस्तार से बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि गर्मी और त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### चनौर में ऑनलाइन ठगी बचाव के बताए उपाए

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर की ग्राम पंचायत चनौर में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा चनौर की ओर से नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता और डिजिटल बैंकिंग जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। बैंक के सहायक प्रबंधक गौरव सूद ने ग्रामीणों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी से बचाव और बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पंचायत प्रधान सुभाष चंद ने बैंक टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम में कनिष्ठ लिपिक मस्त राम भी उपस्थित रहे।

### उद्धव के अहंकार नाश का सुनाया प्रसंग

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राधा-कृष्ण मंदिर परिसर के सभागार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन पंडित वीरेंद्र गर्ग शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अहंकार भक्ति मार्ग में सबसे बड़ा बाधक है। उन्होंने उद्धव प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीकृष्ण ने उद्धव के ज्ञान के अहंकार को दूर करने के लिए उन्हें गोकुल भेजा, जहां गोपियों की निष्काम भक्ति देखकर उनका अहंकार समाप्त हो गया। कथा में कृष्ण-रुक्मिणी झांकी और भजनों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।

### डाडासीबा क्षेत्र में आज पांच घंटे बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, पिंडी, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 14 जुलाई को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र डाडासीबा में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य तथा बरसात के मौसम को देखते हुए विद्युत लाइनों के आसपास पेड़ों की कटाई-छंटाई की जाएगी। मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान डाडा सीबा, बटवाड़, पंडियाल , गुरनवाड़ सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### भाजपा महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में 16 अगस्त को होने वाले महिला सम्मेलन को सफल बनाने और इसमें करीब 500 महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया।

# फफूंदयुक्त जूस बेचने पर कंपनी को 60 हजार रुपए का हर्जाना

## 10 हजार न्यायिक शुल्क व 30 हजार कल्याण कोष में जमा करवाने के दिए आदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता आयोग कांगड़ा ने फफूंदयुक्त जूस बेचने के मामले में एक कंपनी को उपभोक्ता को 60 हजार रुपए मुआवजा देने के आदेश दिए हैं।

साथ ही 10 हजार रुपए वाद व्यय और 30 हजार रुपए जिला उपभोक्ता कल्याण कोष कांगड़ा में जमा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। आयोग ने आदेश की प्रति मिलने के 45 दिन के भीतर राशि का भुगतान करने को कहा है।

निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने पर 60 हजार रुपए पर शिकायत दायर होने की तिथि से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना



◆ **उपभोक्ता आयोग ने कहा मानव सेवन के लिए असुरक्षित था उत्पाद**

होगा। उक्त फैसला आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की खंडपीठ ने सुनाया है। इंदौरा निवासी करणवीर सिंह पाटियाल ने आयोग में शिकायत दायर कर बताया था कि उसने 26 जुलाई 2024 को एक दुकान से एक लीटर का मौसंबी जूस खरीदा था। सावन के व्रत के दौरान जूस पीते समय उसका स्वाद अलग लगा। जांच करने पर पैक के भीतर काले रंग की फफूंद मिली। शिकायतकर्ता ने कंपनी को ईमेल और बाद में कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन संतोषजनक समाधान नहीं मिलने पर उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।

सुनवाई के दौरान आयोग की निगरानी में सीलबंद जूस के नमूने को कंडाघाट स्थित संयुक्त परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। प्रयोगशाला की रिपोर्ट में जूस में फफूंद जैसी गांठें मिलने की पुष्टि हुई और इसे मानव सेवन के लिए पूरी तरह असुरक्षित बताया गया। आयोग ने माना कि यह स्पष्ट रूप से निर्माण संबंधी दोष और कंपनी की लापरवाही का मामला है। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता सावन का व्रत रखे हुए था और दूषित जूस पीने से उसे मानसिक, धार्मिक और भावनात्मक पीड़ा हुई। केवल जूस की नई बोतलें देने का प्रस्ताव इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता। आयोग ने यह भी माना कि सीलबंद पैक में फफूंद मिलने की प्राथमिक जिम्मेदारी निर्माता कंपनी की है, जबकि विक्रेता के खिलाफ छेड़छाड़ या गलत भंडारण का कोई साक्ष्य नहीं मिला। इसलिए शिकायत केवल निर्माता कंपनी के विरुद्ध स्वीकार की गई।

# टीजीटी कला संघ बोला– शिक्षा विभाग में यू डाइज डेटा ही हो इस्तेमाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सरकारी स्कूलों में दी जाने वाली सभी सुविधाओं के लिए केवल यू डाइज का डेटा ही इस्तेमाल किया जाए। यह आधिकारिक रूप से सही और प्रामाणिक होता है और गलत आंकड़ों से होने वाला नुकसान बचाता है।

ऐसे में प्रदेश शिक्षा सचिव इस डेटा को आधारभूत आधिकारिक डेटा स्रोत घोषित करें और शिक्षा विभाग को हर डाक के लिए इसी डेटा को इस्तेमाल करने के निर्देश दें। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि ने हाल ही में पानी की बोतलों की मांग के दौरान 49478 विद्यार्थी गायब होना दर्शाता है कि शिक्षा विभाग में नामांकन से लेकर अन्य सुविधाओं के लिए प्रामाणिक डेटा तभी मिलेगा, जब यू डाइज पर यह अपडेट होगा। 17अप्रैल 2026 को नामांकन 768037 था जो यू डाइज के अनुसार 9 जुलाई 2026 को 718559 है। ऐसे में यू डाइज पर डेटा अपडेट की अंतिम तिथि के उपरान्त ही वर्दी, स्टील बोतल, पाठ्यपुस्तकों और प्रश्न पत्रों की मांग हेतु अधिकारी यूडाइज के आंकड़े इस्तेमाल करें। इसके अलावा विभिन्न सुविधाओं की स्थिति और मांग भी यू डाइज से मिल सकती है और सैकड़ों अनावश्यक डाक पत्राचार से भी शिक्षकों और अधिकारियों को मुक्ति मिल जाएगी। शिक्षकों का गैर शैक्षिक कार्य बोझ घटाने के लिए यह प्रभावी कदम साबित हो सकता है।

## विद्यार्थी हित सर्वोपरि, शिक्षा बोर्ड ने कसी कमर

# आगामी सत्र की परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता व गुणवत्ता के सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान

◆ **बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश ने शीर्ष अधिकारियों के साथ की अहम बैठक**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026–27 की तैयारियों को लेकर कार्ययोजना बनाना शुरू कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में बोर्ड मुख्यालय में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बोर्ड परीक्षाओं सहित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी), डीएलएड प्रवेश परीक्षा और नियमित परीक्षाओं की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बोर्ड के सचिव, अतिरिक्त सचिव और सभी उप सचिव मौजूद रहे। अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शाखावार कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्धता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का हित बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है और परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, परीक्षा प्रबंधन, आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं और समय पर परिणाम घोषित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बोर्ड ने आगामी सत्र के लिए ऐसी व्यवस्था तैयार करने पर जोर दिया, ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को टीम भावना से कार्य करना होगा।

# वायनाड त्रासदी का दर्द : सात दिन बाद गांव पहुंचा विक्रम राणा का पार्थिव शरीर

अनंत ज्ञान

◆ **बेटे ने दी मुखाग्नि, पूर्व मंत्री ने शहादत का दर्जा देने की उठाई मांग**

**फतेहपुर।** केरल के वायनाड में आई भीषण त्रासदी ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के फतेहपुर क्षेत्र के टकोली गिरथा गांव को गहरे शोक में डुबो दिया। सात दिनों के लंबे इंतजार के बाद जब वायनाड हादसे में लापता हुए विक्रम राणा का पार्थिव शरीर सोमवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। बेटे ने पिता को मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। विक्रम राणा का शव वायनाड में चले व्यापक सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद हुआ।

जानकारी के अनुसार, करीब एक हजार स्वयंसेवकों और डॉग स्क्वायड की मदद से चलाए गए अभियान में उनका शव खोजा गया। शव गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। परिवार का रो–रोकर बुरा हाल था। घर में उनकी पत्नी, बेटा और बेटी हैं। विक्रम राणा के बड़े भाई कुलवंत राणा ने बताया कि केरल सरकार और वहां के मंत्रियों ने सर्च अभियान में पूरा सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि सांसद प्रियंका गांधी ने भी परिवार की हरसंभव सहायता की, जिसके लिए पूरा परिवार उनका आभारी है। अंतिम संस्कार में पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया भी पहुंचे। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि विक्रम राणा की मृत्यु किसी शहादत से कम नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस तरह की त्रासद घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों को भी शहीद का दर्जा देने पर गंभीरता से विचार किया जाए। वहीं, फतेहपुर के एसडीएम रमन शर्मा ने बताया कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है और मामले की पूरी जानकारी ले रहे हैं। पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से जो भी संभव सहायता होगी, उसके लिए आवश्यक प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

### नलसुहा पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नलसुहा में नव-स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में चिकित्सकीय सेवाएं शुरू हो गई हैं। पूजा-अर्चना के बाद डॉ. सिद्धांत वत्स ने चिकित्सक और स्टाफ नर्स रंजना ने अपनी सेवाएं संभालीं। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुरिंदर मनकोटिया ने कहा कि अब क्षेत्रवासियों को प्राथमिक उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू व प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाएं दीं।

### बांस के भरोसे राहगीरों की सुरक्षा



**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के तलवाड़-शिवनगर मुख्य मार्ग पर गूग्गा लाहट पंचायत भवन के पास पुलिया की पैरापेट दीवार टूट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीखे मोड़ पर सुरक्षा के लिए केवल कमजोर बांस लगाए गए हैं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। अनिल, संजय, प्रदीप, अशोक, अनूप और राजेश ने प्रशासन से जल्द पक्की दीवार बनाने की मांग की है।

### जेएनवी में कक्षा छठी के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश पाने के लिए चयन परीक्षा प्रविष्टि फॉर्म भरने के लिए ऑनलाइन विंडो पोर्टल प्रारंभ हो गया है, जो 31 जुलाई 2026 तक खुला रहेंगा। प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। चयन परीक्षा की तिथि 28 नवंबर निर्धारित की गई है।

### उद्घाटन पट्टिका में सीएम का नाम न होने पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** डूंगा बाजार-मिशन रोड माता श्री बज्रेश्वरी बाईपास मार्ग की उद्घाटन पट्टिका में मुख्यमंत्री सुक्खू का नाम न होने पर पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता पंडित अशोक हिमाचली ने कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष रुचि लेकर धनराशि स्वीकृत की थी, इसलिए उनका नाम पट्टिका पर होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सड़क अभी पूरी तरह तैयार नहीं है और इसका श्रेय मुख्यमंत्री, पूर्व विधायक, स्थानीय लोगों तथा संबंधित विभागों को जाता है।

### मेहड़ा-बसलाहड़ संपर्क सड़क का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैल में मेहड़ा-बसलाहड़ संपर्क सड़क का लोकार्पण प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर सुरिंदर सिंह मनकोटिया ने किया। सड़क बनने से वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई। मनकोटिया ने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### यंग अचीवर ओलंपियाड में सताक्षी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के उस्तेहड़ गांव की तीन वर्षीय बेटी सताक्षी अवस्थी ने राष्ट्रीय स्तर पर यंग अचीवर ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सताक्षी अवस्थी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता के राइम्स और संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर सताक्षी को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। सताक्षी के पिता आशुतोष माता कृतिका और दादा त्रिलोक नाथ दादी राजेश कुमारी व अन्य परिजनों ने खुशी जताई है।

### पीएम आवास योजना के तहत 1950 घर स्वीकृत: काजल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की 43 पंचायतों के 1950 गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए मकानों की मंजूरी मिली है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पवन काजल ने बताया कि इसके लिए 2.55 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद परिवारों का पक्का घर का सपना साकार होगा। काजल ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए शेष पात्र परिवारों के लिए भी शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का भरोसा दिया।

## प्रदेश विकास के बजाय नए सेस और टैक्स के बोझ की ओर बढ़ रहा : परमार

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश विकास के बजाय नए सेस और टैक्स के बोझ की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने जनता को राहत देने के वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक बोझ बढ़ाया गया। परमार ने कहा कि पेट्रोल–डीजल पर सेस, शराब पर मिल्क सेस, गोधन विकास निधि, बिजली पर पर्यावरण सेस सहित अन्य शुल्कों से आम जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि बैंक, बीमा कंपनियों और व्यावसायिक संस्थानों पर लगाए जा रहे अतिरिक्त सेस का भार भी अंततः उपभोक्ताओं और आम लोगों पर ही पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। परमार ने कहा कि नए सेस लगाने से उद्योगों और व्यापार पर भी असर पड़ेगा तथा रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जनता से एकत्र किए जा रहे राजस्व का उपयोग कहां हो रहा है, जबकि विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि जनविरोधी सेस और अतिरिक्त आर्थिक बोझ को तुरंत वापस लिया जाए।

# आतंकवाद से भी बड़ा खतरा नशा युवाओं को बना रहा निशाना : राणा



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने सोमवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता कर सिंथेटिक नशे और चिट्टे को देश व समाज के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि नशा सीधे युवाओं को निशाना बनाकर परिवारों को बर्बाद कर रहा है और यह समस्या आतंकवाद से भी बड़ी चुनौती बन चुकी है। उन्होंने कहा कि नशा केवल कानून–व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि देश के भविष्य और युवा पीढ़ी से जुड़ा संकट है।

राणा ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में नशा मुक्त भारत–2029 का रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इसे प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में परिवारों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और सभी राजनीतिक दलों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने हिमाचल में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का क्षेत्रीय कार्यालय या विशेष इकाई स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि भाजपा इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपेगी। साथ ही नशा तस्करों की संपत्तियों को जब्त कर उनके नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की मांग की। राणा ने कहा कि नशे के शिकार युवाओं को अपराधी नहीं, बल्कि मरीज मानकर उनका पुनर्वास किया जाना चाहिए। उन्हें शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापस लाना होगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से नशा मुक्ति के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का आग्रह किया।

# फार्माअन्वेषण में लॉरेट इंस्टीट्यूट की शोधार्थी शालू शुक्ला प्रथम

अनंत ज्ञान



शालू ने 21 हजार का नकद पुरस्कार जीता। अनंत ज्ञान

**ज्वालामुखी।** लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की पीएचडी शोधार्थी शालू शुक्ला ने एलएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अहमदाबाद में आयोजित फार्माअन्वेषण 2026 में अपने शोध पत्र के उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण के लिए प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें प्रशस्ति–पत्र, ट्रॉफी तथा 21,000 की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस सफलता से संस्थान में हर्ष का माहौल है।

इस अवसर पर लॉरेट एजुकेशनल सोसायटी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रण सिंह ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की वास्तविक पहचान उसके शोध और नवाचार से होती है। शालू शुक्ला की यह उपलब्धि संस्थान की अनुसंधान संस्कृति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने इस सफलता पर शालू शुक्ला को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शालू शुक्ला ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्य एवं प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण से न केवल लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान में विकसित हो रहे शोध वातावरण और अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है तथा अन्य शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। शोध मार्गदर्शक डॉ. विनय पंडित ने कहा कि शालू शुक्ला की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, समर्पण और शोध के प्रति गंभीर दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के माध्यम से संस्थान और देश का नाम रोशन करेंगी।

# डमटाल में 2 .50 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा नेचर पार्क, विधायक मलेंद्र ने किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान



शिलान्यास पट्टिका का अनावरण करते विधायक मलेंद्र। अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि इंदौरा स्थित ठाकुर राम गोपाल मंदिर की भूमि पर डमटाल में एक भव्य नेचर पार्क का निर्माण किया जाएगा। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे इस पार्क से क्षेत्र को नई पहचान मिलने के साथ–साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

सोमवार को आयोजित शिलान्यास समारोह में विधायक मलेंद्र राजन ने विधिवत पूजा–अर्चना कर नेचर पार्क निर्माण कार्य की नींव रखी और शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने बताया कि करीब 2.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस पार्क में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कैफेटेरिया, स्वयं सहायता समूहों के लिए आउटलेट सहित कई सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इन आउटलेट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर आजीविका के साधन बढ़ेंगे। विधायक ने कहा कि नेचर पार्क को क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी इस स्थल की ओर आकर्षित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इंदौरा विधानसभा क्षेत्र को मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के सुधार और सुदृढ़ीकरण के कार्य चल रहे हैं। बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 85 नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं और विद्युत लाइनों को बदला जा रहा है। जल शक्ति विभाग के माध्यम से भी लगभग 75 करोड़ रुपए के विकास कार्य किए जा रहे हैं। विधायक ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी पंचायतों में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने की बात कही। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बीपीएल परिवार देंगे ट्रांसजेंडर को 1100 और अन्य 2100 रुपए की सम्मान राशि



अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह के भेड़ूमहादेव क्षेत्र की सांबा पंचायत में सोमवार को नवगठित पंचायत की पहली ग्राम सभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत प्रधान संजय गुलेरिया ने की।

ग्राम सभा में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें यह निर्णय भी शामिल रहा कि यदि किसी शुभ अवसर पर ट्रांसजेंडर पंचायत क्षेत्र में आते हैं तो बीपीएल परिवार उन्हें 1100 रुपए तथा अन्य परिवार 2100 रुपए सम्मान स्वरूप प्रदान करेंगे। बैठक की शुरुआत में पंचायत सचिव सतीश कुमार ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का ग्रामीणों से परिचय करवाया। ग्राम सभा में जिला परिषद सदस्य एवं अध्यक्ष अनुपमा कुमारी तथा पंचायत समिति सदस्य निक्का राम ने भी भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जनहित के कार्यों में वे हमेशा उनके साथ रहेंगे। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे युवाओं को नशे, विशेषकर चिट्टे जैसी घातक लत से बचाने के लिए उन पर सतर्क निगरानी रखें। अनुपमा ने क्षेत्र में बढ़ रहे पीलिया के मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों से उबला हुआ पानी पीने और संतुलित आहार अपनाने का आग्रह किया। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और विकास संबंधी मांगें भी रखीं। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजपूत कल्याण सभा ने भेंट किया वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के समीप डुग्घा स्थित नर्देश्वर महादेव मंदिर में राजपूत कल्याण सभा और महासभा की ओर से वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर धार्मिक और सामाजिक दायित्व निभाते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा ने सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही राजपूत समाज को एकजुट होकर समानता और सामाजिक अधिकारों के लिए मजबूती से आगे बढ़ने का आह्वान किया। उपस्थित सदस्यों ने जनसेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1179 में जुलाई सत्र 2026 के लिए नवीन प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। केंद्र के को-ऑर्डिनेटर प्रो. रविकांत ने बताया कि स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पंजीकृत विद्यार्थी अगली कक्षा के लिए ऑनलाइन पुनः पंजीकरण करवा सकते हैं। बीए, बीकॉम, पर्यटन अध्ययन, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, खाद्य एवं पोषण सहित कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए केंद्र के दूरभाष 01972-232788 पर संपर्क किया जा सकता है।

### स्कूल बैग वजन घटाने के फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के स्कूल बैग का वजन उनके शरीर के वजन के 10 प्रतिशत तक सीमित करने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भारी बैग से बच्चों के कंधों और रीढ़ पर पड़ने वाले दबाव को कम करने में यह निर्णय सहायक होगा। डॉ. वर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए अभिभावकों व शिक्षकों से सहयोग की अपील की।

### अक्षत का डब्ल्यूटीओ यंग ट्रेड लीडर्स 2026 में चयन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के युवा छात्र अक्षत शर्मा का चयन विश्व व्यापार संगठन के प्रतिष्ठित यंग ट्रेड लीडर्स 2026 कार्यक्रम के लिए हुआ है। विश्वभर से चयनित सात युवाओं में अक्षत भी शामिल हैं। वह एनएससीबीएम राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में बीसीए के छात्र हैं। अक्षत ने सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और महाविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को दिया। प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने उनकी उपलब्धि को जिले और प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताया। अक्षत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं।

### भारतीय ग्राम सुधार सभा बकारटी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय ग्राम सुधार सभा बकारटी ने गांव की समस्याओं को लेकर लिए अहम फैसलेभारतीय ग्राम सुधार सभा बकारटी की बैठक प्रधान सोम दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गांव की समस्याओं पर चर्चा कर विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। सभा ने राशन, खाद और बीज के लिए गांव में सब डिपो खोलने, शामलात भूमि पर पौधारोपण, क्षतिग्रस्त बावड़ी के पुनर्निर्माण, बिजली लाइनों की मरम्मत और मोक्ष धाम के अधूरे कार्यों को पूरा करवाने की मांग उठाई। सभा ने रखरखाव कार्यों के लिए प्रत्येक घर से 100 रुपए सहयोग राशि लेने का निर्णय भी लिया।

# 10 करोड़ से बिझड़ी-बल्ला सड़क तैयार लेकिन 30 मीटर ने रोकी विकास की रफ्तार

## निजी विवाद में फंसी जनसुविधा, अधूरी सड़क से परेशान क्षेत्रवासी, प्रशासन से मांगा समाधान

अनंत ज्ञान





**एसके ठाकुर, बड़सर।** बिझड़ी-संधियां दा टियाला-बल्ला सड़क लगभग बनकर तैयार हो गई है, लेकिन कोहला गांव में करीब 30 मीटर का हिस्सा अब भी अधूरा बचा हुआ, जिसने गति की रफ्तार रोक दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक परिवार के मनमाने रवैये के कारण इस हिस्से पर बजरी नहीं डाली जा रही, जबकि उनके अनुसार संबंधित भूमि सरकारी है। सड़क निर्माण के लिए कई लोगों ने अपनी निजी मलकियत भूमि भी दान की, लेकिन वह भी बेकार साबित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे समाधान की उम्मीद में डीसी और एसडीएम कार्यालयों के कई चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल गोलमोल जवाब मिले। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की परियोजना महज 30 मीटर के कारण अधूरी पड़ी है और प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने में अब तक सफल नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का शीघ्र समाधान कर सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को इस महत्वपूर्ण सड़क का पूरा लाभ मिल सके। कहते हैं सड़के किसी भी राष्ट्र के विकास की जीवन रेखाएं होती है लेकिन यहां कुछ लोग अपना प्रेस्टीज इश्यू के चलते सड़क के कुछ हिस्से को रोक कर बैठे हैं की निजी भूमि में सड़क नहीं बनने देंगे। अब सवाल यह भी खड़ा होता है की सरकार सड़के अपने लिए नहीं बनती है बल्कि लोगों को घर द्वार सड़क सुविधा मिले इसी दिशा में सरकार बेहतर सड़क निर्माण के लिए वचनबद्ध होती है, परंतु कई जगह पर लोग कुछ हिस्सों पर सड़क बने से रोकने पर उतारू हो जाते हैं जिससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में जब एसडीओ पीडब्ल्यूडी राजीव शर्मा से बात हुई तो उनका कहना था की कोहला के पास 30 मीटर के करीब सड़क मार्ग पर स्टे हो रखा है इसलिए वहां पर कोई कार्य नहीं हो पा रहा है।

# नगर पंचायत भोटा में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को दिलाई शपथ



एसडीएम स्वाति ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को दिलाई शपथ।

अनंत ज्ञान

**भोटा।** नगर पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरोज कुमारी और उपाध्यक्ष बलदेव धीमान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह में नगर पंचायत के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए नगर पंचायत के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर कांग्रेस उम्मीदवार सुभाष डडवालिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, हिमाचल प्रदेश व्यापार मंडल प्रकोष्ठ के सदस्य सुशील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शरण प्रसाद, व्यापार मंडल प्रधान सनी शर्मा सहित कांग्रेस नेता देशराज शर्मा और डॉ. मोहन भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे नगर पंचायत क्षेत्र के विकास, स्वच्छता और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। समारोह सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# चतुर्थ श्रेणी के तबादले कर भड़ास निकाल रहे 'फसली बटेर', बीडीसी चुनाव भी जान-बूझकर लटकाए: भाजपा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो हमीरपुर/सुजानपुर।** भाजपा मंडल टौणीदेवी-बमसन के अध्यक्ष विक्रम राणा और सुजानपुर के अध्यक्ष जसवंत सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर कड़े सवाल खड़े किए हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश ब्लॉकों में बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव पूरे हो चुके हैं, लेकिन सुजानपुर और टौणीदेवी ब्लॉकों में चुनाव लटकाकर सरकार ने लोकतंत्र का अपमान किया है। वहीं पंचायत चुनाव में करारी हार से बौखलाई सरकार अपने 'फसली बटेरों' की मिलीभगत से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तबादलों से अपनी खुन्नस निकाल रहे हैं। यह कैसी सरकार है जो चुने हुए प्रतिनिधियों को ही उनके हक से महरूम रख रही है। पंचायतों को मजबूत करने के भाषण तो बड़े-बड़े दिए जाते हैं, पर धरातल पर प्रतिनिधियों का अपमान रोज का काम है। पहले चुनाव गर्मी तक लटकाए, अब चुनाव के बाद भी बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव की तारीख नहीं। प्रदेश के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। सुजानपुर जैसे कुछ विशेष क्षेत्रों को टारगेट कर विकास को फ्रीज कर दिया गया है। जब जनप्रतिनिधि की ही सुनवाई नहीं, तो जनता का काम कौन करेगा? बीडीसी चुनाव लटकाकर पंचायती राज का मजाक उड़ाया जा रहा है। सबसे शर्मनाक ये है कि पंचायत चुनाव के बाद वो 'लॉबी' सरकार में सक्रिय हो गई हैं। जिनकी अपने घर-परिवार में कोई सुनवाई नहीं होती, वो आज सरकार की नाकामी छिपाने के लिए चतुर्थ श्रेणी के तबादलों का ठेका चलाने लगे हैं। ये वो अवसरवादी लोग हैं जो न किसी पार्टी के हैं और न ही जनता के। ऐसे लोगों को वर्तमान सरकार ने अपनी गोदी में बिठाया है, जो कांग्रेस की सत्ता नाव में छेद कर उतर जाएंगे।

◆ **सुजानपुर और टौणीदेवी ब्लॉकों को ही क्यों टारगेट कर रही सरकार?**

### माकपा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, जनहित मुद्दों के समाधान की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला समिति हमीरपुर के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग की। पार्टी ने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध करवाने, फॉल आर्मीवर्म से प्रभावित फसलों के लिए दवाइयां और मुआवजा देने की मांग उठाई। साथ ही बंद बस रूट बहाल करने तथा आवारा पशुओं और कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

# एनआईटी में रिसर्च ट्रांसलेशन और स्टार्टअप इनिशियलाइजेशन पर एफडीपी शुरू

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में रिसर्च ट्रांसलेशन और स्टार्ट-अप इनिशियलाइजेशन विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 13 से 17 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, डिजाइन थिंकिंग और शैक्षणिक शोध को बाजार उपयोगी उत्पादों में बदलने की दिशा में कार्य करना है।



एक हफ्ते के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के शुभारंभ पर मौजूद गणमान्य।

उद्घाटन सत्र में आईआईटी रोपड़ के प्रोफेसर आहूजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रयोगशालाओं में होने वाले शोध को सफल उत्पादों में बदलने के लिए अकादमिक संस्थानों और उद्योगों के बीच मजबूत सहयोग आवश्यक है। उन्होंने एनआईटी हमीरपुर और कार्यक्रम संयोजक डॉ. पमिता अवस्थी के प्रयासों की सराहना की। संस्थान के निदेशक ने बताया कि एनआईटी हमीरपुर विद्यार्थियों और फैकल्टी में उद्यमिता की सोच विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने इनक्यूबेशन, मेंटरिंग और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के माध्यम से स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पमिता अवस्थी ने बताया कि एफडीपी में देशभर के तकनीकी संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और पॉलिटेक्निक संस्थानों से 55 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें ट्रांसलेशनल रिसर्च, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, वैलिडेशन, कमर्शियलाइजेशन रणनीति, कंपनी निर्माण और स्टार्टअप इकोसिस्टम जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं और शोधकर्ताओं को उद्यम शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना है, ताकि वे नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन सकें। उद्घाटन समारोह में संस्थान के डीन, रजिस्ट्रार, फैकल्टी सदस्य और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल भोरंज 15 से 20 जुलाई तक चलाएगा पौधरोपण अभियान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भाजपा मंडल भोरंज खास अध्यक्ष अशोक ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के उपरांत संगठन द्वारा निर्धारित पौधरोपण अभियान के सफल आयोजन के लिए ग्राम केंद्र एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रम प्रभारियों तथा मुख्य वक्ताओं की नियुक्ति की गई है।

15 जुलाई से 20 जुलाई तक मंडल के विभिन्न ग्राम केंद्रों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएगा। प्रत्येक कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरुकता का संदेश देंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जुलाई को 11 बजे ग्राम केंद्र रथवानी से होगाा। यहां पर कार्यक्रम प्रभारी दिनेश ठाकुर का बनाया गया है तथा मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर होंगे। इसी दिन 1 बजे पट्टा में कार्यक्रम होगी। इसके लिए पूर्व प्रधान गीता देवी को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है और राकेश ठाकुर जिलाध्यक्ष मुख्य वक्ता होगी। इसके अलावा 3 बजे लदरौर कार्यक्रम के लिए सुभाष सोनी कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है और जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर मुख्य वक्ता होंगे। 16 जुलाई को 11 बजे महल में योगराज को कार्यक्रम प्रभारी, 1 बजे खरवाड़ में मदन कौशल कार्यक्रम प्रभारी, और 3 बजे जख्योल में अंजना ठाकुर को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। तीनों कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान मुख्य वक्ता होंगे। 17 जुलाई को 11 बजे खुथड़ी कार्यक्रम के लिए पंकज शर्मा कार्यक्रम प्रभारी, 1 बजे कडोहता कार्यक्रम के लिए कर्नल अशोक को कार्यक्रम प्रभारी और 3 बजे मुंडखर में होने वाले कार्यक्रम के लिए सुरेंद्र धीमान को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। तीनों कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री कमलेश कुमारी मुख्य वक्ता होगी। 18 जुलाई को 11 बजे तरक्वाड़ी कार्यक्रम में मंजू विजय को कार्यक्रम प्रभारी, 1 बजे भोरंज कार्यक्रम के लिए सुनील कुमार कार्यक्रम प्रभारी लगाया गया है जबकि 3 बजे लझयाणी कार्यक्रम में राजीव शर्मा को कार्यक्रम प्रभारी लगाया गया है। इन कार्यक्रमों में प्रदेश वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ संयोजक देवराज शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों के मंडल प्रभारी प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक राजकुमार रहेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पौधारोपण अभियान को सफल बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

◆ **ग्राम केंद्र प्रभारी और मुख्य वक्ता किए नियुक्त**

### नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के गणित विभाग द्वारा बीएससी प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कानगो ने प्राचार्य का स्वागत किया और विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। उन्होंने महाविद्यालय की समितियों, पुस्तकालय सुविधाओं और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी एक वर्ष बाद सर्टिफिकेट, दो वर्ष बाद डिप्लोमा और तीन वर्ष बाद डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।

# मानसून सीजन में जान-माल की रक्षा के लिए रहें सतर्क: सुरेश

## विधायक ने आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सोमवार को यहां हमीर भवन में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके मानसून सीजन के दौरान किसी भी तरह की आपदा से बचाव के प्रबंधों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जन-माल की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



हमीर भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते विधायक सुरेश कुमार।

उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी अधिकारी 24 घंटे अलर्ट रहें और अपने मोबाइल फोन भी ऑन रखें। विधायक ने भूस्खलन, जलभराव, सड़क अवरोधन तथा अन्य संभावित आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने और राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे और सरकारी एवं निजी भवनों के आस-पास खतरनाक पेड़ों की पहचान करके इन्हें तुरंत हटाया जाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग सड़कों की नालियों एवं जल निकासी के स्थानों की नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करे। जल शक्ति विभाग सभी पेयजल योजनाओं के स्रोतों एवं पाइपलाइनों को दुरुस्त रखे और किसी भी क्षेत्र में संकट उत्पन्न होने पर त्वरित कदम उठाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों और अन्य जरूरी संसाधनों का पर्याप्त भंडारण बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही आपात परिस्थितियों के लिए तिरपाल, कंबल एवं अन्य राहत सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। सुरेश कुमार ने अधिकारियों से कहा कि अगर कोई क्षेत्र किसी आपदा से प्रभावित होता है तो वहां राहत एवं पुनर्वास के लिए तुरंत समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित स्थानों पर राहत शिविरों स्थापित करने के साथ-साथ वहां पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। राजस्व विभाग के फील्ड कर्मचारी मॉनसून के दौरान होने वाले हर छोटे-बड़े नुकसान की रिपोर्ट तुरंत जिला प्रशासन को भेजें, ताकि प्रभावित लोगों को राहत एवं मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। बैठक में उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने मॉनसून सीजन के लिए किए गए आवश्यक प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एसपी बलबीर सिंह, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रबंधों से अवगत करवाया।

**कैंप** विंग कमांडर कुणाल शर्मा के नेतृत्व में एनसीसी की एयरविंग का दस दिवसीय शिविर आयोजित

# एयर क्राफ्ट के मॉडल्स की उड़ानों से दिखाए करतब

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के परिसर में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-223) के प्रतिभागी कैडेटों ने एयरो मॉडलिंग का रोमांचकारी प्रदर्शन किया।

शिविर के कमांडेंट एवं 1एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर कुणाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस एयरोमॉडलिंग डिस्प्ले के दौरान जूनियर डिवीजन के कैडेटों ने विभिन्न प्रकार के स्टैटिक एयरोमॉडल्स की प्रभावशाली प्रदर्शनी प्रस्तुत की।

इस प्रदर्शनी में डीएवी मंडी, डीएवी मौहल, केंद्रीय विद्यालय रामशिला, डीएवी लक्कड़ बाजार (शिमला), डीएवी मनाली,



एनसीसी कैडेटों ने स्वयं निर्मित ड्रोन एवं रेडियो नियंत्रित विमान का रोमांचक हवाई प्रदर्शन

सीआईएस कुल्लू तथा एलएमएस कलैहली के कैडेटों ने अपनी तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता एवं नवाचार का उत्कृष्ट परिचय दिया। इसके अलावा गवर्नमेंट कॉलेज कुल्लू और आईआईटी मंडी के सीनियर डिवीजन कैडेटों ने कंट्रोल लाइन एयरक्राफ्ट मॉडल का सफल एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं कैडेटों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कैडेटों द्वारा स्वयं निर्मित ड्रोन एवं रेडियो नियंत्रित (आरसी) विमान का रोमांचक हवाई प्रदर्शन रहा।

इस शानदार एयर शो का तकनीकी संचालन एयरोमॉडलिंग प्रशिक्षक रेशमा के निर्देशन में किया गया, जबकि संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन एवं नेतृत्व शिविर के कमांडेंट विंग कमांडर कुणाल शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों ने कैडेटों की तकनीकी दक्षता, नवाचार, अनुशासन, टीम भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। एयरोमॉडलिंग गतिविधियों ने कैडेटों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, विमानन एवं नवाचार के प्रति रुचि को नई दिशा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं तकनीकी क्षमताओं को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर निश्छल शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन, एयरोमॉडलिंग प्रशिक्षक रेशमा, पीआई स्टाफ, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी तथा केयरटेकर अधिकारियों ने कैडेटों का सतत मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर के कमांडेंट विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने कहा कि यह आयोजन एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' की भावना को साकार करने वाला सिद्ध हुआ। साथ ही इसने युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल, नवाचार एवं राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# परमार्थ कॉलेज ऑफ नर्सिंग का शुभारंभ, विधायक रणजीत बोले- नर्सिंग मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने परमार्थ कॉलेज ऑफ नर्सिंग ककरियार के शुभारंभ समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार एवं संस्थान के चेयरमैन सुनील कुमार बिट्टू ने विधायक का पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह रहे मुख्यातिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया तथा संस्थान की स्थापना के उद्देश्य, सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर आधुनिक प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की सराहना की। विधायक ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य समाज की प्रगति के प्रमुख आधार हैं। नर्सिंग केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मियों की मांग लगातार बढ़ रही है और ऐसे संस्थान युवाओं, विशेषकर बेटियों को बेहतर शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक सुविधाओं से युक्त संस्थान उपलब्ध करवाकर आत्मनिर्भर बनाना है। चेयरमैन सुनील कुमार बिट्टू ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा देकर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सक्षम बनाना है। समारोह में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया, एचपी स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन अजय शर्मा, संस्थान प्रबंधन, शिक्षक, विद्यार्थी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव में पंचायत समिति की अध्यक्ष पूजा और उपाध्यक्ष पार्वती को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, महादेव।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत ग्राम पंचायत महादेव के हॉल में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों के बीच में पंचायत समिति अध्यक्ष पूजा कुमारी एवं उपाध्यक्ष पार्वती देवी को बल्ह की उपमंडलाधिकारी (नागरिक)स्मृतिका नेगी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर खासतौर पर उपस्थित अन्य व्यक्तियों के बीच धनोटू के खंड विकास अधिकारी मनमोहन शर्मा व पंचायत निरिक्षक गोवर्धन चौहान ने भी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पुनः बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

### धनोटू में श्रीमद्भागवत कथा 25 जुलाई से

**अनंत ज्ञान, महादेव।** कारगिल शहीद राजेश कुमार चौहान धनोटू चौक से सटे मैदान में यानि राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21से सटे मैदान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 25जुलाई से लेकर 1अगस्त तक किया जाएगा।हर वर्ष की भांति इस बार भी जय लखदाता पीर मंदिर समिति द्वारा आयोजित किए जा रहे इस धार्मिक कार्यक्रम के अनुसार कथा वाचक आचार्य रजनीश शर्मा (हमीरपुर वाले) इस धार्मिक कथा की अमृतवर्षा दोपहर 2बजे से लेकर शाम 5बजे तक करेंगे। शुभारंभ के शुभ अवसर पर कलश यात्रा 25जुलाई को सुबह 11बजे और आरती प्रतिदिन 8बजे इस प्रकार भजन संध्या रात्रि 8बजे से लेकर 10 बजे तक वहीं पूर्णाहुति 1अगस्त को 10बजे होगी तदोपरांत दिन- रात का भंडारा दोपहर 1बजे से शुरू किया जाएगा।

### नशे के विरुद्ध छेड़ा पंपलेट अभियान

**अनंत ज्ञान, जय देवी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महादेव व्यापार मंडल द्वारा नशे के विरुद्ध पंपलेट अभियान चलाया गया है, जिसके अनुसार सब व्यापारी साथियों से अनुरोध किया गया है कि सभी व्यापारी साथी स्थानीय जनता व युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। चिट्टा जैसा खतरनाक एवं जानलेवा नशे सहित अन्य मादक पदार्थों का युवा पीढ़ी आदि को दीमक की तरह चट करने वाले वर्तमान नशे की गंदी प्रवृत्ति वाले दौर को लेकर चिंतित हुआ महादेव व्यापार मंडल भी अपनी आवाज बुलंद कर नशे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम में शामिल हो गया है। महादेव व्यापार मंडल द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम के अंतर्गत कामाक्षा माता मंदिर जय देवी के प्रांगण में सम्पन्न हुई कार्यसमिति की बैठक बैठक में माता देवी शक्ति के समक्ष शपथ लेकर यह निर्णय लिया गया है कि सभी यानि महादेव व्यापार मंडल के व्यापारी एकजुट होकर नशे को समाप्त करके ही दम लेंगे ताकि अगली पीढ़ी सुरक्षित रह सके।

### धनोटू में आड़े-तिरछे खड़े वाहन लगा रहे जाम

**अनंत ज्ञान, मनोज सोनी, नेरचौक।** नाचन विधानसभा क्षेत्र का जंक्शन प्वाइंट कहलाने वाले धनोटू चौक यानि राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21पर चलते चलते गाड़ियों के अचानक खड़ा हो जाने यानि बसों के निर्धारित स्थान पर खड़ा न करके मार्ग पर ही खड़ा कर देने से जाम लगने की नौबत आ जाती है वहीं संपर्क मार्गो के एक बड़े भाग पर भी वाहनों के आड़े तिरछे लगाए जाने से भी अक्सर लंबा जाम लगना आम हो गया है। ऐसी स्थिति यातायात के नियमों का पालन करने वाले वाहन चालक परेशान हो रहे हैं जबकि आड़े तिरछे खड़े करने वाले सरेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बुद्धीजीवी लोगों ने स्थानीय प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि जाम की समस्या का शीघ्र हल निकाला जाए।

### धनोटू सब्जी मंडी के पास खंभे में लगी आग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू सब्जी मंडी स्थित ट्रांसफार्मर के खंभे के एक हिस्से में सोमवार सुबह अचानक आग लगने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घंटों तक बाधित रही। विद्युत अनुभाग धनोटू के अंतर्गत आने वाले कई उपभोक्ताओं को सुबह अचानक बिजली गुल होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्य दिवस होने के कारण सरकारी कर्मचारियों, दुकानदारों तथा अन्य उपभोक्ताओं के दैनिक कार्य भी प्रभावित हुए। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और खराबी को दूर करने का कार्य शुरू किया। इस संबंध में धनोटू के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर के खंभे पर लगे एलए में अचानक आग लग गई थी, जिसे समय रहते ठीक कर दिया गया है। खराबी दूर होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी गई।

# कुर्सी बचाने को मंत्रियों का अपमान करने से भी गुरेज नहीं कर रहे सीएम : जयराम

## कहा- सुक्खू की कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता के साथ अब मंत्री-विधायक भी निराश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विपाशा सदन मंडी में आयोजित द्रंग विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को सम्मानित किया, उनसे शिष्टाचार भेंट की और उन्हें नवीन दायित्वों के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त होकर 17 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिनका जयराम ठाकुर ने स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सभी जनप्रतिनिधि संगठन की विचारधारा तथा जनसेवा के संकल्प के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास व जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के नाते मिले दायित्व को सभी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे, क्योंकि इस चुनाव के लिए भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट तक लंबी लड़ाई लड़ी है, जबकि कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने लोकतंत्र को कुचलने और आठ महीने तक कामकाज रोकने का काम किया है।



नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शिरकत करते पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में 70 प्रतिशत जनप्रतिनिधि भाजपा के जीते हैं और जनता ने पंचायत चुनावों के माध्यम से कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनादेश दिया है, जिसका चार साल का कार्यकाल पूरा होने के साथ ही अब उतराई का समय शुरू हो चुका है और लोग भाजपा सरकार की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बाद में मीडिया से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के कामकाज से जनता के साथ-साथ उनके अपने मंत्री और विधायक भी हताश व निराश हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री न तो उपमुख्यमंत्री की सुनते हैं और न ही मंत्रिमंडल के सहयोगियों की।

उन्होंने शिक्षा मंत्री को द्रंग के देऊरी स्कूल में उद्घाटन करने से रोके जाने की घटना को चुने हुए जनप्रतिनिधि का घोर अपमान बताते हुए कहा कि अपनी कुर्सी बचाने और हाईकमान को खुश करने के लिए मुख्यमंत्री मंत्रियों का अपमान करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं, और ऐसी जलालत झेलने से अच्छा तो मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए था। अंत में उन्होंने आश्वासन दिया कि द्रंग और सराज को उन्होंने हमेशा एक माना है और द्रंग के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। फिलहाल प्रतिनिधि केंद्र के बजट से काम चलाएं और 2027 में भाजपा सरकार बनते ही दोगुनी रफ्तार से विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

इस ऐतिहासिक अवसर पर विधायक पूर्ण चंद, भाजपा महामंत्री पायल वैद्य, जिला प्रभारी बलदेव भंडारी, पूर्व विधायक बलदेव तोमर, ज्योति कपूर, निर्मल वर्मा, इंदर ठाकुर, राज ठाकुर, मेहर चंद भारती, राजबली, रोशन लाल, चंपा देवी, दीपक शर्मा, पार्वती देवी, संजय कुमार, सुनीता और चूड़ामणि ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शील्ह के पास खराब हुई एचआरटीसी बस



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की सरकाघाट-मंडी बस सोमवार को शील्ह के समीप अचानक तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते में रुक गई। बस में सवार यात्रियों को करीब तीन घंटे तक सड़क पर परेशानी झेलनी पड़ी। यात्रियों की परेशानी की सूचना मिलते ही कोट वार्ड की जिला परिषद सदस्य सुष्मिता शर्मा तुरंत सक्रिय हुईं। उन्होंने एचआरटीसी के सरकाघाट क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) से दूरभाष पर बात कर स्थिति से अवगत कराया और यात्रियों के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। सुष्मिता शर्मा के हस्तक्षेप के बाद एचआरटीसी प्रबंधन ने तुरंत दूसरी बस मौके पर भेजी। इसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित मंडी के लिए रवाना किया गया। सुष्मिता शर्मा ने कहा कि आम जनता की सुविधा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने एचआरटीसी से आग्रह किया कि बसों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में यात्रियों को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

◆ **जिप सदस्य सुष्मिता के प्रयासों से यात्रियों को दूसरी बस से भेजा**

### आईटीआई सुंदरनगर में हुए कैंपस इंटरव्यू में 29 अभ्यर्थियों का चयन



अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरनगर में नाहर स्पिनिंग मिल्स लि. लालरू द्वारा कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया गया। इस दौरान कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एचआर) इंदरजीत सिंगला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) संजीव गुप्ता, जसपाल सिंह तथा विद्या सागर ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया। चयन अभियान के दौरान इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फिटर, वेल्डर तथा सिलाई तकनीक ट्रेड के प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विभिन्न ट्रेडों से कुल 29 अभ्यर्थियों का चयन नाहर स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, लालरू के लिए किया गया। संस्थान के प्राचार्य विजय कुमार एवं प्रशिक्षण अधिकारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कंपनी का आभार व्यक्त किया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को उद्योग जगत में उपलब्ध रोजगार एवं कैरियर विकास के अवसरों की जानकारी दी और उन्हें अपने कौशल का बेहतर उपयोग कर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

# संधोल में हजारों लोगों ने निकाली विरोध रैली

## रैली में पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह और धर्मपुर से प्रत्याशी रहे रजत ठाकुर भी हुए शामिल

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन सोमवार को 16वें दिन असोमवार को ऐतिहासिक मोड़ पर पहुंच गया है। इस महाजन आंदोलन के समर्थन में निकाली गई विशाल रैली में करीब चार हजार लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रैली लक्ष्मी नारायण मंदिर तक निकाली गई, जिसमें लोगों की भारी भीड़ के चलते धरना स्थल से मंदिर तक मानो सड़क थम सी गई। रैली की सबसे विशेष बात यह रही कि 85 से 90 वर्ष तक के बुजुर्ग भी लाठी के सहारे और 5 से सात साल के बच्चे भी इसमें शामिल हुए और अपने स्वास्थ्य अधिकारों के समर्थन में आवाज बुलंद की। महिलाओं, युवाओं, किसानों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों की बड़ी भागीदारी ने आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। रैली में टिहरा से पूर्व में पार्षद भूपेंद्र सिंह, भाजपा के पूर्व में धर्मपुर से प्रत्याशी रजत ठाकुर भी समर्थन देने पहुंचे । भूपेंद्र सिंह ने कहा कि संधोल क्षेत्र की जनता लंबे समय से पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में भी आंदोलन के दौरान स्थानीय विधायक ने 100 दिनों के भीतर स्त्री रोग विशेषज्ञ और आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन 930 दिन बीतने के बाद भी वादा पूरा नहीं हुआ।



संधोल में विरोध रैली निकालते लोग।

उन्होंने कहा कि इसी कारण पिछले 15 दिनों से क्षेत्र की जनता, विशेषकर युवा और महिलाएं, आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले आमरण अनशन शुरू करने की योजना थी, लेकिन विधायक द्वारा 10 दिन का समय मांगे जाने के बाद फिलहाल क्रमिक अनशन जारी रखने का निर्णय लिया गया।

**महिलाओं ने भी संभाली क्रमिक अनशन की कमान**

**हजारों** लोगों की रैली के बाद महिलाओं ने क्रमिक अनशन की कमान संभाल ली और सात महिलाएं अनशन पर बैठीं। भूपेंद्र सिंह ने वर्तमान और पूर्व सरकारों पर संधोल क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल का भवन बनने के बावजूद चिकित्सकों और प्रयोगशाला सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलन में उमड़ी भारी भीड़ को उन्होंने क्षेत्र की जनता की एकजुटता का प्रतीक बताया।

### ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर

# पोलिंग व स्वाड़ को जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी की पोलिंग और स्वाड़ पंचायतों को जोड़ने वाला छेरना-पोलिंग पैदल पुल क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है। लगभग 20 वर्ष पूर्व लंबाडग नदी पर बने इस लोहे के पुल के एक ओर का हिस्सा गत वर्ष हुई भारी बारिश में पूरी तरह बह गया था। पुल के पिलर अभी सुरक्षित हैं, लेकिन एक तरफ करीब दस मीटर भूमि बह जाने से गहरी खाई बन गई है, जिससे पुल तक पहुंचना बेहद खतरनाक हो गया है।

ग्रामीणों ने अस्थायी व्यवस्था के रूप में पिलर के सहारे लोहे की सीढ़ी लगाई है, जिसके माध्यम से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी जोखिम उठाकर आवागमन कर रहे हैं। पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष प्रीति ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य श्याम सिंह, पूर्व प्रधान गुड्डी देवी, वार्ड सदस्य कालू राम और प्रवीण कुमार ने बताया कि नदी पार करने का कोई दूसरा रास्ता उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बैजनाथ के विधायक तथा लोक निर्माण विभाग से पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुआ पोलिंग व स्वाड़ को जोड़ने वाला छेरना-पोलिंग पुल।

◆ **भारी बारिश से पुल का एक हिस्सा बहा, लोगों ने तत्काल मरम्मत की उठाई मांग**

### बरोट में रिक्त पद भरने के लिए पंचायत में प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की ग्राम पंचायत बरोट में आयोजित ग्रामसभा की बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता पंचायत प्रधान हीना देवी ने की, जिसमें पंचायत के सात गांवों से करीब 250 महिला-पुरुष शामिल हुए। ग्रामसभा में बरोट पंचायत के सभी सरकारी संस्थानों तथा छोटाभंगाल घाटी स्थित राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में प्राचार्य, प्रधानाचार्य, प्राध्यापक और अध्यापकों के रिक्त पद शीघ्र भरने की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित कर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को भेजा गया। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट में एक वर्ष से रिक्त चिकित्सकों के पद भरने के लिए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल को भी प्रस्ताव प्रेषित किया गया। बैठक में एंटी चिट्टा अभियान, बाहरी फेरी वालों का पंजीकरण, पंचायत पुस्तकालय संचालन, वन अधिकार समिति का गठन, आपदा प्रबंधन, प्राकृतिक पेयजल स्रोतों के संरक्षण, प्लास्टिक एवं कूड़ा-कचरा निस्तारण तथा टिक्कन-बरोट सड़क पर गड्ढों में केवल मिट्टी डालने के बजाय गिट्टी डालकर स्थायी मरम्मत कराने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किए गए। प्रधान हीना देवी ने पंचायतवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। बैठक में पंचायत सचिव श्रवण कुमार, बीडीसी अध्यक्षा सुनीता देवी, उपप्रधान राजकुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तमरोह में 20 दिन से पेयजल आपूर्ति न होने से मचा हाहाकार

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** दयारगी पंचायत के गांव तमरोह में लगभग बीस दिनों से पेयजलापूर्ति ठप पड़ी है। यानी नल सूखे पड़े हैं और लोगों को कठिन परिस्थितियों में लगभग दो किलोमीटर दूर पंपहाउस से पानी कंधे पर ढोकर लाना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग अपने नाम के अनुरूप काम न कर यानी सुस्त कार्यप्रणाली वाला रवैया अपनाए हुए है जिससे नियमित जलापूर्ति प्रभावित पड़ी है।

पेयजल के खड़े इस संकट से जूझते लोगों ने संबंधित विभाग को भरी बरसात में कई बार इस संकट से अवगत करवाया, मगर विभाग अभी तक जल सुविधा देने में गंभीर नहीं हो पाया है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पानी संकट से बेहाल -प्रभावितों में दलीप न्यूज पेपर एजेंसी के भिखम राम, वार्ड सदस्य किरणा देवी, चुनी, लाल पराशर, प्रेम दास, चिंत राम, रूप लाल, लूदरमणी,टेक चंद, निर्मला देवी, महिला मंडल तमरोह की प्रधान केसरु देवी आदि ने पेयजलापूर्ति सुचारु करने को लेकर डीसी मंडी से अपनी पुरजोर मांग में कहा है कि वर्तमान समय में पानी की बहुत खपत होती है और यह कैसा लापरवाह विभाग है जो पानी की जरूरत यानी जल ही जीवन है से करीब तीन सप्ताह से आंखें फेरकर लापरवाह हालत में कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। उन्होंने मांग की कि विभाग की कार्यप्रणाली चुस्त-दुरुस्त बनाते हुए शीघ्र ही पेयजलापूर्ति को सुचारु बनाया जाए।

◆ **गांववासियों ने पेयजल की आपूर्ति बहाल करवाने के लिए डीसी से लगाई गुहार**

### जिला खेल कल्याण योजना के तहत 31 जुलाई तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला खेल परिषद, मंडी द्वारा जिला खेल कल्याण योजना 2026-27 के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है, जिसमें उन्हें दो हजार रुपए प्रतिमाह डाइट मनी और खेल उपकरणों के लिए 10 हजार रुपए वार्षिक दिए जाते हैं। परिषद के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि जिन खिलाड़ियों ने वर्ष 2025-26 में किसी भी मान्यता प्राप्त खेल स्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण या रजत पदक जीता है, वे इस योजना के पात्र होंगे।

पात्र खिलाड़ी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पूर्ण दस्तावेजों जैसे कि खेल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आईआरडीपी, बीपीएल, एससी, एसटी प्रमाण पत्र सहित 31 जुलाई तक जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना केवल 20 जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए है तथा प्रति खेल संघ से अधिकतम दो खिलाड़ी ही चुने जाएंगे। अधिक आवेदन आने पर आईआरडीपी, बीपीएल, एससी, एसटी और एशियन व ओलंपिक खेलों के को प्राथमिकता दी जाएगी। खिलाड़ी को लाभ जारी रखने के लिए प्रतिमाह की रिपोर्ट देनी होगी तथा प्रतिवर्ष पदक जीतते रहना होगा। राजकीय अथवा केंद्र सरकार के किसी भी खेल छात्रावास में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी इस योजना के लिए आवेदन नहीं दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी के लिए खेल विभाग के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# आपदा से निपटने को सुंदरनगर में बनेगा कंट्रोल रूम

## एसडीएम ने सभी विभागों को संसाधन व कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी तैयारी रखने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम अमर नेगी ने कहा कि भारी वर्षा, भूस्खलन, बादल फटने तथा नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि जैसी घटनाओं से जनजीवन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में सभी विभाग अपने संसाधन, मशीनरी एवं उपकरण हर समय तैयार रखें और जिम्मेदार अधिकारियों के संपर्क विवरण प्रशासन के साथ साझा करें। उन्होंने बताया कि एसडीएम कार्यालय में 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जिसका लैंडलाइन नंबर 01907-266001 होगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, जल शक्ति विभाग, नगर परिषद तथा पंचायती राज विभाग को नालों, कूहलों और नालियों की समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील मार्गों पर जेसीबी जैसी मशीनरी तैनात रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर सड़क सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध करने को कहा गया।



स्वास्थ्य विभाग को जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए पर्याप्त दवाइयों एवं चिकित्सा सामग्री का भंडारण, जल शक्ति विभाग को पेयजल टैंकों की नियमित सफाई तथा विद्युत विभाग को आपदा के समय विद्युत आपूर्ति बहाल रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दुर्गम क्षेत्रों में राशन की उपलब्धता तथा पेट्रोल पंपों पर ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम ने बीडीओ को पंचायत स्तर पर स्वयंसेवकों की टीम तैयार करने, हेलीकॉप्टर लैंडिंग के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने तथा ट्रैकिंग मार्गों पर सूचना एवं दिशा-सूचक बोर्ड लगाने को कहा। खनन विभाग को जोखिमपूर्ण एवं अवैध खनन स्थलों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी विभागों को अपना कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने, आवश्यक संसाधनों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने तथा किसी भी नुकसान की सूचना तत्काल प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रत्युष यूआईटी शिमला में बीटेक के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट के छात्र प्रत्युष शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (बीटेक) में प्रवेश प्राप्त किया है। प्रत्युष, विद्या प्रकाश के पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना ठाकुर और समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या ने कहा कि प्रत्युष की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय के चेयरमैन बलवंत बरारी ने भी प्रत्युष और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वह भविष्य में विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# तीन पंचायतों के लोग अब रियायती दरों पर कर सकेंगे मां बगलामुखी रोप-वे का उपयोग

## उपायुक्त ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत जारी किए आदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी अपूर्व देवगन ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 (क) के तहत बालीचौकी उपमंडल की कुकलाह व कशौड़ ग्राम पंचायत तथा गोहर उपमंडल की तांदी ग्राम पंचायत के बाखली वार्ड के निवासियों के आने-जाने की सुविधा बहाल रखने के दृष्टिगत रोप-वे के उपयोग संबंधी आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 13 जुलाई, 2026 से आगामी आदेशों तक प्रभावी हो गए हैं।



उपायुक्त ने एचपीआरटीडीसी द्वारा अधिसूचित स्थानीय रियायती किराए पर इन पंचायतों के स्थानीय निवासियों को पंडोह स्थित मां बगलामुखी रोप-वे का वैकल्पिक परिवहन साधन के रूप में उपयोग करने की अनुमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त बरसात में आपदा प्रबंधन के लिए भी रोप-वे का उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि मां बगलामुखी रोप-वे वर्तमान में इन क्षेत्रों के लिए सम्पर्क स्थापित करने का एकमात्र सुरक्षित व विश्वसनीय साधन है।

इसके दृष्टिगत स्थानीय आमजन के लिए रियायती किराए पर यह सुविधा प्रदान की जा रही है। अपूर्व देवगन ने बताया कि गत वर्ष 2025 में मानसून के दौरान भारी बारिश, भूस्खलन व अचानक आई बाढ़ की घटनाओं के कारण बालीचौकी उपमंडल की कुकलाह और कशौड़ पंचायत तथा गोहर उपमंडल की तांदी पंचायत के बाखली वार्ड के बीच सड़क संपर्क बाधित हो गए थे। उन्होंने बताया कि बालीचौकी और गोहर उपमंडल में इस मानसून सीजन, 2026 के दौरान भी उच्च जलस्तर के कारण प्रभावित क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था बाधित बनी हुई है। इससे आमजन तथा आवश्यक सेवाओं की आवाजाही प्रभावित हो रही है। उन्होंने रोप-वे ऑपरेटर और प्रबंधक एच.पी.आर.टी.डी.सी. को उपर्युक्त स्थानों में रियायती यात्रा की अनुमति देते समय स्थानीय निवासी प्रमाण की जांच करने व उसका उचित रिकॉर्ड रखने के भी निर्देश दिए हैं।

जैसे रात्रि के बाद भोर का आना या दुख के बाद सुख का आना जीवन चक्र का हिस्सा है वैसे ही प्राचीनता से नवीनता का सफर भी निश्चित है।
–भावना कुंअर

## संपादकीय

# सियासी बिसात और बम धमकियां

पंजाब की राजनीति एक बार फिर गर्म है। अगले विधानसभा चुनाव अभी कुछ समय दूर हैं, लेकिन राजनीतिक दलों ने चुनावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने अकाली दल से अलग होने के बाद पंजाब में अपने बलबूते सरकार बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसी उद्देश्य से संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर तेजी से काम हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 जुलाई का प्रस्तावित पंजाब दौरा इसी व्यापक राजनीतिक अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री इस दौरे के दौरान रेलवे सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसे राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा का प्रयास रहेगा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों के आधार पर पंजाब में अपने लिए राजनीतिक जमीन तैयार की जाए। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी अपनी सरकार के कार्यों के आधार पर सत्ता बचाने की कोशिश में जुटी है, जबकि कांग्रेस भी खोया जनाधार वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही है। ऐसे में पंजाब का राजनीतिक मुकाबला पहले से अधिक रोचक और बहुकोणीय दिखाई दे रहा है।

हालांकि, प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले राज्य के विभिन्न स्थानों पर बम होने की धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन को तुरंत अलर्ट मोड में आना पड़ा और कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाने पड़े। बाद में अधिकांश धमकियां झूठी साबित हुईं, लेकिन इससे यह सवाल और गंभीर हो जाता है कि आखिर बार-बार इस तरह की फर्जी धमकियां देने वालों का उद्देश्य क्या होता है? ऐसी घटनाओं का पहला उद्देश्य भय और असुरक्षा का वातावरण बनाना होता है। जब किसी राज्य में प्रधानमंत्री जैसे अति विशिष्ट व्यक्ति का दौरा होता है, तब सुरक्षा व्यवस्था स्वाभाविक रूप से सर्वोच्च स्तर पर रहती है। ऐसे समय में एक झूठी सूचना भी प्रशासन के हजारों कर्मचारियों को सक्रिय कर देती है। पुलिस, खुफिया एजेंसियां, बम निरोधक दस्ते और स्थानीय प्रशासन घंटों तक एक ऐसी सूचना पर संसाधन खर्च करते हैं, जो अंततः झूठी निकलती है। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि सुरक्षा एजेंसियों का ध्यान वास्तविक खतरों से भी भटक सकता है।

दूसरा पहलू राजनीतिक है। चुनावी माहौल में यदि किसी बड़े नेता के दौरे से पहले ऐसी घटनाएं होती हैं तो राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो जाते हैं। विपक्ष कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाता है, जबकि सत्तापक्ष इसे राजनीतिक साजिश बताने लगता है। परिणामस्वरूप असली मुद्दे-विकास, रोजगार, कृषि, उद्योग और कानून-व्यवस्था पीछे छूट जाते हैं और पूरा विमर्श सनसनी तक सीमित रह जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर ऐसे शातिर लोग पकड़ में क्यों नहीं आते? आज देश डिजिटल युग में प्रवेश कर चुका है।

मोबाइल फोन, इंटरनेट, सीसीटीवी कैमरे, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, आईपी एड्रेस ट्रैकिंग, साइबर फोरेंसिक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीकें जांच एजेंसियों के पास उपलब्ध हैं। इसके बावजूद बम की झूठी धमकी देने वाले कई मामलों में गिरफ्तारी से बच निकलते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि अपराधी फर्जी ई-मेल आईडी, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन), अस्थायी मोबाइल नंबर, विदेशी सर्वर या सार्वजनिक वाई-फाई का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी पहचान करना कठिन हो जाता है। कई बार धमकियां विदेशों से भेजी जाती हैं, जिनकी जांच में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पड़ती है।

इसके बावजूद यह भी सच है कि जांच एजेंसियों को अपनी साइबर क्षमताओं को और अधिक मजबूत करना होगा। यदि कुछ मामलों में त्वरित गिरफ्तारी और कठोर दंड सुनिश्चित हो जाए, तो ऐसे अपराधों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। वर्तमान में झूठी बम धमकियां केवल शरारत नहीं रह गई हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का गंभीर अपराध बन चुकी हैं। ऐसी फर्जी धमकियों का सामाजिक प्रभाव भी कम नहीं होता। स्कूल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और सार्वजनिक संस्थानों को खाली कराया जाता है। आम नागरिकों में भय का माहौल बनता है। व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और प्रशासन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है। कई बार लोग वास्तविक खतरे को भी अफवाह समझने लगते हैं, जो भविष्य में और अधिक खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है।

पंजाब में इस प्रकार की घटनाओं को सामान्य शरारत मानकर नहीं छोड़ा जा सकता। राज्य पहले ही आतंकवाद का कठिन दौर देख चुका है। इसलिए किसी भी सुरक्षा संबंधी सूचना को गंभीरता से लेना प्रशासन की मजबूरी भी है और जिम्मेदारी भी। प्रधानमंत्री का दौरा पूरी तरह सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पंजाब सरकार, पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त जिम्मेदारी है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### मध्य प्रदेश के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री

कैलाश चंद्र जोशी भारतीय राजनीति के उन नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने सादगी, ईमानदारी और संगठनात्मक क्षमता के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई। भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे जोशी मध्य प्रदेश के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने। उनका राजनीतिक जीवन संघर्ष, सिद्धांतों और जनसेवा को समर्पित रहा।



कैलाश चंद्र जोशी
जन्म : 14 जुलाई, 1929

कैलाश चंद्र जोशी का जन्म 14 जुलाई, 1929 को मध्य प्रदेश के देवास जिले की हाटपिपल्या तहसील में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक दौर से ही सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में रुचि ली। वर्ष 1951 में स्थापित भारतीय जनसंघ से जुड़कर उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1954 से 1960 तक उन्होंने देवास जिले में जनसंघ के मंत्री के रूप में कार्य किया।

1955 में वे हाटपिपल्या नगरपालिका के अध्यक्ष चुने गए। इसके बाद उनका सक्रिय राजनीतिक सफर लगातार आगे बढ़ता गया। वर्ष 1962 से वे लगातार सात बार बागली विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। अपनी प्रभावी कार्यशैली और जनसमर्थन के कारण वे मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रमुख विपक्षी नेताओं में शामिल हुए। वर्ष 1972 से 1977 तक उन्होंने मध्य प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभाई।

आपातकाल के दौरान उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। वे कुछ समय भूमिगत रहे और बाद में गिरफ्तार कर मीसा के तहत 19 महीने तक नजरबंद रखा गया। 24 जून, 1977 को कैलाश चंद्र जोशी मध्य प्रदेश के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने। जोशी आठ बार विधायक, दो बार लोकसभा सदस्य और एक बार राज्यसभा सदस्य रहे।



कविता

### सरहद का सिपाही

डॉ. पीसी कौंडल, वरिष्ठ साहित्यकार, गांव ददोह डाकघर धावन, तहसील बल्ह, जिला मंडी,

रात-दिन सरहद पर तैनात रहता है जवान।
देश की रक्षा करने में ही होती है उसकी शान।
हर घड़ी हर पल सरहद पर ही रहता है उसका ध्यान।
ताकि लांघ न जाए सरहद को कोई दुश्मन शैतान।
दुश्मनों से अपने देश को बचाता है सिपाही जवान।
सरहद में न घुस पाए कोई बाहरी ताकत आन।
सरहद का सिपाही हथेली पर हमेशा रखता है अपनी शान।
अनेक बाधाओं को पार करके सिपाही बचाता है देश की आन।
सरहद पर खड़े सिपाही की यही है एक पहचान।
देश का झंडा झुके नहीं यही है उसकी शान।।


# पहाड़ों का संतुलन बिगड़ा तो संकट पूरे देश पर आएगा

साल 2026 में एक बार फिर मानसून ने भारत के पहाड़ी और उत्तर-पूर्वी राज्यों में भारी तबाही मचाई है। हिमाचल प्रदेश में नदियों के उफान से पुल बह रहे हैं, उत्तराखंड में चारधाम यात्रा मार्गों पर भूस्खलन से सैकड़ों यात्री फंसे हैं, जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील पहाड़ी ढलानों पर मलबा गिर रहा है और पूर्वोत्तर के राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम और त्रिपुरा में लाखों लोग बाढ़ और विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। हर साल मानसून के दौरान पहाड़ों में मचने वाली यह चीख-पुकार अब केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं रह गई है। यह एक गंभीर चेतावनी है कि क्या प्रकृति का मिजाज बदला है या फिर हमारे लालच और संवेदनहीनता ने इन शांत पहाड़ों को टाइम बम में तब्दील कर दिया है?



डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र स्तंभकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मानसून की तीव्रता में अप्रत्याशित बदलाव देखा गया है। जुलाई के शुरुआती हफ्तों में ही हिमाचल के सोलन और सिरमौर जैसे इलाकों में इतनी भारी बारिश हुई कि स्कूल-कॉलेज बंद करने पड़े। किन्नौर में उफनती नदी ने लोहे के मजबूत पुलों को लील लिया। पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश के 26 से अधिक जिलों में फ्लैश फ्लड और रॉकफॉल ने पूरे जनजीवन को पंगु बना दिया है। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद् लंबे समय से चेतावनी दे रहे हैं कि हिमालय दुनिया की सबसे नई और कच्ची पर्वत शृंखलाओं में से एक है। इसकी एक निश्चित वहन क्षमता है, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने इस संवेदनशीलता को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।



पहाड़ की छाती को चीरकर अवैज्ञानिक बुनियादी ढांचा और फोर-लेन सड़कें बनाई जा रही हैं। पहाड़ों की सड़कों को चौड़ा करने के लिए 'वर्टिकल कटिंग' यानी सीधी कटाई की जा रही है। जब पहाड़ों को ढलान की बजाय सीधा काटा जाता है तो उनकी जड़ों की पकड़ कमजोर हो जाती है। नतीजा, हल्की सी बारिश होते ही पूरी की पूरी पहाड़ी नीचे आ जाती है। दूसरा, पहाड़ी क्षेत्रों में हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स का अनियंत्रित जाल बिछ रहा है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को मोड़कर बनाई जा रही सुरंगों और बांधों ने पहाड़ों को अंदर से खोखला कर दिया है। टनल बनाने के लिए की जाने वाली अनियंत्रित ब्लास्टिंग से टेक्टोनिक रूप से सक्रिय यह क्षेत्र और अधिक अस्थिर हो गया है। पहाड़ी टूरिस्ट डेस्टिनेशंस पर अनियंत्रित कंक्रीटीकरण और पर्यटन का दबाव है। शिमला, मनाली, नैनीताल और जोशीमठ जैसे शहरों में वहन क्षमता से कई गुणा अधिक बहुमंजिला होटल और इमारतें खड़ी हो गई हैं। पहाड़ों का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह ठप है जिससे बारिश का पानी जमीन के अंदर रिसकर पूरी जमीन को ही धंसा रहा है। मानव जाति की संवेदनहीनता केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं है। वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन के कारण जो ग्लोबल वॉर्मिंग हो रही है, उसका सीधा असर मानसून के पैटर्न पर पड़ा है। अब शॉर्ट-ड्यूरेशन इंटेंस रेनफॉल होने लगा है। अब बारिश महीनों में रुक-रुक कर होने के बजाय कुछ ही घंटों में दर्जनों सेंटीमीटर बरस जाती है। गर्म हवाओं के कारण पहाड़ों के ऊपर अचानक घने बादलों का निर्माण होता है जिससे सीमित दायरे में प्रलयंकारी बारिश होती है जिसे क्लाउड बर्स्ट या बादल का फटना कहते हैं। उत्तर-पश्चिम भारत में जब भूमध्य सागर से आने वाली नम हवाएं यानी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस मानसूनी हवाओं से टकराती हैं तो पहाड़ों पर विनाशकारी स्थिति पैदा होती है। पहाड़ी राज्यों में विकास बनाम विनाश की लड़ाई चल रही है। तथाकथित सस्टेनेबल मॉडल और व्यावसायिक मॉडल के बीच के अंतर ने संकट को बढ़ाया है।

नदियों के पास अपना रिवर बैड या बाढ़ क्षेत्र होता है जहां वे फैलती हैं, लेकिन नदी तटों पर अवैध माइनिंग, होटल और बस्तियों का अंधाधुंध निर्माण हुआ है जिससे पानी अब सीधे शहरों में घुसता है। पर्वतीय क्षेत्रों में विकास कार्य स्थानीय भूगर्भीय परिस्थितियों के अनुरूप होने चाहिए, लेकिन आज जगह बचाने और लागत घटाने के लिए पहाड़ों की 90 डिग्री सीधी कटाई की जा रही है। इससे ढलानों की स्थिरता कमजोर हो रही है और भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दूसरी ओर, बांज (ओक) जैसे स्थानीय पेड़ों के स्थान पर व्यावसायिक लाभ के लिए चीड़ को बढ़ावा दिया गया, जबकि बांज मिट्टी को बांधने और जल संरक्षण में कहीं अधिक प्रभावी है। संसद की एक संसदीय समिति भी चेतावनी दे चुकी है कि हिमालयी राज्यों में परियोजनाओं से पहले भू-वैज्ञानिक क्षमता का समुचित आकलन न करना आपदाओं का प्रमुख कारण है।

पूर्वोत्तर राज्यों में अंधाधुंध वनों की कटाई, अवैध खनन और नदियों में बढ़ती गाद ने बाढ़ के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। 2026 की मानसूनी तबाही स्पष्ट संकेत है कि प्रकृति से छेड़छाड़ का परिणाम अंततः मानव को ही भुगतना पड़ता है। अब समय आ गया है कि संवेदनशील क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण और भारी परियोजनाओं पर रोक लगे, ग्रीन इंजीनियरिंग को अपनाया जाए, स्थानीय वनस्पतियों का संरक्षण हो और पर्यटन को भी वहन क्षमता के अनुरूप सीमित किया जाए। विकास आवश्यक है, लेकिन वह प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर ही टिकाऊ और सुरक्षित हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


# जल और वायु का संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की आधारशिला

जल और वायु प्रकृति के ऐसे अमूल्य उपहार हैं, जिनके बिना पृथ्वी पर किसी भी जीव के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए कहा जाता है कि 'जल ही जीवन है' और स्वच्छ वायु जीवन का आधार है। दुर्भाग्य से विकास और निजी स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति के साथ जिस तरह छेड़छाड़ की है, उसने पर्यावरण संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव जल और वायु पर पड़ रहा है। यदि समय रहते इस चुनौती का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी भयावह समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



रामलाल पाठक
स्वतंत्र लेखक, गांव निहारखन बासला डा. ब्रह्मपुखर, जिला बिलासपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पृथ्वी का लगभग दो-तिहाई भाग जल से घिरा है, लेकिन पीने योग्य मीठा पानी बहुत सीमित है। बढ़ते प्रदूषण, अंधाधुंध भूजल दोहन और प्राकृतिक जलस्रोतों की उपेक्षा के कारण स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता लगातार घट रही है। कई क्षेत्रों में पारंपरिक बावड़ियां, कुएं, नौले और चश्मे सूख चुके हैं या प्रदूषण की चपेट में हैं। यही कारण है कि भविष्य में जल संकट को वैश्विक संघर्ष का बड़ा कारण माना जा रहा है।



भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति संरक्षण को जीवन का हिस्सा माना है। पीपल, वट और अन्य विशाल वृक्षों को धार्मिक आस्था से जोड़कर उनका संरक्षण किया गया। इन वृक्षों ने न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखा, बल्कि तापमान नियंत्रित करने, भूजल संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांवों में बड़े पेड़ों के नीचे प्याऊ लगाना, तालाबों और पोखरों का निर्माण करना तथा वर्षा जल का संरक्षण करना सामाजिक परंपरा का हिस्सा था। इससे मनुष्य के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी जीवनदायिनी सुविधाएं मिलती थीं। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। कंक्रीट के जंगल, चौड़ी सड़कें, अनियंत्रित निर्माण और अंधाधुंध खनन ने धरती की प्राकृतिक जलधारण क्षमता को कमजोर कर दिया है। पक्के घरों और सड़कों के कारण वर्षा का पानी जमीन में समाने के बजाय सीधे बह जाता है, जिससे भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। नदियों, नालों और खेतों में अवैध खनन ने अनेक प्राकृतिक जलस्रोतों को समाप्त कर दिया है और सिंचाई तथा पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। वायु प्रदूषण भी समान रूप से चिंता का विषय है। उद्योगों से निकलने वाला धुआं, वाहनों का बढ़ता उत्सर्जन, पराली जलाना और जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और मौसम का चक्र असंतुलित होता जा रहा है। अनियमित वर्षा, बादल फटना, सूखा और बाढ़ जैसी घटनाएं इसी असंतुलन का परिणाम हैं।

पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना, अधिकाधिक वृक्षारोपण करना, प्राकृतिक जलस्रोतों का संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण समय की आवश्यकता है। विकास तभी सार्थक होगा जब वह प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर किया जाए।

यदि आज भी हम नहीं चेते, तो स्वच्छ जल और शुद्ध वायु जैसी मूलभूत आवश्यकताओं का संकट और गहरा होगा। इसलिए प्रकृति का संरक्षण केवल पर्यावरण बचाने का अभियान नहीं, बल्कि मानव सभ्यता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जल और वायु की रक्षा ही जीवन की रक्षा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिंसा, घरेलू अपराध और सामाजिक संवेदनहीनता पर मंथन जरूरी

भारत को सदैव संतों ऋषियों, महापुरुषों और महान विचारकों की भूमि कहा गया है। यही वह देश है जहां भगवान राम ने मर्यादा का संदेश दिया, भगवान कृष्ण ने धर्म की स्थापना का मार्ग दिखाया, भगवान बुद्ध ने करुणा का उपदेश दिया, स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को चरित्र निर्माण का आह्वान किया और महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को जीवन का आधार बनाया। ऐसी पुण्य भूमि में यदि प्रतिदिन हिंसा, बलात्कार, घरेलू हिंसा, बाल अपराध और अमानवीय घटनाओं की खबरें सामने आती हैं, तो मन स्वाभाविक रूप से प्रश्न करता है-क्या हमारा देश अपनी मूल संस्कृति और मानवीय मूल्यों से दूर होता जा रहा है?



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज समाचार पत्रों, टीवी चैनल और सोशल मीडिया पर हर दिन किसी न किसी महिला, बच्ची या कमजोर व्यक्ति के साथ अत्याचार की खबर पढ़ने को मिलती है। ये घटनाएं केवल कानून व्यवस्था को चुनौती नहीं है, बल्कि समाज की संवेदनशीलता और नैतिकता पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह लगती है। सबसे पीड़ादायक बात यह है कि अपराधी किसी दूसरे संसार से नहीं आते अथवा किसी दूसरे ग्रह से नहीं आते। वे इसी समाज में जन्म लेते हैं, हमारे ही परिवारों, मोहल्लों और परिवेश का हिस्सा होते हैं। इसलिए केवल अपराधियों को दोष देना प्राप्त नहीं है। हमें यह भी चिंतन करना होगा कि आखिर हमारी शिक्षा, हमारी पारिवारिक व्यवस्था, हमारा सामाजिक वातावरण और हमारी सोच में ऐसी कौन सी कमी रह गई है, जिसने इन हिंसा करने वाले लोगों को इतना क्रूर और अमानवीय बना दिया।



बढ़ते अपराधों के पीछे सबसे पहला कारण नैतिक मूल्यों का ह्रास है। आज शिक्षा का उद्देश्य अधिकतर अच्छी नौकरी और अधिक धन कमाना रह गया है, जबकि चरित्र निर्माण, संवेदनशीलता, ईमानदारी और मानवता जैसे गुण पीछे छोड़ने जा रहे हैं। यदि व्यक्ति शिक्षित हो जाए, परंतु उसके भीतर नैतिकता और दूसरों के प्रति सम्मान ना हो तो ऐसी शिक्षा समाज को सुरक्षित नहीं बना सकती। दूसरा कारण परिवारों में संवाद की कमी है। आधुनिक जीवन की भाग दौड़ में माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय कम होता जा रहा है। बच्चे मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया से अधिक सीख रहे हैं परिवार से कम। यदि बचपन से बच्चों को नैतिक शिक्षा नहीं मिलेगी तो समाज में विकृत सोच पनपने का खतरा अवश्य ही बढ़ेगा। तीसरा कारण डिजिटल माध्यमों का गलत प्रयोग है। इंटरनेट ज्ञान का महान स्रोत है, लेकिन इसका दुरुपयोग भी तेजी से बढ़ा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंसक और अश्लील गालियों से बने कंटेंट युवाओं की मानसिकता पर विपरीत प्रभाव डाल रहे हैं। घरेलू हिंसा भी समाज की एक गंभीर समस्या है। अनेक महिलाएं आज भी मानसिक, शारीरिक और आर्थिक उत्पीड़न का सामना करती हैं। कई बार सामाजिक दबाव, आर्थिक निर्भरता या परिवार की प्रतिष्ठा के कारण वे आवाज नहीं उठा पातीं। यह केवल महिलाओं का नहीं, पूरे समाज का प्रश्न है। जिस घर में सम्मान, संवाद और समानता नहीं होगी वहां स्वस्थ समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह सच है कि आज विज्ञान ने अभूतपूर्व प्रगति की है। हमारे पास आधुनिक तकनीक है ऊंची-ऊंची इमारतें हैं, तेज रफ्तार जीवन है और हम दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन यदि मनुष्य के भीतर से संवेदना, करुणा और नैतिकता समाप्त होने लगे, तो यह प्रगति अधूरी है।

हिमाचल प्रदेश में भी कुछ वर्षों से चोरी, नशे का कारोबार, साइबर ठगी, सड़क अपराध तथा महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों की घटनाओं में वृद्धि चिंता का विषय बन गई है। यदि समय रहते इन समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो राज्य की शांति, सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसलिए पुलिस, समाज और प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वे कानून का सम्मान करें, युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करें और मिलकर एक सुरक्षित ,जागरूक तथा अपराध मुक्त हिमाचल के निर्माण में अपना योगदान दें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**


# भारत टेक्स 2026 : 5एफ विजन से वैश्विक वस्त्र शक्ति बनने की ओर

कश्मीरी पश्मीना की गर्माहट, असम के मूंगा सिल्क की चमक, राजस्थान की बांधनी की रंगीन परंपरा और कांजीवरम सिल्क की उत्कृष्ट बनावट भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत की पहचान हैं। सदियों से भारतीय वस्त्र केवल पहनावे का माध्यम नहीं रहे, बल्कि देश की संस्कृति, कला, कौशल और विविधता के प्रतीक रहे हैं। आज यही विरासत आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार के साथ जुड़कर भारत की आर्थिक ताकत का महत्वपूर्ण आधार बन रही है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2026 इसी बदलते भारत की तस्वीर पेश कर रहा है। यह आयोजन केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारत के वस्त्र उद्योग की क्षमता, आत्मनिर्भरता और वैश्विक महत्वाकांक्षा का प्रदर्शन है। इसमें देश के पारंपरिक हथकरघा से लेकर आधुनिक तकनीकी वस्त्रों तक पूरी मूल्य शृंखला एक मंच पर दिखाई दे रही है। वस्त्र उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2.3 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पादन में 13 प्रतिशत और निर्यात में 8.6 प्रतिशत का योगदान देता है। कृषि के बाद यह देश में सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में शामिल है, जो करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।



पबित्रा मार्गेरिटा
केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत टेक्स 2026 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी 5एफ विजन—फार्म (खेत) से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन (विदेश) की अवधारणा को साकार करने का प्रयास है। इस विजन का उद्देश्य वस्त्र उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को भारत में ही मजबूत करना है, ताकि किसान, बुनकर, निर्माता, डिजाइनर और निर्यातक एक ही मजबूत औद्योगिक श्रृंखला का हिस्सा बन सकें। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय कंपनियां, वैश्विक खरीदार और उद्योग जगत के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। भारत मंडपम में लगाई गई प्रदर्शनी में फाइबर, यार्न, फैब्रिक, परिधान, होम टेक्सटाइल, तकनीकी वस्त्र और सहायक उद्योगों की पूरी तस्वीर देखने को मिल रही है। इससे भारत की निर्माण क्षमता और नवाचार को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है।




भारत टेक्स की बढ़ती लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक बाजार में भारत की स्वीकार्यता बढ़ रही है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, स्पेन, पुर्तगाल, नेपाल सहित कई देशों के प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं। बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी यह दर्शाती है कि दुनिया भारत को केवल उत्पादन केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि भरोसेमंद और टिकाऊ वस्त्र साझेदार के रूप में देख रही है।

इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण पहलू पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ उत्पादन भी है। वैश्विक फैशन उद्योग अब सर्कुलर इकोनॉमी और पर्यावरण अनुकूल उत्पादन की ओर बढ़ रहा है। भारत की पारंपरिक वस्त्र संस्कृति में पहले से ही प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की परंपरा रही है। हथकरघा, हस्तशिल्प और प्राकृतिक रेशों पर आधारित भारतीय तकनीकें आज आधुनिक टिकाऊ फैशन की जरूरतों के अनुरूप साबित हो रही हैं। पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने वस्त्र क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना, पीएम मित्र पार्क, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्य, म और हस्तशिल्प विकास योजनाओं के माध्यम से उत्पादन, निवेश और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन पहलों का उद्देश्य भारत को वैश्विक वस्त्र आपूर्ति शृंखला में अग्रणी स्थान दिलाना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 2200 करोड़ रुपए की मेगा ट्रांसपोर्ट योजना से बदलेगी राजधानी की तस्वीर

## टनल-फ्लाईओवर और नए संपर्क मार्गों का खाका तैयार, टॉलैंड-आईजीएमसी टनल को फोरलेन से जोड़ने पर फोकस



लोगों को संबोधित करते शिमला शहरी के विधायक हरीश जनार्था। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला शहर को वर्षों से परेशान कर रही यातायात जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने करीब 2200 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परिवहन अवसंरचना योजना तैयार की है। एशियन डेवलपमेंट बैंक के वित्तपोषण से प्रस्तावित इस परियोजना के तहत शहर में सुरंगों, फ्लाईओवर, वायाडक्ट, केबल-स्टे ब्रिज, वैकल्पिक सड़कों और पैदल यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी सिलसिले में हिमाचल प्रदेश रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को होटल हॉलीडे होम में पहली हितधारक परामर्श बैठक आयोजित कर प्रस्तावित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरीश जनार्था ने स्पष्ट कहा कि टॉलैंड-आईजीएमसी टनल तभी सार्थक होगी, जब इसे भविष्य में फोरलेन से जोड़ने की व्यवहार्यता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि टनल से न तो ट्रैफिक का दबाव घटे और न ही लोगों का सफर छोटा हो, तो ऐसी परियोजना का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। उन्होंने एचपीआरआईडीसीएल को टनल को फोरलेन से जोड़ने की संभावनाओं पर दोबारा विस्तृत अध्ययन कर शीघ्र फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश देने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि 2200 करोड़ रुपये की इस योजना का प्रत्येक रुपया पारदर्शिता और जनहित में खर्च होना चाहिए।

◆ **हितधारकों के सुझावों पर बनेगी अंतिम डीपीआर एडीबी करेगा वित्तपोषण**

बैठक में आईजीएमसी जंक्शन से सेंट बीड्स कॉलेज के समीप आईपीएच पंप हाउस तथा एचपी पीडब्ल्यूडी हट्स से निगम विहार तक प्रस्तावित दो सुरंगों के तकनीकी पहलुओं, यातायात प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा उपायों पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि हितधारकों से प्राप्त सुझावों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में यथासंभव शामिल किया जाएगा। परियोजना के तहत विधानसभा फ्लाईओवर, विक्ट्री टनल वायाडक्ट, रेलवे पार्किंग से होटल हॉलीडे होम तक केबल-स्टे ब्रिज, मंजीयाठ एंबुलेंस रोड और अन्य वैकल्पिक संपर्क मार्ग भी विकसित किए जाएंगे। विधानसभा फ्लाईओवर के दिसंबर 2026 तक पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।

### शहरभर में यातायात का दबाव होगा कम

**एचपीआरआईडीसीएल** द्वारा किए गए यातायात सर्वे में संजौली जंक्शन पर प्रतिदिन 27,266, छोटा शिमला में 24,967 और विक्ट्री टनल क्षेत्र में 37,734 वाहनों की आवाजाही दर्ज की गई। ड्रोन सर्वे और पीक आवर्स के अध्ययन के आधार पर तैयार की जा रही योजना के अनुसार आईजीएमसी टनल परियोजना पूरी होने के बाद वर्ष 2032 तक आईजीएमसी-संजौली मार्ग पर लगभग 27 प्रतिशत तथा नवबहार-संजौली मार्ग पर करीब 36 प्रतिशत यातायात कम होने का अनुमान है।

# नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में तहबाजारियों ने किया प्रदर्शन

## सीटू के बैनर तले हुए प्रदर्शन में शामिल लोगों ने नगर निगम पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला में नगर निगम की ओर से अवैध रूप से बैठने वाले तहबाजारियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में सोमवार को तहबाजारियों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। सीटू के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में शामिल लोगों ने नगर निगम पर उत्पीड़न का आरोप लगाया और कहा कि पिछले दो तीन दिनों से उनका काम पूरी तरह बंद है। उनका कहना है कि इससे उनके परिवारों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

नगर निगम पिछले कुछ दिनों से लोअर बाजार, लक्कड़ बाजार और मॉल रोड के आसपास अवैध रूप से बैठने वाले तहबाजारियों के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस दौरान कई तहबाजारियों के चालान भी काटे गए हैं। इसी कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन करते हुए यूनियन ने कहा कि यदि उन्हें रोजगार चलाने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। लोअर बाजार तहबाजारी यूनियन के अध्यक्ष पवन शर्मा ने आरोप लगाया कि नगर निगम की टीमें बिना किसी पूर्व बातचीत के गलियों में पहुंचकर उनका सामान जब्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लगातार कार्रवाई के कारण गरीब परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है और कई घरों में चूल्हा तक नहीं जल पा रहा है। पवन शर्मा ने कहा कि तहबाजारी यूनियन किसी भी तरह का अवैध कब्जा नहीं करना चाहती। उनका कहना है कि यदि नगर निगम ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहां लोगों की आवाजाही हो और रोजगार चल सके, तो वे वहां जाकर काम करने के लिए तैयार हैं। तहबाजारी यूनियन के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि यूनियन किसी भी उपयुक्त स्थान पर जाने को तैयार है, लेकिन वहां रोजगार की संभावना होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि सब्जी मंडी में बनने वाले नए कॉम्प्लेक्स या पुरानी तिब्बती मार्केट क्षेत्र में उनके लिए स्थान उपलब्ध कराया जाए तो वे वहां शिफ्ट हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत के आदेशों का हवाला देकर कार्डधारी स्थानीय तहबाजारियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि बाहरी लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यूनियन का प्रदर्शन शांतिपूर्ण है, लेकिन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को आगे और तेज किया जाएगा।


नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन करते तहबाजारी। अनंत ज्ञान

## चिट्टा तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस की स्पेशल सेल ने दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बालूगंज थाना क्षेत्र के तहत दोनों मामलों में कुल 13.4 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ है। इन मामलों में पुलिस थाना बालूगंज में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं और पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बरामद नशीला पदार्थ कहां से लाया गया और इसका नेटवर्क किन लोगों से जुड़ा है। ताजा मामला 12 जुलाई का है। पुलिस के अनुसार स्पेशल सेल शिमला की टीम गश्त और अपराध रोकथाम ड्यूटी पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिलने पर आईएसबीटी क्रॉसिंग के पास स्थित टूरिस्ट इंफॉर्मेशन सेंटर के समीप एक संदिग्ध युवक को रोका गया। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से करीब सात ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 27 वर्षीय रजत नेगी, पुत्र सुरत राम, निवासी चिड़गांव, जिला शिमला और वर्तमान में लक्कड़ बाजार, शिमला निवासी के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस थाना बालूगंज में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कसुम्पटी और पंथाघाटी में अगस्त से बिछेगी नई पेयजल पाइपलाइन

## प्रेशरयुक्त जलापूर्ति परियोजना के तहत शुरू होगा कार्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड की विश्व बैंक समर्थित 24×7 निरंतर एवं प्रेशरयुक्त पेयजल वितरण परियोजना के तहत पैकेज-5 में अगस्त 2026 से कसुम्पटी और पंथाघाटी वार्डों में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य शहर के इन क्षेत्रों में आधुनिक जल वितरण व्यवस्था स्थापित कर नागरिकों को सुरक्षित, विश्वसनीय और चौबीसों घंटे पेयजल उपलब्ध कराना है।

जानकारी के अनुसार परियोजना शुरू होने से पहले एसजेपीएनएल की टीमें दोनों वार्डों का दौरा कर जन-जागरूकता एवं जन-परामर्श कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इस दौरान लोगों को परियोजना की पूरी जानकारी दी जाएगी, उनके सुझाव और प्रश्न सुने जाएंगे तथा कार्य को सुचारु और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए स्थानीय सहयोग लिया जाएगा। परियोजना के तहत पुरानी पेयजल पाइपलाइन हटाकर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी, हाइड्रो टेस्टिंग की जाएगी, जरूरत के अनुसार नए घरेलू जल कनेक्शन दिए जाएंगे और आवश्यक होने पर नई जल भंडारण टंकियों का निर्माण भी किया जाएगा।

◆ **पुरानी पाइपलाइन बदलेगी नए घरेलू कनेक्शन मिलेंगे**

### एसजेपीएनएल की जनता से सहयोग की अपील

**कार्य** के दौरान कुछ स्थानों पर सड़कों, पैदल मार्गों और सीढ़ियों की आंशिक व अस्थायी खुदाई की जा सकती है। हालांकि, आम जनता को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए यातायात और पैदल आवाजाही को यथासंभव सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। एसजेपीएनएल ने नागरिकों से परियोजना के सफल और समयबद्ध क्रियान्वयन में सहयोग करने की अपील की है। किसी भी जानकारी, सुझाव या शिकायत के लिए 24м7 हेल्पलाइन नंबर 87671-98000 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मेडिकल कॉलेजों को हिमकेयर योजना के तहत 50 करोड़ जारी

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों को हिमकेयर योजना के तहत 50 करोड़ की राशि जारी कर दी है। यह धनराशि मेडिकल कॉलेजों में हिमकेयर लाभार्थियों के इलाज और ऑपरेशन पर हुए खर्च के भुगतान के लिए उपलब्ध कराई गई है। सरकार के इस फैसले से लंबित देनदारियों का बोझ कम होगा और मरीजों को समय पर उपचार का लाभ मिल सकेगा। अस्पताल प्रबंधन की ओर से सरकार को पैसे जारी करने का आग्रह किया गया था। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बड़ी संख्या में हिमकेयर योजना के तहत मरीजों का इलाज और जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से भुगतान लंबित रहने के कारण मेडिकल कॉलेजों पर वित्तीय दबाव बढ़ गया था। सरकार का उद्देश्य हिमकेयर योजना के लाभार्थियों को बिना किसी आर्थिक परेशानी के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# राज्यपाल से मिला भाजयुमो प्रतिनिधिमंडल

## मुलाकात में कानून-व्यवस्था, नशे के बढ़ते कारोबार जैसे मुद्दे उठाए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुशील कदशोली के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से मुलाकात कर प्रदेश की कानून-व्यवस्था, नशे के बढ़ते कारोबार और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी का मुद्दा उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और सरकार इसे रोकने में विफल रही है। साथ ही लंबित भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी करने तथा नई भर्तियां शुरू करने की मांग भी राज्यपाल के समक्ष रखी गई। भाजयुमो नेताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान युवाओं से किए गए रोजगार संबंधी वादे पूरे नहीं हुए हैं, जिससे प्रदेश का युवा निराश है।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इन मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करने और आवश्यक संवैधानिक कदम उठाने का आग्रह किया।



अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं लीला देवी,** 79 वर्ष विधवा पत्नी खजाना राम गांव लमलेहर डाकघर घाड़ तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ब्यान करती हूँ कि मेरा नाम सभी दस्तावेजों, आर्मी द्वारा जारी पीपीओ मे लीला देवी सही दर्ज है। लेकिन मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम लिला देवी गल्त लिखा गया गया है। अतः लीला देवी व लिला देवी एक ही औरत के नाम हैं। संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठाणा विकास खंड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत ठाणा के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे। निविदाएं दिनांक 21-07-2026 शाम 5 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में दिनांक 23-07-2026 सुबह 11 बजे निविदा खोलने के लिए गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित फार्म सम्बंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते हैं। **सामग्री का विवरणः-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (धुला रेत) प्रति घन मीटर, बजरी 10,20,40 MM (क्रशर) प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, पत्थर (Cut Stone) प्रति पत्थर, पक्की ईंटे (A,B,C Grade) प्रति ईंट, JCB मशीन प्रति घण्टा, सैटरिंग (स्लैब/दीवार/डंगा/रास्ता) प्रति sqr फीट, सीमेंट Carriage लोडिंग अनलोडिंग सहित सिविल सप्लाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर ग्राम पंचायत ठाणा तक प्रति बैग, Sign Board (3'×2', 4'×3') प्रति sqr फीट, Mixture Machine प्रति दिन, अन्य कोई सामग्री। **नियम व शर्तेः-**1. निविदादाता के पास अपना Valid पंजीकरण, GST NO/TIN No होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को सीलबंद लिफाके में ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। जमा करवानी होगी व लिफाफे के बाहर फर्म/एजेंसी/आवेदक का नाम व फोन नम्बर स्पष्ट शब्दों में लिखा होना चाहिए। अपूर्ण, खुली व बिना सीलबंद लिफाफे वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। 3. निविदाएं दिनांक 21-07-2026 को सायं 5:00 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। समयावधी के बाद दी गई निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 4. दरे अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए (with GST Included) 5. निर्माण सामग्री पूरे पंचायत क्षेत्र में जहाँ तक वाहन जाता है वहां तक पहुंचानी होगी। 6. सबसे कम दर वाली निविदाएं ही स्वीकार की जायेंगी तथा निविदादाता को सामग्री के बिल के साथ खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-FORM जमा करवाने होंगे अन्यथा ग्राम पंचायत किसी भी मटीरियल के भुगतान के लिये प्रतिबद्ध नहीं होगा। 7. निविदादाता को निविदा के साथ 1000 रु0 (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। पारित निविदादाता को मु0 20,000/- रु0 की एफडी/अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। 8. ग्राम पंचायत के द्वारा अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 9. पंचायत द्वारा सामग्री मांग करने पर सप्लायर को तीन दिन के भीतर मुहैया करवानी पड़ेगी। समय पर सामग्री न देने तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवता सही न होने पर नोटिस देकर निविदायें रद्द/निरस्त कर दी जायेंगी तथा किसी भी तरह से निविदा रद्द होने पर निविदादाता द्वारा दी गयी एफडी/सुरक्षा राशि वापिस नहीं होगी। 10. सामग्री की अदायगी TA/JE द्वारा कार्य का मूल्यांकन/MB करने पर ही की जायेगी। 11. पंचायत के अधिकारियों/प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों तथा उनके रिश्तेदारों / सगे संबंधियों/परिवार द्वारा दी गई निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 12. सामग्री की दरें निविदादाता के साथ Negotiation उपरान्त पारित होंगी। उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ठाणा विकास खण्ड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मंडी।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहिण विकास खण्ड घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि0प्र0)**

**निविदा सूचना**

यह कि उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया कि ग्राम पंचायत रोहिण में वित वर्ष 2026-27 हेतू निविदाएं समाचार पत्रों के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है सामग्री विक्रताओं से अनुरोध है कि जिसके पास पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट हो वे निविदा प्रत्येक कार्य दिवस में 10 बजे से 4 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोहिण में दिनांक 21/07/2026 तक जमा करवा सकते है इसके पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी निविदा दिनांक 23-07-2026 की कार्यालय ग्राम पंचायत रोहिण में कोर्म द्वारा दोपहर 1:00 बजे खोली जाएगी। **सामग्री का विवरणः-** 1. रेता-प्रतिघन मीटर, 2. बजरी-प्रतिघन मीटर, 3.पत्थर (बोल्डर)-प्रतिघन मीटर, 4. पत्थर ठेली-प्रतिघन मीटर, 5. कट स्टोन-प्रतिघन मीटर, 6.ईट-प्रति ईट, 7. फॉर्म वर्क/प्लेट- प्रति SFT, 8. सरिया- खुर्दा बाजार, 9. मार्क, टीन, एंगल पत्ती /-खुर्दा बाजार, 10. जे.सी.बी.-प्रति घंटा, 11. मिट्टी ढुलान -प्रति चक्र, 12. बोर्ड निर्माण, लिखाई-प्रति बोर्ड, 13. पानी टैंकर-प्रतिदिन/प्रति टैंकर, 14. पीवीसी- 60, 40, 80, 15.बैंच-प्रति बैंच, 16.ग्राम सभा टैंट-प्रति दिन, 17. स्टेशनरी-खुर्दा बाजार, 18.पाईप- 60, 40, 80 Colour, Culvert Pipe, 19. लकड़ी दरवाजे- प्रति घन मीटर, 20. मिक्सचर प्रति दिन / without oil, 21. सीमेंट-प्रति बैग

**पंचायत सचिव ग्राम पंचायत रोहिण विकास खण्ड घुमारवीं जिला बिलासपुर (हि0प्र0)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मसौली**
**विकास खंड द्रंग स्थित पधर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**ग्राम** पंचायत मसौली विकास खंड द्रंग जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वर्ष 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) पुनः आमन्त्रित की जाती है। ये निविदाएं दिनांक 23-07-2026 सांय 05:00 बजे से पूर्व ग्राम पंचायत मसौली के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। उक्त तिथि तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 24-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मसौली में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। इस दशा में सुचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत का इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। 1. रेत क्रशर, रेत खड्ड-प्रति घन फुट, 2. बजरी क्रशर 10mm, 20mm, 40mm, बजरी खड्ड-प्रति घन फुट, 3. सोलिंग/ बोल्डर पत्थर-प्रति घन फुट, 4. पत्थर (कट स्टोन)-प्रति पत्थर, 5. ईंट मिट्टी के भठे की-प्रति ईंट (9x4,5x4 ईंच), 6. टाइल्स-प्रति पीस/प्रति साईज, 7. JCB मशीन द्वारा मिट्टी कटान व ब्रेकर-प्रति घन मीटर(हार्ड/सॉफ्ट रॉक)/प्रति घंटा, 8. सामग्री ढूलान (सीमेंट जोगिन्दर नगर से ग्राम पंचायत मसौली स्टोर व स्टोर से कार्य स्थल तक उतराई व चढ़ाई सहित) ट्रेक्टर/जीप / अन्य वाहन द्वारा-प्रति किलोमीटर, प्रति बैग, 9. शटरिंग लोहा व लकडी-प्रति वर्ग फुट व रनिंग फुट, 10. लकड़ी व एल्युमीनियम फिटिंग्स व डोर विंडो-आईटम वार/प्रति घन फुट/वर्ग फुट, 11. प्लाई बोर्ड शीटे/ Other फैसी सीलिंग / पैलींग Sheets- आइटम वार/साइज वार, 12. कलर कोटेड रूप शीट्स आदि व सीलिंग शीट्स-प्रति शीट साइज वार, 13. Furniture Items (Table & Chairs, सोफा /सेट्टी, मैट, लैक्चर स्टेंट. इत्यादि सभी फर्नीचर वस्तुए-प्रति आईटम पूर्ण विवरण सहित, 14. वेल्डिंग वर्क्स-प्रति किलो/क्विंटल, 15. मिक्सर मशीन-प्रति दिन/प्रति घंटा, 16. पेंटर-प्रति दिन/स्केयर फुट, 17. साइन बोर्ड (2×3)/ वाल राइटिंग/पेंटिंग-साइज वार/अन्य, 18. इलेक्ट्रिकल फिटिंग सामग्री व लेवर-आईटम वार/प्रति पाईंट, 19. स्टेशनरी-विभिन्न रजिस्ट्रर, कागज इत्यादि सभी आइटम, 20. लैपटोप, कम्प्यूटर प्रिंटर इत्यादि-आईटम वार व कंपनी वार। **नियम व शर्ते :** 1 निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण पेन संख्या, TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होंगे जिसके लिए चयनित निविदाता (आपूर्तिकर्ता) की निविदा के चयन उपरांत ग्राम पंचायत मसौली को शपथी पत्र एक सप्ताह के भीतर देना होगा। M/X FORM उपलब्ध न करवान पर सामग्री की अदायगी नहीं की जाएगी। 3 निविदा पर दरे स्पष्ट अंकित होनी चाहिए Overwriting होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। 4 सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति HPPWD ·¤è Specification के अनुरूप होगी। 6 रेत. बजरी, पत्थर, ईंटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सड़क है तक करवानी होगी तथा ग्राम पचायत क पुरे क्षेत्राधिकर में एक ही रेट देय होगा। 7. अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनिकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 8. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएंगा। 9. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओ के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयत तथा निविदाये किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 10. सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व अनुमोदित निविदाताओं के साथ Negotiation अनुसार ही किया जाएगा।

**सचिव/प्रधान**
**ग्राम पंचायत मसौली, विकास खंड द्रंग स्थित पधर जिला मंडी हि.प्र.**

**निविदा आमंत्रण नोटिस**

ग्राम पंचायत खुहण, विकास खंड बालीचौकी वित्त वर्ष 2026-27 में विकास कार्यों के निष्पादन के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक सामग्री की आपुर्ति हेतू इच्छुक आपुर्तिकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित करती है। इच्छुक आवेदनकर्ता ग्राम पंचायत खुहण से टेंडर फार्म प्राप्त कर सकते हैं। फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 26 जुलाई, 2026 शाम 4:00 बजे तक है। निविदाएं 27 जुलाई, 2026 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यलय में खोली जाएगीं। निविदा में भाग लेने के लिए धरोहर राशि व टेंडर फार्म फीस व विभाग द्वारा जारी विभिन्न शपथ पत्र जारी दिए जाने अनिवार्य होगें। ग्राम पंचायत द्वारा जारी व हस्ताक्षरित टेंडर फार्म पर दी गई निविदाएं ही मान्य होगीं। विस्तृत शर्तें टेंडर फार्म के साथ संलग्न हैं।

**प्रधान, ग्राम पंचायत खुहण विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी, हि. प्र.**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

मुकदमा- तक्सीम भूमि पेशी. 04-08-2026

प्रशोतम चंद, बिधि चंद पुत्र रसिलु, प्रमोद सिंह, कृष्ण पुत्र बुटा, प्रभात पुत्र कुलवंत सभी निवासी महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 । ......वादी

**वनाम-** बालकृष्ण, प्युंगला, राजेश कुमार, राकेश कुमार, नीना, उर्मिला, गांगी देवी, सुभाष चंद, सायना देवी, अमरो देवी, जीवन कुमार, गुजंन कुमार, बेबी, कामना देवी, कमल कुमार, नेहा, निशा देवी, रिखि राम महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 । ...प्रतिवादीगण

**विषय-** ईशतहार के माध्यम से नोटिस वावत प्रार्थना पत्र वावत तक्सीम भूमि जेर धारा 123 हि0प्र0 राजस्व अधिनियम 1954 के तहत तक्सीम भूमि खाता न 132 खतोनी न0 273 खसरा न0 14 रक्वा तदादी 00-14-57 है0 स्थित महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 मताबिक जमाबंदी वर्ष 2013-14

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त में से कुछ प्रतिवादीगण को बार-बार समन जारी किए गए परन्तु उन प्रतिवादी को सामान्य तरीके से समन की तामीन नहीं हो पा रही है न ही उनका सही पता मालूम नहीं हो पा रहा है। अतः महाल भाटी मौजा रजोल में ईशतहार के माध्यम से एक बार पुनः प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस वादग्रस्त भूमि की तक्सीम हेतु असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 04.08.26 को दोपहार बाद 2 बजे इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकते हैं। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे ओर बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 25-03-26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

मुकदमा तक्सीम भूमि पेशी. 04.08.26

प्रशोतम चंद, बिधि चंद पुत्र रसिलु, प्रमोद सिंह, कृष्ण पुत्र बुटा, प्रभात पुत्र कुलवंत सभी निवासी महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 । .....वादी

**वनाम-** बालकृष्ण, प्युंगला, राजेश कुमार, राकेश कुमार, नीना, उर्मिला, गांगी देवी, रिखि राम, सुभाष चंद, सायना देवी, जमरो देवी, जीवन कुमार, गुजंन कुमार, बेबी, कामना देवी, कमल कुमार, नेहा, निशा देवी, जगदीश चंद महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 । .... प्रतिवादीगण

**विषय-** ईशतहार के माध्यम से नोटिस वावत प्रार्थना पत्र वावत तक्सीम भूमि जेर धारा 123 हि0प्र0 राजस्व अधिनियम 1954 के तहत तक्सीम भूमि खाता न 133 खतोनी न0 274 खसरा न0 1, 2 रक्वा तदादी 00-11-31 है0 स्थित महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 मताबिक जमाबंदी वर्ष 2013-14

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त में से कुछ प्रतिवादीगण को बार-बार समन जारी किए गए परन्तु उन प्रतिवादी को सामान्य तरीके से समन की तामीन नहीं हो पा रही है न ही उनका सही पता मालूम नहीं हो पा रहा है। अतः महाल भाटी मौजा रजोल में ईशतहार के माध्यम से एक बार पुनः प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वादग्रस्त भूमि की तक्सीम हेतु असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 04.08.26 को दोपहर बाद 2 बजे इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकते हैं। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे ओर बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 25-03-26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

मुकदमा- तक्सीम भूमि पेशी. 04.08.26

प्रशोतम चंद, बिधि चंद पुत्र रसिलु, प्रमोद सिंह, कृष्ण पुत्र बुटा, प्रभात पुत्र कुलवंत सभी निवासी महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 । ....वादी

**वनाम-** बालकृष्ण, प्युंगला, गांगी देवी, सुभाष चंद, सायना देवी, अमरो देवी, प्रकाश चंद, चतर सिंह महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0। ...प्रतिवादीगण

**विषय-** ईशतहार के माध्यम से नोटिस वावत प्रार्थना पत्र वावत तक्सीम भूमि जेर धारा 123 हि0प्र0 राजस्व अधिनियम 1954 के तहत तक्सीम भूमि खाता न 163 खतोनी न0 241 खसरा न0 728 रक्वा तदादी 00-21-67 है0 स्थित महाल अम्बाडी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 मताबिक जमाबंदी वर्ष 2013-14

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त में से कुछ प्रतिवादीगण को बार-बार समन जारी किए गए परन्तु उन प्रतिवादी को सामान्य तरीके से समन की तामीन नहीं हो पा रही है न ही उनका सही पता मालूम नहीं हो पा रहा है। अतः महाल अम्बाडी मौजा रजोल में ईशतहार के माध्यम से एक बार पुनः प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस वादग्रस्त भूमि की तक्सीम हेतु असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 04.08.26 को दोपहार बाद 2 बजे इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकते हैं। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे ओर बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 25/03/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

मुकदमा- तक्सीम भूमि पेशी. 04.08.26

प्रशोतम चंद, बिधि चंद पुत्र रसिलु, प्रमोद सिंह, कृष्ण पुत्र बुटा, प्रभात पुत्र कुलबंत सभी निवासी महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 । ....वादी

**वनाम-** बालकृष्ण, प्युंगला, अजय कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, नीना, उर्मिला, गांगी देवी, मदन चंद, कर्म चंद, मोहिन्द्र सिंह, सुभाष चंद, सायना देवी, अमरो देवी, जीवन कुमार, गुजंन कुमार, बेबी, कामना देवी, कमल कुमार, नेहा, निशा देवी, रिखि राम महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 । ...प्रतिवादीगण

**विषय-** ईशतहार के माध्यम से नोटिस वावत प्रार्थना पत्र वावत तक्सीम भूमि जेर धारा 123 हि0प्र0 राजस्व अधिनियम 1954 के तहत तक्सीम भूमि खाता न 131 खतोनी न0 268, 269, 270, 271, 272 खसरा न0 10,12, 13, 26, 28, 31, 32, 37, 43, 160, 161, 166, 164, 162, 163, 167, 168, 30, 29 किता 19 रक्वा तदादी 00-61-81 है0 स्थित महाल भाटी मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 मताबिक जमाबंदी वर्ष 2013-14

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त में से कुछ प्रतिवादीगण को बार-बार समन जारी किए गए परन्तु उन प्रतिवादी को सामान्य तरीके से समन की तामीन नहीं हो पा रही है न ही उनका सही पता मालूम नहीं हो पा रहा है। अतः महाल भाटी मौजा रजोल में ईशतहार के माध्यम से एक बार पुनः प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस वादग्रस्त भूमि की तक्सीम हेतु असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 04.08.26 को दोपहर बाद 2 बजे इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकते हैं। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे ओर बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 25/03/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुम्हूं (आम्बलागलु) विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गुम्हूं (आम्बलागलु) के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 16/07/2026 12 बजे तक जमा करवा सकते है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन शाम 3 बजे खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** * रेत क्रशर प्रति घन मीटर * रेत प्लाट प्रति घन मीटर * पक्की ईट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. * बजरी क्रशर प्रति घन मीटर * पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर * सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर * J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर * शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर * सामग्री ढुलाई * सीमेंट प्रति कि.मी. * Sign Board (Standard Size per Board) * Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting * Segregation Shed * Cement/Concrete Bench * Steel Benches * Painting & Writing of Sign Board * Mixture Machine * Dustbins 10 ltrs,15 ltrs, 20 ltrs. **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रू.20,000/- सुरक्षा राशि तथा रू.1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गुम्हूं (आम्बलागलु) विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खरकड़ी**
**विकास खण्ड श्री नयना देवी जी, स्थित स्वारघाट, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खरकड़ी द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु विकास कार्यों हेतु (रेत, क्रशर व प्लांट ऊना, बजरी क्रशर 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम से 90 एमएम, सोलिंग) प्रति घन फुट, शटरिंग दीवार, स्लैब, रास्ता/प्रति स्क्वेयर फीट, पक्की ईट द्वितीय श्रेणी/प्रति ईट, JCB hard rock, soft rock/प्रति घंटा, सीमेंट ढुलान मजदूरी सहित श्री नयना देवी जी से खरकड़ी स्टोर तक/प्रति बैग तथा स्टोर से कार्य स्थल तक 0 कि.मी. से 2 कि.मी. तक प्रति चक्कर व 2 कि.मी. से 05 कि.मी. तक तथा 05 कि.मी. से अधिक पंचायत क्षेत्र तक प्रति चक्कर हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी निविदा दिनांक 22.07.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत खरकड़ी में दोपहर 4:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। निविदा का आबंटन दिनांक 23.07.2026 को पंचायत बैठक में किया जाएगा। सामग्री अच्छी किस्म की होनी चाहिए। सामग्री की अदायगी मूल्यांकन अनुसार की जाएगी। सामग्री की सप्लाई जहां तक गाड़ी जाती हो वहां तक करनी होगी। निविदा की दरें 31.03.2027 तक या आगामी निविदाओं की प्राप्ति तक प्रभावी रहेंगी। ग्राम पंचायत के पास निविदाओं को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। निविदादाता जीएसटी धारक लैटरपैड पर ही सामग्री की दर व GST extra में दें तथा निविदा पर कटिंग मान्य नहीं होगी तथा बंद लिफाफे में ही निविदा मान्य होगी। सामग्री का एम फार्म बिल के साथ देना होगा। सामग्री की दरें negotiation करने के उपरांत पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी। जमानत राशि 25000/- रु. है। यदि वेंडर समय पर सामग्री की उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो पंचायत नए सिरे से कुटेशन आमंत्रित कर सकती है व जमा सिक्योरिटी वापिस नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत खरकड़ी, वि.खं. श्री नैना देवी जी (स्थित स्वारघाट)**

**कार्यालय ग्राम पंचयात कमलाह (विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**ग्राम पंचायत कमलाह में विकास कार्यो के निष्पादन हेतू वित् वर्ष 2026..27 हेतू निविदाएँ आमंत्रित करने बारे।** ग्राम पंचयात के विकास कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद (sealed) निविदाएं/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 20-07-2026 तक ग्राम पंचायत कमलाह के कार्यालय में सांय 3 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाओं को कार्यालय ग्राम पंचायत कमलाह में दिनांक 22-07-2026 को 12:00 बजे तक पदाधिकारी की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। प्रशासकीय कारणो से इस तिथि को बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत कमलाह के पास सुरक्षित रहेगा। इस दिशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचनापट्ट पर ही प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। **सामग्री का विवरण-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, बजरी क्रशर 10,20,40,mm प्रति घन मीटर, बोल्डर प्रति घन मीटर, शटरिंग प्रति वर्ग मीटर, साईन बोर्ड प्रति बोर्ड, साईन बोर्ड लिखवाई प्रति अक्षर, मिक्सर मशनी मशीन प्रति दिन, सीमेंट ढुलाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर से निर्माण स्थल तक प्रति बैग, सीमेंट चढाई व उतराई प्रति बैग, JCB मशीन बकट प्रति घण्टा, JCB मशीन ब्रेकर प्रति घण्टा, इंट प्रति इंट, बागवानी पौधे प्रति पौधा। **नियम व शर्ते-** 1 निविदादाता (आपूर्ति कर्ता) के पास अपना पंजीकरण GST NO. होना आवश्यक है और रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगा। 2. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 3 निविदा पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए, निविदा में मांगी गई प्रत्येक सामग्री/ वस्तु का मूल्य जी0एस0टी0 के साथ होगा, अलग से जी0एस0टी0 मान्य नहीं होगा। 4. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविददाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता का चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 5. सामग्री खरीद की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जायेगा। 6. निविदाकर्ता को 30000 (तीस हजार) रुपये की धरोहर राशि प्लज पंचायत के नाम जमा करनी होगी। 7. निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसे जी0एस0टी0 नम्बर वर्तमान जी0एस0टी0 रिटर्न फाइल, आधार कार्ड, बैंक खाता कापी जमा करवाना अनिवार्य होगा।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचयात कमलाह (विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)।**

## न्यूज ब्रीफ

### आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम संपन्न



**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर में आर्ट ऑफ लिविंग का छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने इसे मानसिक शांति, ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव के लिए लाभदायक बताया। सोनम, भावना, अंशुल नेगी और अमर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है और जीवन में संतुलन बढ़ता है। प्रशिक्षक सोनाली कपूर और गौरव चंदेल ने बताया कि अगला कार्यक्रम 15 जुलाई से जगतसुख में तथा गुरु पूर्णिमा स्पेशल कार्यक्रम 23 जुलाई से भुंतर में आयोजित होगा।

### शाट सब्जी मंडी के पास जीप हादसे का शिकार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की शाट सब्जी मंडी क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क किनारे खड़ी पंजाब नंबर की जीप (पीबी05 ए एन9614) सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और राहत दल मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार वाहन में उस समय कोई भी सवार नहीं था, जिसके चलते किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है।

### सुरभि महिला मंडल न्यूडी ने चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल (कुल्लू)।** ग्राम पंचायत कटराई के वार्ड नंबर-11 में सुरभि महिला मंडल न्यूडी ने सोमवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया। अभियान के दौरान सड़क किनारे उगी भांग की झाड़ियों को काटा गया तथा नालियों और सार्वजनिक स्थानों से कूड़ा-कचरा हटाकर सफाई की गई। महिला मंडल की ओर से यह अभियान सरस्वती स्कूल से कटराई बिहाल स्थित सत्संग भवन तक चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने स्थानीय लोगों से कूड़ा-कचरा इधर-उधर न फेंकने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील भी की। अभियान में महिला मंडल की प्रधान पार्वती देवी, सचिव रीतू देवी, कमला व्यागी, पूजा देवी, लज्या देवी, रातक्कू देवी, रजनी देवी, देवकी देवी, विद्या देवी, रेवती देवी, सीमा देवी, अनिता देवी, नेहा देवी, रीनू देवी, लक्ष्मी देवी तथा अज्जू देवी सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिला मंडल की सदस्यों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत प्रयास है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

## लाहौल घाटी में यातायात सुधार की दिशा में बड़ा कदम, सिस्सू में अब सुगम होगा यातायात

# सिस्सू में आधुनिक ट्रैफिक लाइट व्यवस्था शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** विश्व प्रसिद्ध अटल टनल रोहतांग के उत्तरी छोर पर स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल सिस्सू में यातायात व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। लाहौल घाटी में लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने के लिए सिस्सू के प्रसिद्ध राजा घेपन मंदिर के समीप नई आधुनिक ट्रैफिक लाइट्स पूरी तरह से स्थापित कर संचालित कर दी गई हैं।

इस आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली के शुरू होने से अब स्थानीय लोगों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को न केवल ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी, बल्कि सड़क हादसों पर भी लगाम कसी जा सकेगी। लाहौल-स्पीति पुलिस ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (साडा) का विशेष आभार व्यक्त किया है।



अनंत ज्ञान

सिस्सू में स्थापित ट्रैफिक लाइट्स

पुलिस विभाग के अनुसार, साडा के वित्तीय और तकनीकी सहयोग से ही इस आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली को स्थापित किया जा सका है। पर्यटन सीजन के दौरान सिस्सू और राजा घेपन मंदिर के आसपास वाहनों की भारी आवाजाही के कारण अक्सर 'बॉटलनेक' की स्थिति बन जाती थी, जिसे हल करने के लिए यह व्यवस्था मील का पत्थर साबित होगी। उधर, इस बारे में एसपी लाहौल-स्पीति शिवानी मेहला ने कहा है कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक लाइट्स और संकेतों का पूरी तरह पालन करें। अपनी निर्धारित लेन में चलें, अनावश्यक जल्दबाजी से बचें और धैर्यपूर्वक वाहन चलाकर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें

**सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी, 'ब्लैक आइस' पर भी नजर:** सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए इन ट्रैफिक सिग्नलों को हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरों से जोड़ा जा रहा है, जिससे कंट्रोल रूम से सीधे यातायात की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा, सर्दियों के मौसम में इस क्षेत्र में पड़ने वाली अत्यधिक ठंड के कारण सड़कों पर 'ब्लैक आइस' (शीशे जैसी पतली बर्फ) जम जाती है, जिससे गाड़ियां फिसलने का खतरा रहता है। ऐसे समय में यह स्वचालित सिग्नल व्यवस्था वाहनों की गति को नियंत्रित करने में बेहद मददगार साबित होगी।

### रेड लाइट जंप करने पर कटेगा चालान

लाहौल-स्पीति पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'नो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। रेड लाइट जंप करने, निर्धारित लेन का पालन न करने या ओवरटेकिंग की कोशिश करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भारी चालान किए जाएंगे।

# नशाला में 3 वर्षीय मासूम को बोलेरो ने मारी टक्कर, अस्पताल में मौत

◆ सड़क किनारे जा रही थी बच्ची, चालक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**नगर।** कुल्लू जिला के नगर क्षेत्र के नशाला गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 वर्षीय मासूम बच्ची की जान चली गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मासूम की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि स्थानीय लोग भी इस हादसे से स्तब्ध हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 3 बजे नशाला निवासी 3 वर्षीय ध्यान्वी सड़क किनारे जा रही थी। इसी दौरान जाना गांव की ओर से आ रही बोलेरो कैंपर (पंजीकरण संख्या एचपी-34एफ-3597) ने कथित रूप से गलत दिशा में वाहन चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि मासूम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस थाना पतलीकूहल को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल बच्ची को तत्काल उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो कैंपर को अपने कब्जे में ले लिया तथा आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि आरोपी चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 106 और 324(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा जांच के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बिजली महादेव के दर पर नतमस्तक हुईं सांसद कंगना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों कुल्लू घाटी के दौरे पर हैं। इस दौरान वह सादगी भरे अंदाज में कुल्लू की खराहल घाटी स्थित ऐतिहासिक बिजली महादेव मंदिर पहुंचीं। कंगना ने देवदार के घने जंगलों से होकर कई किलोमीटर की पैदल चढ़ाई पूरी की और भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में उन्होंने कुछ समय ध्यान भी लगाया। इस दौरान उनके साथ सुरक्षा कर्मी और परिवार के सदस्य मौजूद रहे। बिजली महादेव यात्रा के अनुभव को कंगना ने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि कठिन चढ़ाई के बाद महादेव के दर्शन से उन्हें मानसिक शांति और आनंद की अनुभूति हुई। मंदिर में वह पारंपरिक हिमाचली टोपी और सादे परिधान में नजर आईं।



मंदिर परिसर में स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद का स्वागत किया। कंगना ने बिना किसी औपचारिकता के ग्रामीण महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर बातचीत की और क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों तथा मूलभूत सुविधाओं को लेकर जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ बैठकर हिमाचल के पारंपरिक व्यंजन सिड्डू का स्वाद भी लिया और ग्रामीण संस्कृति व मेहमाननवाजी की सराहना की। इससे पहले कंगना चंसारी क्षेत्र में निशुल्क मोबाइल एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ कर चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने सांसद के इस जनसंपर्क कार्यक्रम को क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक पहल बताया।

# कशेरी नाले पर पुल का कार्य अंतिम चरण में

## आज दोपहर तक शुरू हो जाएगा आवागमन, ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

पतलीकूहल

गत दिनों हुई भारी बारिश और बादल फटने के बाद उफान पर आए कशेरी नाले ने क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी थीं। नाले में तेज बहाव आने से संपर्क मार्ग पूरी तरह टूट गया था, जिससे ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ रहा था। हालात ऐसे बन गए थे कि करीब 43 लोग नाले के दूसरी ओर फंस गए थे। कई दिनों तक लोगों को आवश्यक कार्यों, स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने कशेरी नाले पर पुल स्थापित करने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया। वर्ष 2025 की भीषण बाढ़ में इस पुल के एबटमेंट और पुल संरचना को नुकसान पहुंचा था, जिसके बाद इसे हटाना पड़ा था। अब विभाग की तकनीकी टीम ने दोबारा पुल स्थापित कर दिया है और अंतिम चरण का कार्य तेजी से चल रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि पुल पर स्टील प्लेट्स बिछाने का कार्य जोरों पर है। उन्होंने कहा कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो मंगलवार दोपहर तक पुल पर लोगों की आवाजाही शुरू कर दी जाएगी। इसके बाद कशेरी गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को उफनते नाले को पार करने के लिए जान जोखिम में नहीं डालनी पड़ेगी और कई दिनों से बंद पड़ा संपर्क मार्ग फिर से बहाल हो जाएगा। ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने पर राहत जताई है। उनका कहना है कि संपर्क मार्ग बहाल होने से स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और रोजमर्रा के कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में होने वाले धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए भी सुरक्षित आवागमन संभव हो सकेगा। स्थानीय लोगों ने मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ का भी आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि अस्थायी व्यवस्था के बाद सरकार जल्द ही यहां स्थायी पुल का निर्माण भी करवाएगी, ताकि भविष्य में बरसात के दौरान इस तरह की परेशानी दोबारा न हो।

# सूत्रधार कला संगम ने स्वर्ण जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा



बैठक के दौरान सूत्रधार के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी समीक्षा बैठक सरवरी स्थित सूत्रधार भवन के अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने की। इस दौरान हाल ही में संपन्न हुए 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की विस्तृत समीक्षा की गई और आगामी स्वर्ण जयंती वर्ष (50वें वर्ष) के कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कार्यकारिणी ने वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले कलाकारों, निर्णायकों, स्वयंसेवकों, प्रतिभागियों, अभिभावकों, विभिन्न पाठशालाओं, दानी सज्जनों, कलाप्रेमियों, जिला प्रशासन और मीडिया का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि संस्था कला, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले सभी लोगों का स्वागत करती है और इच्छुक व्यक्ति किसी भी रूप में संस्था से जुड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था अब अपने गौरवमयी 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर संस्था की 50 वर्षों की सांस्कृतिक यात्रा, लोक संस्कृति संरक्षण और समाज सेवा की विरासत को दर्शाने वाले विशेष लोगो का भव्य अनावरण किया जाएगा। लोगो निर्माण के लिए उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में समिति गठित की गई है, जिसमें महासचिव अतुल गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा और भारत भूषण आचार्य को शामिल किया गया है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वर्ण जयंती महोत्सव इस बार पांच दिवसीय भव्य आयोजन के रूप में आयोजित होगा। इसमें स्थानीय स्कूलों, सांस्कृतिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। स्वर्ण जयंती वर्ष का पहला कार्यक्रम 29 जुलाई को देव सदन कुल्लू में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा।

## लरांकेलो पंचायत की पहली ग्राम सभा में विकास कार्यों पर मंथन

**अनंत ज्ञान मनाली।** जिला कुल्लू की लरांकेलो पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के प्रधान ऋषि किशोर, उपप्रधान नीतीश नेगी, बीडीसी सदस्य कांता व वार्ड के पंच तथा पंचायत के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता टेक्निकल इंजीनियर सोनम नेगी ने किया ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान ऋषि किशोर ने कहा कि वह और उनके साथी पुरे पंचायत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा उन्होंने बताया कि इस बार ग्राम सभा में वर्ष 2026 का आय व्यय का अनुमोदन, बीपीएल परिवारों के नई गाइडलाइन, पंचायत में ठोस कचरा प्रबंधन, स्वच्छता,पंचायत में सतर्कता समिति का गठन, नशा मुक्ति अभियान व एंटी चिट्टा अभियान,इमरती लकड़ी वितरण स्वीकृति. सड़क, लाइब्रेरी, खेल का मैदान और बुजुर्गों के लिए पार्क आदि विषयों पर चर्चा हुई।

# अग्निवीर भर्ती सीईई-2027 का परिणाम घोषित, 2,769 अभ्यर्थी हुए चयनित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** भर्ती कार्यालय (एआरओ) मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल गौतम निशांत ने जानकारी दी कि भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई)-2027 का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर सीईई रिजल्ट टैब के माध्यम से अपना परिणाम देख सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं। यह परिणाम अंबाला जोन के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों के लिए जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों के कुल 2,769 अभ्यर्थियों का विभिन्न श्रेणियों में चयन हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों को भर्ती वर्ष 2026-27 के दौरान आयोजित होने वाली भर्ती रैलियों में शारीरिक दक्षता परीक्षा और चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। एआरओ मंडी ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए आगामी भर्ती प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन और टेक्निकल श्रेणियों की भर्ती रैली 2 फरवरी से 6 फरवरी, 2027 तक मंडी के पड्डल ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। वहीं सोल्जर नर्सिंग असिस्टेंट, सिपाही फार्मा, धार्मिक शिक्षक और जेसीओ श्रेणियों की भर्ती रैली 20 से 27 जुलाई, 2026 तक रोहतक में होगी।

महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती रैली अक्तूबर 2026 के अंतिम सप्ताह में अंबाला में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। सेना ने सभी अभ्यर्थियों से समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाएं कार्यकर्ता: सुंदर

## ब्लॉक कांग्रेस कुल्लू की बैठक आयोजित, बूथ कमेटियों को मजबूत करने पर बल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित होटल शोभला कांप्लेक्स में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कुल्लू की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 2017 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और बूथ कमेटियों का पुनर्निर्माण करना रहा।



बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुंदर ठाकुर। अनंत ज्ञान

विधायक सुंदर सिंह ने कहा कि पार्टी की असली ताकत जमीनी स्तर के कार्यकर्ता और बूथ कमेटियां हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से आगामी चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं। संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने घोषणा की कि बहुत जल्द पंचायत स्तर पर कर्मठ पंचायत अध्यक्षों की नियुक्तियां की जाएंगी, ताकि बूथ लेवल पर पार्टी को अभेद्य किला बनाया जा सके। इसके साथ ही विधायक ने वर्तमान सरकार की विभिन्न जनहितैषी उपलब्धियों और विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाने की बात भी कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी हित में डटकर कार्य करने का आह्वान किया। इसके साथ ही विधायक ने सरकार की विभिन्न उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेस राम आजाद ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और सभी से मतभेद भुलाकर एकजुट होकर काम करने की अपील की। बैठक में जिला परिषद (वर्षिनी वार्ड) के सदस्य प्रवीण ठाकुर, और कुल्लू विधानसभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने की रणनीति साझा की।

बैठक में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संजीव धर, जिला कांग्रेस महासचिव संजय गुप्ता, रहमत चौहान, मुकेश महंत, मिश्रा देवी, हेमा शर्मा, भगवान दास बौद्ध, ज्ञानचंद, रेशमा वर्मा, जीवन ठाकुर, विशाल महंत, और बीडीसी भुंतर के अध्यक्ष राम प्रसाद शामिल हैं।

## स्पीति के कीह मठ में वार्षिक पारंपरिक गुतोर महोत्सव संपन्न

# विधायक अनुराधा ने लिया बौद्ध गुरुओं से आशीर्वाद

◆ विधायक ने की ऐच्छिक निधि से 1 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा



अनंत ज्ञान

सांस्कृतिक रंगमंच के भूमि पूजन के दौरान गणमान्य लोग।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** स्पीति स्थित विश्वप्रसिद्ध कीह मठ में सोमवार को वार्षिक गुतोर महोत्सव श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

इस धार्मिक महोत्सव में लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर मठ में आयोजित विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया व 19वें टीके लोछेन दुल्कू रिनपोछे से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर काजा की एडीसी शिखा सिमटिया विशिष्ट अतिथि तथा तंग्युत गोंपा के खेनपो फोरबू सेरिंग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मठ के भिक्षुओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, श्रद्धालुओं और बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया। महोत्सव के दौरान बौद्ध परंपरा के अनुसार विशेष धार्मिक अनुष्ठान, प्रार्थनाएं एवं पूजा संपन्न कराई गई।

मुख्य अतिथि विधायक अनुराधा राणा ने 1 लाख रुपए की राशि अपनी ऐच्छिक निधि से कार्यक्रम को देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्पीति की समृद्ध बौद्ध संस्कृति और धार्मिक विरासत पूरे हिमाचल की अमूल्य धरोहर है। ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल लोगों की आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। उन्होंने की मठ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता का उल्लेख करते हुए इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। समारोह के केंद्र में रहे 19वें अवतारी टीके लोछेन दुल्कू रिनपोछे ने श्रद्धालुओं को करुणा, अहिंसा और मानव सेवा का संदेश देते हुए सभी के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर 19वें अवतारी टीके लोछेन दुल्कू रिनपोछे और विधायक अनुराधा राणा द्वारा कीह में सांस्कृतिक खुला रंगमंच का भी भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर काचेन तेंजिन लेशे, लौचन तेंजिन क्यांसंग रिंपोछे जी, खेंनपो फुरबू, और अन्य लामागण समेत एडीसी शिखा, एसडीएम दीक्षित राणा, बीडीओ अंशुल शांडिल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विधायक अनुराधा राणा ने विकास के मुद्दों पर जनता से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, काजा।** स्पीति प्रवास पर पहुंचीं लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा का पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वागत समारोह में जिला परिषद सदस्य थुकतन डोलमा, लोसर पंचायत की प्रधान पुनम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दौरजे छेरिंग, दोरजे ठाकुर, जोर्डन, रिनचिन तंडुप, टीएसी सदस्य वीर भगत, लारा छेरिंग, लोब्जंग तंडुप, छेवांग तंडुप, तनपा, तंडुप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विधायक अनुराधा ने स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर उनके सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि जनहित के प्रत्येक मुद्दे का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए जिला कुल्लू की टीम रवाना



राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए चयनित जिला कुल्लू की वुशू टीम अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** 23वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता 14 से 15 जुलाई को जिला हमीरपुर के हिम एकेडमी स्कूल में होने जा रही है। यह जानकारी जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव व वुशू के कोच लुदर चंद ने दी।

उन्होंने बताया कि 23वीं राज्यस्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के 8 वुशू खिलाड़ियों का चयन हुआ है और जिला कुल्लू वुशू संघ द्वारा खिलाड़ियों के लिए वुशू सानशू और ताउलू का कोचिंग कैंप होली एंजिल्स स्कूल शमशी में लगाया गया था। महिला वर्ग में भारत भारती स्कूल ढालपुर कुल्लू की स्मृति का चयन 45 किलोग्राम भार वर्ग, पल्लवी ठाकुर का चयन 48 किलोग्राम भार वर्ग तथा एकता ठाकुर का चयन 52 किलोग्राम भार वर्ग के लिए हुआ है। पुरुष वर्ग में होली एंजिल्स स्कूल शमशी के आनन ठाकुर 48 किलोग्राम भार वर्ग और आरुष डोगरा 52 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेंगे।

इसके अलावा विवग्योर वर्ल्ड स्कूल पीपलागे के देवेश पराशर 60 किलोग्राम भार वर्ग तथा अक्षित वुशू स्पोर्ट-स एकेडमी के पंकज ठाकुर 70 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ताउलू इवेंट में अक्षित वुशू स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ी रिशित चोपड़ा ननक्वान में अपना हुनर दिखाएंगे। राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा।

जिला कुल्लू से टीम कोच चेतन लाल और टीम मैनेजर योगेंद्र योगेंद्र ठाकुर होंगे। इस अवसर पर जिला कुल्लू वुशू संघ के अध्यक्ष पूर्ण चंद, उपाध्यक्ष झाबे राम, राकेश कुमार चेयरमैन, नीलम शर्मा कोषाध्यक्ष सहित सदस्य रमा शर्मा, मिनेश ठाकुर, चंद्रेश्वरी, वीना देवी,ज्ञान ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों व टीम कोच को शुभकामनाएं दीं।

# जिला परिषद सोलन पर भाजपा का कब्जा

## कुमारी शीला निर्विरोध चेयरमैन और पंकज शर्मा बने वाइस चेयरमैन

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला परिषद सोलन में भाजपा ने अपना परचम लहराते हुए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन दोनों पदों पर कब्जा जमा लिया। चेयरमैन पद पर कुमारी शीला तथा वाइस चेयरमैन पद पर पंकज शर्मा निर्वाचित हुए। चेयरमैन पद के लिए कुमारी शीला का निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव के दौरान भाजपा समर्थित 13 सदस्य उपस्थित रहे, जबकि कांग्रेस समर्थित चार सदस्य मतदान प्रक्रिया से नदारद रहे।

**◆ भाजपा ने विकास व 2027 की वापसी का भरा दम**

निर्वाचन के बाद कुमारी शीला ने इस जीत का श्रेय सांसद सुरेश कश्यप, चुनाव प्रभारी राजपाल, जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के प्रभारी पुरुषोत्तम गुलेरिया, रतनपाल सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल, पूर्व सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, सोलन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, कंडाघाट मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को दिया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के सभी 17 सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी जाएगी। साथ ही विश्वास जताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर जिला परिषद सदस्यों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

नवनिर्वाचित वाइस चेयरमैन पंकज शर्मा ने भी पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता सड़कों के सुदृढ़ीकरण और पेयजल संकट से प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना होगी। इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की जीत है। उन्होंने दावा किया कि जिला परिषद चुनाव परिणामों ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पिछले साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल की नाकामियों को उजागर किया है। कश्यप ने कहा कि प्रदेश की आठ जिला परिषदों में भाजपा का कब्जा हो चुका है, जो 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की वापसी का संकेत है।



सोलन में नवनिर्वाचित जिला परिषद चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के साथ सांसद व अन्य। अनंत ज्ञान

# पच्छाद के सराहां में कार हादसा महिला टीचर समेत तीन की मौत

## 250 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, बेटा गंभीर घायल

अनंत ज्ञान



**पच्छाद।** सिरमौर जिले के पच्छाद उपमंडल में रविवार शाम एक सड़क हादसे में महिला टीचर समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पच्छाद में प्राथमिक इलाज देने के बाद नाहन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सूचना के अनुसार यह हादसा सराहां बस स्टैंड से करीब 100 मीटर दूर उस समय हुआ। अधिकारी जेटली अपने परिवार के साथ शाम करीब 7.30 बजे सराहां से अपने घर की तरफ जा रहे थे। गाड़ी में अधिकारी जेटली की पत्नी व बेटा और महिला टीचर रीना शर्मा सवार थी। बस स्टैंड से करीब 100 मीटर दूरी पर ही इनकी कार अनियंत्रित होकर लगभग 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी व राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हादसे में महिला टीचर रीना शर्मा (48) पत्नी राम लाल निवासी धरगौण सराहां सिरमौर व कार चालक अधिकारी जेटली (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अधिकारी जेटली की पत्नि उर्मिला जैटली ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। दंपत्ति का बेटा यशस्वी गंभीर रूप से घायल है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस आज तीनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपेगी। इसके बाद पैतृक गांव में तीनों का अंतिम संस्कार होगा। वहीं पच्छाद प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए तथा घायल को 5 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व प्रधान केशव राम के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत पारनू के पूर्व प्रधान केशव राम के लंबे समय से अस्वस्थ रहने के उपरांत हुए निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। विधायक अर्की संजय अवस्थी, समाजसेवी करमचंद कौशल, ग्राम पंचायत पारनू की प्रधान कांता शर्मा, पूर्व प्रधान विद्या सागर शर्मा, उपप्रधान गोपाल कृष्ण, पूर्व उपप्रधान मनी राम ठाकुर, दिनेश महाजन, बंसत राम, धनी राम, हीरा लाल, हरि राम, ललित, संजय, हेमंत वर्मा, ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के पूर्व उपप्रधान राजेश गुप्ता, दाड़ला प्रधान श्याम सिंह चौधरी, उपप्रधान हेमराज गौतम, पंचायत समिति सदस्य संगीता सोनी, ग्राम पंचायत रौड़ी के उपप्रधान मदन शर्मा, ग्राम पंचायत बरायली के प्रधान कृष्ण चंद भट्टी, ग्राम पंचायत चाखड़ के प्रधान उपेंद्र वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन सिंह ठाकुर, लाला शंकर दास अरोड़ा, जगदीश, मनोज, अनिल, तिलक गौतम तथा जय सिंह ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया। सभी ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय केशव राम एक सरल, मिलनसार एवं समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे। पूर्व प्रधान के रूप में उन्होंने ग्राम पंचायत पारनू के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### राजगढ़ के निरंकारी भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 247 यूनिट रक्त संग्रहित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ में संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को निरंकारी भवन परिसर में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानव सेवा और परोपकार की भावना को समर्पित इस शिविर में युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 269 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 221 पुरुष और 48 महिलाएं शामिल थीं। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 22 लोगों को चिकित्सकीय कारणों से अस्थायी रूप से रक्तदान के लिए अयोग्य घोषित किया गया। इसके बाद 217 पुरुषों और 30 महिलाओं सहित कुल 247 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिससे 247 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी (नागरिक) राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है, क्योंकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। दुर्घटनाओं, ऑपरेशन, प्रसव और गंभीर बीमारियों जैसी आपात स्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध होने से अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। संत निरंकारी मिशन, राजगढ़ के संयोजक नितेश साहनी ने शिविर की सफलता के लिए सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वास्थ्य विभाग, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### जिला परिषद सदस्य मीनाक्षी ठाकुर के सम्मान में आभार समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भाजपा समर्थित जिला परिषद सदस्य वार्ड दाड़लाघाट मीनाक्षी ठाकुर की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में उनके निवास स्थान गांव कशलोग में आभार एवं धन्यवाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा दाड़ला मंडल के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मीनाक्षी ठाकुर ने चुनाव में मिले जनसमर्थन और विश्वास के लिए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह जनसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

### सेना में करियर बनाने की दी कैडेट्स को जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पहली हिमाचल (ब्वॉयज) बटालियन सोलन की ओर से सोलन की डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन आर्मड फोर्स में करियर पर जानकारी दी गई। एडम ऑफिसर कर्नल एएस सिद्धू ने बताया कि ने एनसीसी कैडेट्स को बताया कि भारतीय सेना को हम किस प्रकार से अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि सेना में चयन के लिए सामान्यतः: किन-किन चरणों से गुजरना पड़ता है। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव थॉमस ने बताया कि शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, हथियारों की सामान्य जानकारी, मैप रीडिंग, शारीरिक प्रशिक्षण, योग, समूह चर्चा विभिन्न साहसिक एवं सामूहिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

### धामथन में राज्य सहकारी बैंक का वित्तीय साक्षरता शिविर

## ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के प्रति किया जागरूक




अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लानाचेता द्वारा धामथन गांव में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

शिविर में बैंक की ओर से राजेंद्र शर्मा एवं रविंद्र ने भाग लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान गुमान सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, बचत खातों, ऋण सुविधाओं, डिजिटल बैंकिंग तथा सरकारी वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

बैंक अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, एटीएम कार्ड का पिन, सीवीवी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय बैंकिंग जानकारी साझा न करें। इसके अलावा एटीएम कार्ड, डिजिटल भुगतान, मोबाइल बैंकिंग तथा बैंक के अन्य महत्वपूर्ण उत्पादों एवं सेवाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

# 25 करोड़ की शेयर कैपिटल से संभव बघाट बैंक का रिवाइवल : एडिशनल रजिस्ट्रार

## आरबीआई की पाबंदियां हटाने की तैयारी, जनता व शेयरधारकों से मांगेंगे पूंजी सहयोग

अनंत ज्ञान

**सोलन।** बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के पुनर्जीवन (रिवाइवल) के लिए 25 करोड़ रुपए की शेयर कैपिटल जुटाने की मुहिम शुरू कर दी गई है। एडिशनल रजिस्ट्रार, डिपार्टमेंट ऑफ कोऑपरेशन, शिमला एवं बैंक के प्रशासक नीरज सूद ने कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति सुधारने और आरबीआई की ओर से लगी पाबंदियां हटाने के लिए यह कदम बेहद अहम है।

उन्होंने बताया कि बैंक प्रदेशभर की अपनी शाखाओं में विशेष अभियान चलाएगा, जिसके तहत शेयरधारक, बैंक कर्मचारी, खाताधारक और आम जनता कैपिटल शेयर खरीदने के लिए सहमति दे सकती है। इसके लिए इच्छुक लोगों को सहमति पत्र (कंसेंट फॉर्म) भरना होगा। पिछले एक सप्ताह में ही 2 करोड़ 61 लाख रुपये के शेयर खरीदने के लिए सहमति प्राप्त हो चुकी है। नीरज सूद ने कहा कि बैंक की नेटवर्थ को सकारात्मक बनाने के लिए करीब 25 करोड़ रुपए की शेयर कैपिटल आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकार से 15 करोड़ रुपए की शेयर कैपिटल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। यदि बैंक जनता और शेयरधारकों से 12 से 15 करोड़ रुपए की शेयर कैपिटल जुटाने में सफल रहता है तो बैंक का रिवाइवल आसान हो जाएगा। इसके बाद आरबीआई को रिवाइवल प्लान भेजा जाएगा और तीन से चार माह के भीतर बैंक पर लगी कैपिंग हटने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि बैंक में लिक्विडिटी सुधारने के साथ-साथ एनपीए की वसूली भी तेज की जाएगी। बड़े डिफॉल्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई में भी सख्ती बरती जाएगी ताकि बैंक की वित्तीय स्थिति जल्द मजबूत हो सके। इस दौरान एसीआरएस सोलन व प्रशासक गिरीश नड्डा और लॉ अफसर कम बैंक प्रशासक संजय शर्मा भी मौजूद रहे।




पत्रकार वार्ता करते बैंक प्रशासक नीरज सूद। अनंत ज्ञान

### मानसून लकी डबल बैडमिंटन टूर्नामेंट

## रविंदर-विक्रम की जोड़ी रही विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में आयोजित एक दिवसीय मानसून लकी डबल बैडमिंटन टूर्नामेंट (30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में करीब 60 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में रविंदर और विक्रम की जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं गुरुदेव संचित शर्मा और सुरेश की जोड़ी उपविजेता रही। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी योगेश चौहान, यादविंदर (यादू) तथा आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए इसे खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने वाला आयोजन बताया।

### कनाडा में गूंजा हिंदी साहित्य, कविता और गजलों से बांधा समां

# योगेश मंमगाई की कविताओं ने बटोरी वाहवाही

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कनाडा के टोरंटो शहर में सोलन के कवि एवं साहित्यकार योगेश मंमगाई की अध्यक्षता में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न साहित्यकारों और कवियों ने कविता, गीत, ग़ज़ल तथा संस्मरणों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदेश में रहकर भी हिंदी साहित्य की सेवा में सक्रिय योगेश मंमगाई ने अपनी चर्चित कविता 'सुगंध मेरी माटी' के माध्यम से भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और संस्कारों का भावपूर्ण चित्रण किया। वहीं दूसरी कविता में उन्होंने भगवान राम के आदर्शों की वर्तमान संदर्भ में व्याख्या करते हुए सामाजिक सरोकारों पर विचारोत्तेजक संदेश दिया।

हेमंत अत्री ने 'प्रकृति रही है दहाड़', 'फिर दरक रहे पहाड़' तथा पहाड़ी कविताओं 'मोबाइल फोनो रा नजारा' और 'गागुटी' का पाठ कर खूब तालियां बटोरीं। डॉ. कुल राजीव पंत ने 'बादल के गीत' के माध्यम से प्रकृति का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। वरिष्ठ लेखिका कौमुदी ढल ने 'चव्वनी चली गई' कविता से श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया, जबकि डॉ. प्रेम लाल गौतम ने अपने पदों से वाहवाही लूटी। बिलासपुर से आए लेखक रत्नचंद निर्झर ने यात्रा संस्मरण 'नेकी कर दरिया में डाल' सुनाया। डॉ. अर्चना पंत ने नारी सशक्तिकरण पर ओजपूर्ण कविता प्रस्तुत की। ध्यान सिंह चौहान ने सिरमौरी गीतों से समां बांधा। साहित्यकार डॉ. दमन आहूजा ने अपने साहित्यिक संस्मरण साझा करते हुए बताया कि उनकी पांचवीं पुस्तक 'न बंधन, न मुक्ति' का शीघ्र विमोचन होगा। कार्यक्रम में कुल राकेश पंत, यशपाल कपूर और प्रदीप मंमगाई ने भी कविता पाठ कर साहित्यिक संध्या को यादगार बना दिया।



कविता प्रस्तुत करते साहित्यकार योगेश मंमगाई। अनंत ज्ञान

## संतोष देवी बनी दानोघाट महिला मंडल की प्रधान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दानोघाट के गांव साजाहाड़-ब्यूली स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिला मंडल के गठन हेतु आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत दानोघाट के प्रधान दूनी चंद शर्मा तथा उपप्रधान श्याम लाल ठाकुर ने की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संतोष देवी को महिला मंडल का प्रधान चुना गया।

इसके अलावा मालती देवी, नर्वदा देवी, अमरा देवी, कान्ता देवी, रामकली, मंजू, पूजा, पार्वती, वीना, शीला, प्रीति, बंती देवी, द्रोपती देवी, रुक्मणी, विमला देवी एवं कलावती सहित अन्य महिलाओं को महिला मंडल में शामिल किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नवगठित महिला मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला मंडल गांव में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता व विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सोलन में संस्कृत के अनुपम रत्न प्रो. केशवराम शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संस्कृत साहित्यकार प्रो. केशवराम शर्मा की स्मृति में कांगड़ा-हमीरपुर मैत्री सभा हॉल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। 26 जून को उनके निधन के बाद आयोजित कार्यक्रम में देशभर से आए विद्वानों, शिष्यों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. प्रेम लाल गौतम ने सभा का संचालन किया। वक्ताओं ने प्रो. शर्मा को संस्कृत साहित्य की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। उन्होंने लगभग 30 संस्कृत महाकाव्य लिखे, जिनमें 13 प्रकाशित हैं। उनकी रचनाओं पर शोध हुए और उन्होंने पुराण प्रवचनों के माध्यम से संस्कृत संस्कृति का प्रचार किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि0प्र0**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि0प्र0 के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में होने होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यो हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 27/07/2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ में व्यतिगत रूप पा डाक के माध्यम से निविदा शुल्क के साथ पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 28/07/2026 को 11 बजे पंचायत कार्यालय के समक्ष निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी। **सामग्री विवरण:-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, पक्की इंट (A,B,C GRADE) प्रति 1000 न., बजरी 10, 20, 40MM (क्रशर की) प्रति घन मीटर, पत्थर (cut stone) size प्रति घन मीटर, सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घण्टा, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घन मीटर, सैटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) रनिंग मीटर, सैटरिंग (भवन, निर्माण/अन्य) edges of slab, सामग्री ढुलान (सीमेंट) लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैग प्रति किलोमीटर, Sign Board (3 '×2 ', 4 '× 3 ') लोहे का प्रति sqr फ़ीट, Sign Board (3 '×2 ', 4 '×3 ') कंक्रीट का मनरेगा कार्यो के लिये प्रति बोर्ड, बोर्ड लिखाई प्रति बोर्ड, Sand (Water Bound) प्रति घन मीटर, बाटर कूलर (20 लीटर, 40 लीटर, 80 लीटर) No., Airport 2 Seater waiting chair, Steel & cemented, No., Road Roller प्रति घण्टा, Mixture Machine With labour and without labour प्रति घन मीटर, पानी का टैंकर प्रति टैंकर। **नियम व शर्ते-** 1 निविदादाता को रेता, बजरी और बोल्डर के लिए ग्राम पंचायत में भूगोलिक स्थिति के आधार पर वार्ड बनमगोह, जबोठ के लिए अलग और अन्य सभी वार्ड के लिए तीन अलग अलग दरों में निविदा देनी अनिवार्य होगी। 2. निविदा दाता के पास अपना, TIN NO/GST NOऔर पैन no होना आवश्यक है। (सिवाए सामग्री ढुलान और बोर्ड लिखाई। 3.निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान)। 4. निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-FORM जमा करवाने होंगे। M FORM न देने की स्थिति में किसी भी बिल को मान्य नहीं समझा जायेगा, और उस बिल की अदायगी नहीं की जाएगी। 5. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 6. सामग्री की आपूर्ति लोकनिर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 7. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 8. निर्माण सामग्री कार्यस्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 9. निविदा पारित होने के दिन ही पारित निविदादाता को मु0 20,000/- रु0 अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। 10. निविदादाता को मु0 1000 रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क पंचायत में जमा करवाने होंगे। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार बार्डो की भूगोलिक स्थिति के आधार पर ही मूल्य देय होगा व् अस्वीकृत सामग्री की अदायगी नहीं होगी। 12. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाज़ार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी। 13. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 14. सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त TA/JE की पैमाइश के उपरान्त की जायेगी। 15. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय बिभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा। **नोट:-** उपरोक्त लिखित शर्तो को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है तो उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। **प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि0प्र0**

### सरकार शिक्षा क्षेत्र को कर रही मजबूत, 140 स्कूलों में लागू होगा सीबीएसई पाठ्यक्रम : डॉ. शांडिल

# शिक्षा ज्ञान, कौशल व नैतिक मूल्य विकास के आधार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के ज्ञान, विश्वास, कौशल और नैतिक मूल्यों के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल जीवन स्तर को बेहतर बनाती है,

**◆ 25.20 लाख रुपए की लागत से स्थापित डिजिटल पुस्तकालय का किया शुभारंभ**

बल्कि व्यक्ति की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करती है। डॉ. शांडिल राजकीय महाविद्यालय में लगभग 25.20 लाख रुपये की लागत से स्थापित डिजिटल पुस्तकालय के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करती है और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिक स्तर से ही सुदृढ़ करने के लिए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा 140 सरकारी विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने तथा प्राथमिक विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू करने जैसे निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सुखाश्रय और इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजनाएं बेसहारा बच्चों के लिए सहारा बनी हैं। सोलन जिले में इस वर्ष इन योजनाओं के तहत एक करोड़ 60 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों और व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में रोबोटिक शल्य चिकित्सा जैसी आधुनिक सुविधाएं शुरू की गई हैं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो रहा है।

कार्यक्रम के बाद डॉ. शांडिल ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा शीघ्र समाधान के निर्देश जारी किए।



डिजिटल पुस्तकालय का लोकार्पण करते स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

### ट्रांसपोर्टरों ने एसडीटीओ प्रधान राम कृष्ण बंसल के समक्ष उठाई लंबित समस्याएं

# बरसात में ट्रकों की अनलोडिंग समस्या के समाधान का भरोसा

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** क्षेत्र के ट्रांसपोर्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला सोलन ट्रांसपोर्ट ट्रक ऑपरेटर सोसायटी (एसडीटीओ) के नवनिर्वाचित प्रधान राम कृष्ण बंसल से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ट्रांसपोर्टरों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से बरसात के मौसम में डीलरों और डंप स्थलों पर ट्रकों की समय पर अनलोडिंग न होने की समस्या पर चिंता जताई। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि कई बार वाहन कई-कई दिनों तक खाली नहीं हो पाते, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है और चालक भी परेशान होते हैं। उन्होंने कहा कि अनलोडिंग में देरी से परिवहन व्यवस्था प्रभावित होती है तथा सीमेंट आपूर्ति पर भी असर पड़ता है।

इसके अलावा संगठन से जुड़े अन्य लंबित मामलों पर भी चर्चा की गई। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि परिवहन क्षेत्र स्थानीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए समस्याओं का जल्द समाधान जरूरी है। एसडीटीओ प्रधान राम कृष्ण बंसल ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित पक्षों के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनलोडिंग समस्या के समाधान के लिए कंपनी प्रबंधन से शीघ्र बातचीत की जाएगी और स्थायी समाधान निकालने का प्रयास होगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी**

**विकास खण्ड श्री नयना देवी जी, स्थित स्वारघाट, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बस्सी द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु विकास कार्यो हेतु (रेत, क्रशर व प्लांट ऊना, बजरी क्रशर 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम से 90 एमएम, सोलिंग) प्रति घन फुट, शटरिंग दीवार, स्लैब, रास्ता/प्रति स्क्वेयर फीट, पक्की ईट द्वितीय श्रेणी/प्रति ईट, JCB hard rock, soft rock/प्रति घंटा, सीमेंट ढुलान मजदूरी सहित श्री नयना देवी जी से बस्सी स्टोर तक/प्रति बैग तथा स्टोर से कार्य स्थल तक 0 कि.मी. से 2 कि.मी. तक प्रति चक्कर व 2 कि.मी. से 05 कि.मी. तक तथा 05 कि.मी. से अधिक पंचायत क्षेत्र तक प्रति चक्कर हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी निविदा दिनांक 21.07.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी में दोपहर 4:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। निविदा का आबंटन दिनांक 22.07.2026 को पंचायत बैठक में किया जाएगा। सामग्री अच्छी किस्म की होनी चाहिए। सामग्री की अदायगी मूल्यांकन अनुसार की जाएगी। सामग्री की सप्लाई जहां तक गाड़ी जाती हो वहां तक करनी होगी। निविदा की दरें 31.03.2027 तक या आगामी निविदाओं की प्राप्ति तक प्रभावी रहेंगी। ग्राम पंचायत के पास निविदाओं को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। निविदादाता जीएसटी धारक लैटरपैड पर ही सामग्री की दर व GST extra में दें तथा निविदा पर कटिंग मान्य नहीं होगी तथा बंद लिफाफे में ही निविदा मान्य होगी। सामग्री का एम फार्म बिल के साथ देना होगा। सामग्री की दरें negotiation करने के उपरांत पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी। जमानत राशि 40000/- रु. है। यदि वेंडर समय पर सामग्री की उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो पंचायत नए सिरे से कुटेशन आमंत्रित कर सकती है व जमा सिक्योरिटी वापिस नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव**

**ग्राम पंचायत बस्सी, वि.खं. श्री नैना देवी जी (स्थित स्वारघाट)**

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु बाबा निहचल दास का प्रकाशोत्सव 29 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्री गुरु बाबा निहचल दास जी (उदासी) के पावन प्रकाशोत्सव एवं गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर 29 जुलाई को संत नगर, वार्ड नंबर-15, सेंट सोल्जर स्कूल के समीप वीनेवाल में भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए संत केशवानंद महाराज उदासी सेवा ट्रस्ट (रजि.) के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक समारोह में क्षेत्र सहित पंजाब के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे गुरु पूजा के साथ होगा। इसके पश्चात दोपहर 1:00 बजे गुरु का अटूट लंगर श्रद्धालुओं के लिए आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी संगत प्रेमपूर्वक लंगर प्रसाद ग्रहण करेगी उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पंजाब के सुप्रसिद्ध भजन एवं धार्मिक गायक बल्ली बैंस अपनी मधुर वाणी से गुरु महिमा का गुणगान कर संगत को आध्यात्मिक रस से सराबोर करेंगे। कार्यक्रम के दौरान गुरु भक्ति, सत्संग, कीर्तन एवं सेवा का विशेष वातावरण रहेगा राजीव कुमार ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पावन पर्व है, जो गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का संदेश देता है।

### 10 सत्रों में मिला संस्कार व शिक्षण का प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, अंब।** एकल अभियान आंचल ऊना के तत्वावधान में जिला ऊना के उपतहसील जोल के बसलेहड़ा में आयोजित पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग उत्साहपूर्वक जारी है। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से लगभग 40 आचार्य भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास वर्ग 16 जुलाई तक चलेगा। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतीश कुमार प्रधान अम्बेहड़ा, बीडीसी सदस्य विवेक कुमार, सुनील कुमार तथा समिति अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एकल अभियान आंचल के प्रमुख रणबीर धीमान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने एकल अभियान के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के बच्चों तक शिक्षा और संस्कार पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की। अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन सुबह स्मरण सत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दिनभर कुल 10 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें श्री हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र, योगाभ्यास, एकात्मता मंत्र सहित संस्कार आधारित गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही आचार्यों को शिक्षण पद्धति, व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा एवं बाल मनोविज्ञान से जुड़े विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

### 12 दिन बाद भी अप्रूव नहीं की गई परिवार सूची

**अनंत ज्ञान, घनारी।** एक ओर सरकार 'घर-घर सरकार' और 'डिजिटल सेवाएं हर द्वार' जैसे बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही इन दावों की खुलकर पोल खोलती नजर आ रही है। हालात ऐसे हैं कि लोगों की सुविधा के लिए खोले गए लोक मित्र केंद्र भी पंचायत स्तर पर व्याप्त सुस्त कार्यप्रणाली और अधिकारियों की उदासीनता से जूझ रहे हैं। गगरेट विधानसभा क्षेत्र की तहसील घनारी के अंतर्गत आने वाले गांव दियोली में ऐसा ही मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एक लोक मित्र केंद्र संचालक ने 3 जुलाई को एक परिवार की परिवार सूची तैयार करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि 12 जुलाई तक भी संबंधित पंचायत सचिव द्वारा आवेदन को अप्रूव नहीं किया गया। एक सामान्य ऑनलाइन प्रक्रिया को दस दिन तक लंबित रखना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोक मित्र केंद्र संचालक का आरोप है कि जब उन्होंने पंचायत सचिव से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की तो पहले कई बार फोन तक नहीं उठाया गया। बाद में संपर्क होने पर केवल इतना कह दिया गया कि 'मैं बाहर हूं।' यह जवाब न केवल गैर-जिम्मेदाराना माना जा रहा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आम जनता के समय और परेशानियों को कितना महत्व दिया जा रहा है।

### बिलासपुर कॉलेज में पीजी प्रवेश प्रक्रिया पूरी, आज जारी होगी पहली मेरिट सूची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। विभिन्न विषयों में पात्र अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित प्रवेश मानदंडों के अनुसार किया गया। प्राचार्य डॉ. पी. एस. कटवाल ने बताया कि एमए इकोनॉमिक्स में 5, एमए इंग्लिश में 11, एमकॉम में 15, एमएससी केमिस्ट्री में 83, एमएससी मैथ्स में 67, एमएससी फिजिक्स में 29 और पीजीडीसीए में 19 अभ्यर्थी पात्र पाए गए हैं। पहली मेरिट सूची 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे जारी होगी। चयनित विद्यार्थियों को 15 और 16 जुलाई तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर दिया जाएगा।

### जुखाला में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस परिवार नियोजन को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सदर ब्लॉक मारकंड के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनंत राम के निर्देशानुसार सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र जुखाला में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड सदस्य अनीता देवी ने की। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व, परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा अनियोजित गर्भधारण की रोकथाम पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या से बेरोजगारी, गरीबी, प्रदूषण और स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं तथा विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हेल्पर सहित 43 लोगों ने भाग लिया।

### खाद के लिए ई-केवाईसी की अनिवार्यता से किसान परेशान, व्यवस्था वापस लेने की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा ने बिलासपुर में खाद वितरण के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य किए जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सर्वर और इंटरनेट की समस्या के चलते कई किसान ई-केवाईसी नहीं करवा पा रहे हैं, जिससे उन्हें बिना खाद लिए लौटना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि खेती के महत्वपूर्ण समय में इस व्यवस्था से किसानों और फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि तकनीकी समस्याएं दूर होने तक ई-केवाईसी की अनिवार्यता वापस ली जाए और किसानों को पहले की तरह आसानी से खाद उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर किसान संगठन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### पनोह गांव में जय मां बडोल देवी महिला मंडल ने दिया नशा मुक्त समाज का संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गांव पनोह में जय मां बडोल देवी महिला मंडल द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला संगठन बिलासपुर की अध्यक्ष अरुणा धीमान ने की, जबकि महिला मंडल प्रधान एवं बीडीसी सदस्य कौशल्या देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अरुणा धीमान ने महिलाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने में महिलाओं की भूमिका अहम है। जागरूकता के माध्यम से नशे जैसी सामाजिक बुराई पर रोक लगाई जा सकती है। इस अवसर पर कौशल्या देवी ने अरुणा धीमान को सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों के लिए झूला उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। महिला मंडल प्रधान कौशल्या देवी ने मंत्री राजेश धर्माणी का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से महिला मंडल को कुर्सियां, गद्दे, बड़े पतीले, प्लेटें और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध हुआ है, जिससे सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

# कांग्रेस सरकार ने कुटलैहड़ में 14 संस्थान किए बंद : वीरेंद्र कंवर

## बोले-कुटलैहड़ क्षेत्र में साढ़े तीन वर्ष से रुकी पड़ी विकास की रफ्तार

अनंत ज्ञान



कुटलैहड़ में पत्रकार वार्ता करते पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर। अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** पूर्व मंत्री एवं बॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने राज्य सरकार और कुटलैहड़ के जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ गया है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता ने सरकार को दो-दो विधायक दिए, लेकिन क्षेत्र को इसका कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि विकास कार्यों में पूरी तरह विफल रहे हैं।

कंवर ने कहा कि पहले 14 माह तक रहे विधायक के कार्यकाल में कुटलैहड़ के 14 सरकारी संस्थान बंद कर दिए गए और अब दो वर्ष पूरे कर चुके वर्तमान विधायक भी क्षेत्र में कोई बड़ी विकास योजना नहीं ला पाए हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस उम्मीद से सरकार और अपने प्रतिनिधियों को चुना था, वह पूरी नहीं हुई। इस मौके पर चरणजीत शर्मा, देवराज शर्मा मास्टर रमेश शर्मा राजेंद्र ठाकुर अविनाश शर्मा सुरेन्द्र हटली मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि उनके मंत्री और विधायक रहते जिन विकास परियोजनाओं की शुरुआत की गई थी, उनमें से कई कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने उन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई, जिससे क्षेत्र के विकास की गति पूरी तरह थम गई है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता अपने आपको अभागा महसूस कर रही है क्योंकि राज्य सरकार को 37 महीने में दो विधायक देने के बावजूद क्षेत्र को कोई बड़ी योजना या उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यदि सरकार अब भी नहीं जागी तो जनता के हितों की रक्षा के लिए वे बड़ा जन आंदोलन शुरू करेंगे।

### पेयजल व राहत कार्यों पर सरकार को घेरा

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि पूर्व सरकार ने लगभग 300 करोड़ की लागत से पेयजल योजनाओं पर कार्य किया था, लेकिन आज भी कई गांवों में लोगों को दस-दस दिन तक पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट लगातार बढ़ रहा है और सरकार इस समस्या का समाधान करने में असफल रही है। यह भी आरोप लगाया कि आपदा प्रभावित परिवारों को समय पर राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को आज भी सरकारी सहायता का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि सरकार राहत के बड़े-बड़े दावे कर रही है। भाजपा की जयराम ठाकुर सरकार के कार्यकाल में कुटलैहड़ में लगभग 353 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण एवं सुधार किया गया था, लेकिन अब उन सड़कों की हालत फिर से खराब हो गई है।

# केंद्र की योजनाओं के सहारे चल रही सुक्खू सरकार : दविंदर भुट्टो



अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं के सहारे चल रही है, जबकि अपने स्तर पर विकास के नाम पर जनता को केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत राज चुनावों में जनता द्वारा चुने गए बीडीसी सदस्यों के साथ अन्याय किया जा रहा है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है।

भुट्टो ने कहा कि बंगाणा उपमंडल में बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए बार-बार तारीखें बदली जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा समर्थित 14 बीडीसी सदस्यों का स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद चुनाव नहीं करवाया जा रहा। उनके अनुसार सरकार और प्रशासन जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया को टाल रहे हैं

### बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव में देरी को बताया लोकतंत्र की हत्या

ताकि लोकतांत्रिक जनादेश का सम्मान न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या के समान है और स्थानीय विधायक भी इसमें बराबर की भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि पंचायत राज संस्थाएं लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी होती हैं, लेकिन प्रदेश सरकार राजनीतिक हितों के लिए इन संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बहुमत को स्वीकार करने के बजाय चुनाव टालने की नीति अपना रही है। उन्होंने मांग की कि बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं ताकि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को उनका अधिकार मिल सके।

# विधायक ने किया लठियांनी-कोहडरा सड़क का निरीक्षण

## विवेक शर्मा बोले- गुणवत्ता के साथ जनता की हर मांग का रखा जाएगा विशेष ध्यान

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग मंडल बंगाणा के अधिकारियों के साथ लठियांनी-कोहडरा सड़क का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और उन सभी स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया, जहां सड़क की स्थिति खराब है या निर्माण कार्य के दौरान विशेष सुधार की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क के पुनर्निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक कार्य निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप किया जाए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस सड़क के पुनर्निर्माण पर लगभग आठ करोड़ की राशि खर्च की जाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और जनता को लंबे समय तक टिकाऊ सड़क उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सड़क निर्माण में लोगों की हर मांग का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

विधायक ने सड़क के कई चयनित स्थलों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने तकनीकी कमियों और अनियमितताओं पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण से पहले सभी खामियों को दूर किया जाए और जहां आवश्यकता हो वहां मजबूत सुरक्षा दीवारें, उचित जल निकासी व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक संरचनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ा विषय है, इसलिए प्रत्येक चरण में तकनीकी मानकों का पालन किया जाए

# कुटलैहड़ आईटीआई के 7 प्रशिक्षु बने अग्निवीर : रजनीश बाला

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत बल्ह (टीहरा) स्थित कुटलैहड़ प्राइवेट आईटीआई के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब संस्थान के सात प्रशिक्षुओं ने जून माह में भारतीय सेना द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस उपलब्धि से संस्थान, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। संस्थान की प्रबंध निदेशक इंजीनियर रजनीश बाला ने बताया कि कुटलैहड़ आईटीआई में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान में संबंधित ट्रेडों की पढ़ाई के अलावा भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बलों और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी भी करवाई जाती है, जिससे विद्यार्थियों को अपने करियर के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने इस सफलता के लिए सभी चयनित प्रशिक्षुओं, उनके अभिभावकों तथा संस्थान के प्रधानाचार्य सूबेदार सोमपाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रजनीश बाला ने बताया कि संस्थान में अनुशासित वातावरण, नियमित शारीरिक प्रशिक्षण, लिखित परीक्षा की तैयारी और अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहा है।

# नादौन में गूंजी प्राथमिक शिक्षकों की आवाज

## न्याय यात्रा ने भरी हुंकार, न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम सहित 25 मांगों को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान




मांगों को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक। अनंत ज्ञान

**राकेश चंदेल, स्वारघाट।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश की 'प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा' सोमवार को मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र नादौन पहुंची, जहां स्थानीय शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा की शुरुआत इंद्रपाल चौक में महान क्रांतिकारी एवं लेखक स्वर्गीय पंडित इंद्रपाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

न्याय यात्रा का नेतृत्व कर रहे राज्य अध्यक्ष रमेश शर्मा और उनकी टीम का नादौन पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जोरदार नारों के बीच भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद नादौन पुल से निकली पदयात्रा बड़ी रैली के रूप में बाजार से गुजरी, जहां शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

यात्रा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र केवला तथा नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष संजीव शर्मा भी लगातार शिक्षकों का उत्साह बढ़ाते रहे। जिला हमीरपुर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष देशराज शर्मा, महासचिव कुशल शर्मा, जिला कार्यकारिणी के सदस्य तथा सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष अपनी-अपनी कार्यकारिणियों के साथ पदयात्रा में शामिल हुए।

इस दौरान शिक्षक संघ ने आरोप लगाया कि प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा लगातार संकट में है। संघ का कहना है कि हिमाचल के प्राथमिक विद्यालयों में 5,000 से अधिक जेबीटी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं, जबकि 3,000 से अधिक स्कूल एकल अध्यापक के भरोसे चल रहे हैं और कई विद्यालय ऐसे भी हैं जहां नियमित शिक्षक तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में सरकारी स्कूलों में बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

संघ ने सरकार और शिक्षा विभाग से सवाल किया कि जब हजारों प्रशिक्षित जेबीटी बेरोजगार उपलब्ध हैं तो रिक्त पदों को क्यों नहीं भरा जा रहा। शिक्षकों का कहना है कि एक ओर विद्यालयों में स्टाफ की भारी कमी है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों को जनगणना और चुनावी ड्यूटी में लगाया जा रहा है। इससे शिक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही है। संघ ने इसे सरकारी स्कूलों को कमजोर करने का प्रयास बताते हुए करीब 60 हजार प्रशिक्षित बेरोजगार जेबीटी अभ्यर्थियों के साथ भी अन्याय करार दिया।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया कि न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम सहित अपनी 25 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। न्याय यात्रा 25 जुलाई को शिमला पहुंचेगी, जबकि 26 जुलाई को चौड़ा मैदान, शिमला में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित कर सरकार के समक्ष मांगों को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा।

# भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के कोच बने मनोज, दो खिलाड़ी भी हुए चयनित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** चीन में होने वाली 19वीं जूनियर एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हिमाचल प्रदेश का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व हुआ है। एमेच्योर हिमाचल हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव क्रांति सिंह ने बताया कि युवा सेवा एवं खेल विभाग में हैंडबॉल प्रशिक्षक मनोज ठाकुर को भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया है। वहीं हिमाचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सुजल कुमार और सूरज गौतम का चयन भी भारतीय टीम में हुआ है।

चैंपियनशिप से पहले भारतीय टीम का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जेआरडी टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया, जहां खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल और शारीरिक क्षमता को बेहतर बनाया। टीम सोमवार को चीन के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर तथा सचिव राजेश भंडारी ने भारतीय हैंडबॉल टीम को चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। इस उपलब्धि पर पूर्व जिला खेल अधिकारी श्याम लाल कौंडल, परवीन दुबे, हमीद खान, डीडी तनवर, स्नेह लता, जगदीश ठाकुर, राजेश मेहता, कामना शर्मा, राजेश कुमार, राज कुमार, चंदन ठाकुर, दिनेश राजपूत, प्रेम, सुशील, संजीव कुमार, दीक्षा, शालिनी एवं शैलजा सहित अनेक खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों ने मनोज ठाकुर, सुजल कुमार और सूरज गौतम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# तुलसीराम ठाकुर को मिला शान-ए-बिलासपुर अवार्ड

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल एकता मंच एवं सिंदूर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में जिला परिषद भवन बिलासपुर में शान-ए बिलासपुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल एकता मंच राष्ट्रीय फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपलाल भारद्वाज ने की जबकि बतौर मुख्य अतिथि हिमुडा के डायरेक्टर एवं सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राज्य संरक्षक जितेंद्र चंदेल ने शिरकत की। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत होटल लेक व्यू बिलासपुर के मैनेजर तुलसी राम ठाकुर को हिमाचल एकता मंच अवॉर्ड -2026 से सम्मानित किया।

गौरतलब है कि तुलसी राम ठाकुर पिछले 39 वर्षों से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। तुलसीराम ठाकुर जो दिन रात हिमाचल प्रदेश टूरिज्म कारपोरेशन को ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु सक्रिय कार्य कर रहे हैं। तुलसीराम ठाकुर ने हिमाचल के इतिहास में पहली बार डोर टू डोर कैटरिंग शुरू की तथा घर-घर जाकर टूरिज्म कारपोरेशन की बेहतरीन सेवाएं जनता को उपलब्ध करवाई। इसके अलावा हिमाचल में होटल लेक व्यू को 24 घंटे पर्यटकों के लिए खोलने हेतु पूरे प्रदेश का पहला होटल बनाया जो 24 घंटे पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान कर रहा है। होटल लेक व्यू को घाटे से उभर कर प्रॉफिट में लेकर आए। तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ राजीव कुमार की दिशा निर्देश पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं कर देने हेतु हमेशा तत्पर हैं।

# बिलासपुर में कानून व्यवस्था पर भाजपा का हल्ला बोल

## परिधि गृह से उपायुक्त कार्यालय तक निकाली रोष रैली, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



भाजपा नेता व अन्य उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और नशा तस्करी के मुद्दे को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने परिधि गृह से उपायुक्त कार्यालय तक रोष रैली निकालते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों एवं माफिया तत्वों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश में हत्या, जानलेवा हमले, नशा तस्करी, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है और आम नागरिक अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उनका कहना था कि अपराधियों के मन में कानून का भय समाप्त होता जा रहा है, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की ढिलाई और कमजोर कानून व्यवस्था के कारण कथित रूप से नशा माफिया, खनन माफिया तथा अन्य संगठित असामाजिक तत्व सक्रिय होकर कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इन पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और अधिक चिंताजनक हो सकती है।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, संगठित अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, नशा तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए तथा आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस एवं परिणामकारी कदम उठाए जाएं।

इस अवसर पर विधायक त्रिलोक जमवाल, रणधीर शर्मा, जीतराम कटवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चंबा–लाके वाली माता बस सेवा दो सप्ताह से बंद, लोगों में भारी रोष

## स्कूली बच्चे, कर्मचारी और ग्रामीण परेशान, जल्द बस सेवा बहाल करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** चंबा से लाके वाली माता मंदिर तक संचालित होने वाली एचआरटीसी बस सेवा पिछले करीब दो सप्ताह से अचानक बंद पड़ी है। सुबह लाके वाली माता मंदिर से सुबह 9 बजे चंबा के लिए चलने वाली यह बस सेवा बंद होने से स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, कुछ समय पहले परिवहन विभाग ने क्षेत्रवासियों की सुविधा को देखते हुए चंबा–लाके वाली माता बस रूट को बहाल किया था। बस सेवा शुरू होने से तीन पंचायतों के लोगों को राहत मिली थी, लेकिन रूट बहाल होने के कुछ ही दिनों बाद बिना किसी पूर्व सूचना के बस का संचालन बंद कर दिया गया।

नयाग्राम पंचायत की प्रधान अंजू देवी, ग्राम पंचायत बजोल की प्रधान दीपिका कपूर तथा ग्राम पंचायत गरौड़ा की प्रधान कविता देवी ने कहा कि बस सेवा बंद होने से लोगों को मजबूरन निजी टैक्सी और अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनका आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों और रोजाना चंबा आने–जाने वाले लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तीनों पंचायत प्रधानों ने हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) और संबंधित विभाग से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए चंबा–लाके वाली माता बस सेवा को शीघ्र बहाल किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

## आपसी सहमति से मामलों को निपटाने के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चंबा एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एकांश कपिल ने बताया कि आम लोगों को शीघ्र और सुलभ न्याय उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय में समाधान समारोह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न मामलों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालतों का आयोजन होगा। समाधान समारोह के अंतर्गत 21 अप्रैल 2026 से ही सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन शुरू हो चुका है। ये बैठकें राज्य, जिला, तालुका और उच्च न्यायालय स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों के मध्यस्थता केंद्रों में आयोजित की जा रही हैं। एकांश कपिल ने अधिवक्ताओं और पक्षकारों से अभियान में भाग लेने की अपील की है। लंबित मामलों को शामिल करने के लिए गूगल फॉर्म उपलब्ध करवाया गया है, जिसे 31 जुलाई 2026 तक भरा जा सकता है। सहायता के लिए वन स्टॉप सेंटर के दूरभाष नंबर 011-23115652 और 011-23116464 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की तैयारियां तेज, कलाकारों के चयन को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला-2026 की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त एवं संयोजक सांस्कृतिक उप समिति अमित मैहरा की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मिंजर मेले के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक संध्याओं तथा कलाकारों के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अमित मैहरा ने कहा कि सांस्कृतिक उप समिति के सदस्य लोगों की रुचि के अनुरूप कलाकारों के चयन को लेकर एक सूची तैयार करें। बैठक में स्टेज लाइट एवं साउंड व्यवस्था, स्टेज आर्केस्ट्रा सहित स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में गैर सरकारी सदस्यों ने सांस्कृतिक संध्याओं एवं कलाकारों के चयन से संबंधित अपने सुझाव भी रखे। गौरतलब है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला-2026 का आयोजन 26 जुलाई से 2 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, ज़िला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, गैर सरकारी सदस्य, जगदीश हांडा, संजीव सूरी, ललित भूषण, जीवन सालरिया, हेम ठाकुर, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जडेरा-साहो में खुले मिल्क कलेक्शन सेंटर

## गुज्जर समुदाय ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कहा- दूध का नहीं मिल रहा उचित मूल्य

अनंत ज्ञान



ज्ञापन को सौंपते गुज्जर समुदाय के लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिले के जडेरा, साहो तथा आसपास के क्षेत्रों में दुग्ध संग्रहण केंद्र (मिल्क कलेक्शन सेंटर) स्थापित करने की मांग को लेकर गुज्जर समुदाय की ओर से सोमवार को प्रशासन चंबा के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अयूब निवासी ग्राम नैहर्नु, डाकघर पलियूर, तहसील ने सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जडेरा, साहो और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गुज्जर समुदाय के लोग पशुपालन और दुग्ध उत्पादन से अपनी आजीविका चलाते हैं। बावजूद इसके क्षेत्र में दुग्ध संग्रहण केंद्र की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से पशुपालकों को अपने दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। कई बार समय पर खरीद न होने के कारण दूध खराब हो जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि यदि जडेरा एवं साहो में दुग्ध संग्रहण केंद्र स्थापित कर नियमित रूप से दूध की खरीद शुरू की जाए तो स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही दुग्ध संघ अथवा अन्य संस्थाओं के माध्यम से दूध का विपणन भी सुचारु रूप से हो सकेगा।

इससे पशुपालन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अयूब ने प्रशासन से मांग की है कि जडेरा एवं साहो में शीघ्र मिल्क कलेक्शन सेंटर शुरू किए जाएं, स्थानीय गुज्जर तथा अन्य दुग्ध उत्पादक किसानों से नियमित दूध खरीद की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित विभाग को आवश्यक सर्वेक्षण कर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन के सकारात्मक हस्तक्षेप से क्षेत्र के हजारों पशुपालक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# मेडिकल कॉलेज उत्पीड़न मामले में शिकायतकर्ता महिलाओं ने बदले बयान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा में कथित उत्पीड़न के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। करीब एक माह पूर्व जिन सफाई कर्मचारी महिलाओं ने एक सफाई कर्मचारी और उसके एक साथी पर उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। वहीं, महिलाएं अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और लिखित आवेदन देकर अपने पहले दिए गए आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि उनसे कथित रूप से बरगलाकर शिकायत करवाई गई थी।

महिलाओं का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कुछ लोगों ने उन्हें गुमराह किया और एक विशेष व्यक्ति को फंसाने के उद्देश्य से झूठे बयान देने के लिए प्रेरित किया। उनका कहना है कि संबंधित व्यक्ति वर्षों से मेडिकल कॉलेज में कार्यरत है और कुछ लोग नहीं चाहते थे कि वह आगे भी यहां अपनी सेवाएं जारी रखे।

इसी कारण उन्हें कथित तौर पर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने के लिए उकसाया गया। गौरतलब है कि प्रारंभिक शिकायत मिलने के बाद जिला पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता महिलाओं के बयान दर्ज किए थे और मामले में नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। अब करीब आधा दर्जन महिलाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक को नया आवेदन सौंपे जाने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया है।

महिलाओं ने पुलिस से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर जांच करने तथा वास्तविक परिस्थितियों को सामने लाने की मांग की है। इस घटनाक्रम के बाद अब सभी की निगाहें जिला पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। पुलिस की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि दोनों पक्षों के दावों में सच्चाई क्या है और मामले में आगे क्या कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों की खुशी के लिए आगे आए नजीर मोहम्मद, जेसीबी लगाकर साफ करवाया मैदान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट का करीब पांच वर्षों से प्राकृतिक आपदा के कारण अवरुद्ध पड़ा खेल मैदान आखिरकार फिर से नौनिहालों के लिए खुल गया। सोमवार सुबह जेसीबी मशीन की मदद से मैदान में जमा भारी मात्रा में मिट्टी और विशाल चट्टानों को हटाने का कार्य शुरू हुआ तो स्कूल की खिड़कियों और बालकनी से यह नजारा देख रहे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। मानो उनके खेल के सबसे बड़े अवरोध को हमेशा के लिए हटा दिया गया हो।



जानकारी के अनुसार प्राकृतिक आपदा के बाद खेल मैदान पूरी तरह मलबे और चट्टानों से भर गया था, जिसके चलते पिछले पांच वर्षों से बच्चे खेल गतिविधियों से वंचित थे। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद नव–निर्वाचित पंचायत प्रधान लतीफ मोहम्मद और उपप्रधान कुशल कुमार ने विद्यालय का दौरा कर दस दिनों के भीतर मैदान को फिर से खेल योग्य बनाने का आश्वासन दिया था। इसी बीच स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के नव–निर्वाचित अध्यक्ष नजीर मोहम्मद, जो पंचायत प्रधान लतीफ मोहम्मद के छोटे भाई हैं, ने बच्चों की परेशानी को देखते हुए अपने निजी खर्च पर जेसीबी मशीन लगाकर तय समय से पहले ही मैदान से मलबा और चट्टानें हटवा दीं। इस तरह उन्होंने बड़े भाई द्वारा किए गए वादे को समय से पहले ही पूरा कर दिखाया। खेल मैदान की साफ–सफाई होने से अब विद्यालय में खेलकूद और अन्य सह–पाठ्यक्रम गतिविधियां फिर से सुचारु रूप से आयोजित हो सकेंगी। नजीर मोहम्मद की इस पहल की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि यह कदम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

# एबीवीपी ने एडीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



एडीसी चंबा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला चंबा ने सोमवार को एडीसी चंबा अमित मेहरा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जिले से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने छात्र हितों से जुड़े 4 प्रमुख विषयों को उठाते हुए प्रदेश सरकार से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

जिला संयोजक अंशु नैगी तथा अर्पित जरयाल द्वारा जारी ज्ञापन में भलेई महाविद्यालय को बंद करने के निर्णय को तत्काल वापस लेने, तेलका महाविद्यालय में बंद की गई वाणिज्य स्नातक (बीकॉम) की कक्षाओं को पुनः शुरू करने, भरमौर महाविद्यालय में विज्ञान स्नातक (बीएससी) की बंद कक्षाओं को बहाल करने तथा जिला चंबा के सभी महाविद्यालयों में रिक्त पड़े शिक्षकों के पद नियमित रूप से भरने की मांग की गई है।

संगठन ने प्रदेश सरकार से इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इन मांगों पर समय रहते सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला चंबा छात्र हितों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन करने को विवश होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# तीसा सिविल अस्पताल में आरकेएस गवर्निंग बॉडी की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह उपमंडल के सिविल अस्पताल तीसा में रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की गवर्निंग बॉडी की महत्वपूर्ण बैठक 14 जुलाई को दोपहर 3 बजे आयोजित होगी। बैठक में अस्पताल के विकास, वर्ष 2026–27 के बजट, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठक के दौरान वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित बजट को स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष के आय–व्यय का अनुमोदन, अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। इसके अलावा अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार, आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्णय लिए जा सकते हैं।

# भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज अर्शदीप के परिवार ने भरे एन्यूमरेशन फॉर्म, स्वीप टीम ने किया जागरूक

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी–सह–उपायुक्त कोमल मित्तल के नेतृत्व में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन–2026) अभियान के अंतर्गत जिला स्वीप टीम द्वारा मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला स्वीप टीम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर गुरबख्शीश सिंह अंटाल, जिला निर्वाचन कार्यालय की तहसीलदार हरप्रीत कौर तथा निर्वाचन कानूनगो सुरिंदर बत्तरा ने भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह के निवास स्थान पर पहुंचकर एसआईआर–2026 के तहत उनके परिवार के एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न करवाई। चूंकि अर्शदीप सिंह इस समय भारतीय क्रिकेट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं, इसलिए उनके पिता श्री दर्शन सिंह तथा माता बलजीत कौर ने अपने एन्यूमरेशन फॉर्म भरे तथा अर्शदीप सिंह का एन्यूमरेशन फॉर्म भी नियमानुसार संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराया।

इस अवसर पर अर्शदीप सिंह के परिवार ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे अपने एन्यूमरेशन फॉर्म शीघ्र भरकर विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन–2026) अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

जिला स्वीप टीम ने कहा कि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की भागीदारी से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति जन–जागरूकता बढ़ती है तथा अधिक से अधिक नागरिक ऐसे अभियानों से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का एन्यूमरेशन फॉर्म भरना और समय पर जमा करवाना एक जिम्मेदार नागरिक का दायित्व है, जिससे शुद्ध, अद्यतन एवं निष्पक्ष मतदाता सूची तैयार करना सुनिश्चित किया जा सके।

# नथिंग फोन (4बी) की बिक्री शुरू

**अनंत ज्ञान, लुधियाना/भटिंडा।** लंदन स्थित कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने अपने नए (बी) सीरीज़ के पहले स्मार्टफोन फोन (4बी) की बिक्री शुरू होने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि नथिंग इकोसिस्टम (Ecosystem) का अनुभव लेने का यह सबसे किफायती तरीका है। 8जीवी + 128जीवी वेरिएंट की प्रभावी शुरुआती कीमत 29,999 रुपये और 8जीवी+ 256जीवी वेरिएंट की 33,699 रुपए रखी गई है। इन कीमतों में 7.5% इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट और एक्सचेंज बोनस शामिल हैं। फोन (4बी) की बिक्री 14 जुलाई, 2026 से फ्लिपकार्ट और प्रमुख रिटेल पार्टनर्स जैसे क्रोमा, रिलायंस डिजिटल और विजय सेल्स के स्टोर्स पर शुरू होगी। फोन (4बी) ब्लैक, व्हाइट और ब्लू रंगों में उपलब्ध होगा।

# खरड़, मोहाली और डेराबस्सी में बनेंगे नए मतदान केंद्र, चुनावी तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त कोमल मित्तल ने आज भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान केंद्रों के युक्तिकरण (रैशनलाइजेशन) के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए नए मतदान केंद्रों की स्थापना तथा कुछ मौजूदा मतदान केंद्रों के स्थान परिवर्तन (शिफ्टिंग) संबंधी प्रारूप प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त कोमल मित्तल ने बताया कि प्रारूप प्रस्ताव के अनुसार जिले में कुल 98 नए मतदान केंद्र स्थापित करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से अधिक मतदाता न हों। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मतदाता को उसके निवास स्थान से दो किलोमीटर के दायरे में मतदान केंद्र की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 52-खरड़ में 36 नए मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र 53-मोहाली में 27 नए मतदान केंद्र तथा-विधानसभा क्षेत्र 112-डेराबस्सी में 35 नए मतदान केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

**In the Court of**
**RAJENDER KUMAR GAUTAM H.A.S. SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SARKAGHAT, DISTT. MANDI H.P**

In the matter of
Malka Devi D/o Sh. Laju Ram R/o Village Kharoh PO Paplog Tehsil Sarkaghat Distt. Mandi H.P. ........Applicant
Versus
General Public. Respondent

Proclamation notice under Section 8(4) of H.P. Marriage Registration Act 1996
Whereas applicant Smt. Malka Devi D/o Sh. Laju Ram R/o Village Kharoh PO Paplog Tehsil Sarkaghat Distt. Mandi H.P. has moved an application before this Court stating therein that marriage of applicant was solemnized with Sh. Jagar Nath S/o Sh. Ganpat Ram R/o V.P.O, Rakhoh Tehsil Sarkaghat Distt. Mandi H.P. on 03-03-1972 as per Hindu Rites and Ritual at village Kharoh PO Paplog Tehsil Sarkaghat Distt. Mandi H.P. But the said marriage could not be registered in the record of Gram Panchyat Barchwar now Rakhoh. Now the husband of applicant passed away on dated 02-05-2016. In support of his contention the applicant has enclosed his affidavit alongwith other supportive documents.
Therefore, the General Public is hereby informed through this notice that any person who has any objection for the registration of aforesaid marriage entry can appear in this court on 24-08-2026 either personally or through an authorized. No objection(s) will be entertained after the above date and delay for the registration of said marriage and if no objection has been received till the above date the delay for the registration of this marriage will be condoned accordingly.
Issued under my hand and seal of this Court on dated 13-07-2026.

**Sub-Divisional Magistrate, Sarkaghat, Distt. Mandi H.P.**

**ग्राम पंचायत कुक्लाह** विकास खंड बाली चौकी जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

ग्राम पंचायत कुक्लाह में वित्त वर्ष 2026-27 हेतु कोटेशन आमंत्रित करने की आवश्यकता है ताकि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की सामग्री क्रय कर किया जा सके
सामग्री का विवरण : CIB with installation, dustbin, शटरिंग प्रति फूट कार्य स्थल, सरिया प्रति किलोग्राम, कटाई हेतु जेसीबी (Hard) प्रति फुट/ नॉर्मल कटिंग अलग-अलग दर्शाई जाए सीमेंट ट्रांसपोर्टेशन बड़ी चौकी से कुल्लाह, कशिमलीधार, सुमनीधार with loading & unloading, चादरें CI, लोहे का एंगल
1. कुटेशन डाक द्वारा ही प्राप्त की जाएगी। 2. कुटेशनदाता के पास GST No. होना चाहिए। 3. धरोहर राशी मुबलिक 100000/-(एक लाख रुपए) ग्राम पंचायत को केवल FD के माध्यम से जमा करनी होगी FD जमा न करने पर कुटेशन स्वीकृत नहीं होगी 1100000/- कवल रेत,बजरी, के लिए होगा बाकि अन्य सामग्री हेतु 25000/- की FD पंचायत में जमा करनी होगी। 4. कुटेशनदाता अपनी कुटेशन को दो बंद लिफाफे में देगा एक लिफाफे में 100000/- व् 25000/- की धरोहर राशी व् दुसरे लिफाफे में कोटेशन होनी चाहिए। 5. कुटेशन उपरोक्त फॉर्मेट के अनुसार होना चाहिए यदि उपरोक्त फॉर्मेट में नहीं होगी तो कुटेशन स्वीकृत नहीं होगी। 6. पंचायत के आदेश के अनुसार सामग्री की आपूर्ति करनी होगी जिसकी आदायगी उसको बाद में होगी
8. कुटेशन दिनाक 29-07-2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत कुक्लाह में प्रातः 11:00 खोली जाएगी। 9. कुटेशन की तिथि 14-07-2026 से 28-07-2026 तक शाम 05:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी इसके बाद प्राप्त कुटेशन सवीकृत नहीं की जाएगी। 10. अगर कोटेशनदाता पंचायत के आदेश के मुताविक सामग्री की आपूर्ति नहीं करता हैं तो उसकी कोटेशन को रद्द किया जा सकता है FD नहीं वापिस होगी। 11. कोटशनदाता पंचायत पदाधिकरिओं का निजी सम्बन्धी नहीं होना चाहिए। 12. कुटेशनदाताअपने फर्म के Printed लैंटर हेड पर कुटेशन आवेदन करें।

**प्रधान/ सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत काशन** विकास खंड गोहर, जिला मंडी(हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत काशन में विकास कार्यों को सुचारु रूपस करने हेतु पंचायत को विभिन्न प्रकार की निर्माण सामग्री की आवश्कता होगी जिसके लिए सामग्री आपूर्ति कर्ता हेतु निविदाएं आमंत्रित करना आवश्यक है अतः ग्राम पंचायत काशन में वित वर्ष 2026-27 हेतु निम्न निर्माण सामग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदायें/कोटेशने कार्यालय ग्राम पंचायत काशन में **19/07/2026** को 4 बजे तक किसी कार्य दिवस में जमा की जा सकती है। यह निविदायें/कोटेशन दिनांक **21/07/2026** को 11 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में कमेटी के समक्ष खोली स्वीकृत की जायेगी। **सामग्री का विवरण** 1. रेत क्रशर प्रति घनमीटर, 2. बजरी 10mm, 20mm, 40mm, 60mm करप्रति घनमीटर, 3. सोलिंग / पत्थर/बोल्डर प्रति घनमीटर, 4. कट स्टोन प्रति घनमीटर, 5. पक्की ईंट (ISI Marked) प्रति हजार, 6. मशीन द्वारा कटान (JCB) प्रति घंटा 7. JCB Breaker प्रति घंटा, 8.सामग्री कुलान stone, furniture etc. (पंचायत आवश्यकता प्रति किलोमीटर अनुसार), 9. सीमेंट दुलान लोडिंग व् अनलोडिंग सहित प्रति बैग, 10. शटरिंग (कार्यस्थल तक ढुलान सहित), 11. खच्चर/घोड़ा द्वारा सामग्री ढूलान, 12. सरिया (ISI Marked / HYSD TMT) All Sizes प्रति square feet प्रति किलोमीटर प्रति क्विंटल, 13. Steel (Hollow Sections of all Sizes) प्रति क्विंटल, 14. Steel (solid sections of all sizes) प्रति क्विंटल, 15. GI sheets / Coloured roofing sheets /PGI Sheets All ) प्रति पीस Size, 16. पी0वी0 सी0 पाइपें (सभी साइज़)प्रति पाइप प्रति पीस, 17. RCC PIPES AND COLLER प्रति square feet प्रति पीस, 18. दीवार लेखनी व् सूचना बोर्ड (Wall Writing) प्रति square feet/ प्रति, 19. सनेट्री फीटिंग (ALL ITEMS)पीस/kg प्रति पीस, 20. Building Febrication Material (All Kind) 21. स्टील फर्नीचर (ALL ITEMS) प्रति पीस, 22. प्लास्टिक फर्नीचर (ALL ITEMS) प्रति पीस 23. All Hardwares Itemsप्रति square feet/ प्रति पीस/kg, 24. वुडन फर्नीचर ( ALL ITEMS ) प्रति पीस, 25. स्पोर्ट्स ( ALL ITEMS) प्रति पीस, 26. क्रोकरी ( ALL ITEMS) प्रति पीस, 27. स्टेशनरी (ALL ITEMS)प्रति पीस, 28. Paint प्रति square foot, 29. कम्पुटर, प्रिंटर और other periferial items, As per Sepecifiaction, 30. Segrigation shed unit प्रति यूनिट, 31. Benches (All Size / All Types)प्रति पीस/kg, 32. Water tank/tanki Per piece, 33. Incinerator Per Unit
**नियम व शर्तें**:- 1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ R. C. No. GST. CST. No. की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है। 2) ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित (M Form) जमा करवाने होंगे। 3) सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी। अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 4) GST / CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होंगी। 5) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6) निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 7) पारित निविदादाता को मु020000/-रूपये धरोहर / सुरक्षित राशी FDR के रूप में प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत काशन " के नाम 5 दिन में जमा करवाना अनिवार्य है तत्पश्चात ही सामग्री आपूर्ति आदेश दिया जाएगा। 5 दिन में FDR जमा न करने की स्थिति में निविदा को निरस्त किया जाएगा। 8) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 9) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम / सुरक्षित राशी वापिस होगी। (10) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।11) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार/उपरांत किया जायेगा। 12) सामग्री की अदायगी तकनीकी सहायक /JE की Verification अनुसार ही की जाएगी। 13) निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति में कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय ही सर्वोपरी होगा।

**प्रधान/सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझोठी** विकास खंड गोहर, जिला मंडी(हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत मझोठी विकास खण्ड गोहर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतू वर्ष 2026-27 कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक **24-07-2026** अपराह्न 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक **25-07-2026** को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।
**सामग्री विवरण** : 1 रेत-बजरी क्रशर व् खड्ड प्रति घन मीटर, 2. पत्थर कट स्टोन व् बोल्डर प्रति घन मीटर, 3 लकड़ी प्रति घन मीटर, 4. ईंट, प्रति ईंट, 5. बाल टाइल/ फ्लोर टाइल प्रति बॉक्स/प्रति सुकेयर फूट, 6. सरिया 8mm,10mm,12mm, 16mm प्रति किलो ग्राम, 7. शटरिंग प्रति फूट, 8. ढुलान सीमेंट प्रति बैग, 9. जेसीबी मशीन / ब्रेकर प्रति घंटा, 10. G.I पाइप 1 इंच, 3/4 ", 1/2" प्रति पाइप, 11. हाई मस्ट लाइट प्रति वाट, 12. साईन बोर्ड {3x2, 4x3} feet with Painting & writing FOR प्रति बोर्ड, 13. एंगल प्रति किलो, 14. जीआई शीट प्रति शीट, 15. ग्रिल प्रति किलो, 16. वेल्डिंग वर्क्स प्रति किलो, 17. फलैक्स प्रति फूट, 18.पलाई बोर्ड प्रति बोर्ड, 19. मिक्सर मशीन प्रति घंटा, 20. कोटा स्टोन प्रति sqm, 21. hume पाईप प्रति
**नियम व शर्तें निम्न प्रकार से होगी** : 1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय से ही प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या, GST नंबर होना आवश्यक है। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगें | एम फार्म (M FARM) उपलब्ध हो। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी। 5.निविदा दाता को 20,000/- रूपये धरोहर/ सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 6. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 7. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 8. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 9. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 10 . ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नही होगी

**प्रधान/सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत उलांसा**
**विकास खंड भरमौर , जिला चंबा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत उलांसा में बर्ष 2026-27 में बिभिन मदों के कार्यो जैसे मनरेगा, 15वां वितायोग, लाडा, प्रधान मंत्री आदि ग्राम आदर्श योजना, WDCPMKSY (वाटर शैड), नयी मंजिलें नयी रहें, व अन्य मदों के अंतर्गत करवाए जाने बाले विकास कार्यो हेतु सामग्री क्रय करने जैसे; रेता, बजरी, पथर, सरिया, इंटे, शटरिंग, इंटर लॉक टायलें, CGI Sheets, व अन्य सामाग्री जो विकास कार्यो के लिए प्रयोग की जा सके, हेतु कुटेशने आमंत्रित करने वारे । यह कि अध्यक्ष महोदया ने ग्राम पंचायत की बैठक में प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत उलांसा में उपरोक्त बिषय अनुसार बर्ष 2026-27 में बिभिन मदों के अंतर्गत करवाए जाने वाले विकास कार्यो के लिए सामग्री जैसे रेता, बजरी, पथर, सरिया, इंटे, शटरिंग, इंटर लॉक टायलें, CGI Sheets, व अन्य सामाग्री जो विकास कार्यो के लिए प्रयोग की जा सके, के सामग्री क्रय हेतु कुटेशने आमंत्रित की जानी है । अतः पंचायत विचार करे। विचार-विमर्श उपरांत प्रस्ताव सर्व सहमति से पास किया गया कि दिनांक 25/07/2026 को पंचायत बैठक में दोपहर 12 बजे तक कुटेशने ली जाएँगी तथा उसी दिन दिनांक 25/07/2026 को 1 बजे पंचायत बैठक में कुटेशने खोली जाएँगी । तथा सम्पूर्ण प्रक्रिया उपरांत कम दर बाली कुटेशन वाले ठेकेदार को सप्लाई आर्डर दे दिए जायेंगे। सभी कुटेशन दाता को सूचित किया जाता है कि कुटेशन के साथ सभी सम्बंधित दास्तावेज जैसे -; GST No., बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, एम फॉर्म, इत्यादि की छाया प्रति व (2.50,000/- ) दो लाख पचास हज़ार रुपए का चेक सिक्योरिटी के रूप में जमा करना होगा तभी कुटेशन मान्य होगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत उलांसा**
**विकास खंड भरमौर , जिला चंबा (हि.प्र.)**

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र भेरड़ा**
**विकास खण्ड (बमसन टौणी) जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

वितीय वर्ष 2026-27 (23.07.2026 से 31.03.2027) के विकास कार्य हेतू क्रेशर रेता, दरिया रेता, क्रेशर बजरी 10,20,40 mm, शाइन बोर्ड लिखाई सहित (2.6*3) प्रति बोर्ड, सीमेंट कैरिज लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैग (सुजानपुर से भेरड़ा), JCB द्वारा कटाई हार्ड & सॉफ्ट रॉक (प्रति घन मीटर), निर्माण सामग्री ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक (प्रति बैग / प्रति क्यूबिक मीटर), शटरिंग स्टील, शटरिंग स्टील, शटरिंग प्लेट व शटरिंग लकड़ी छत व दीवार प्रति स्क्वायर फीट), सेटरिंग लकड़ी व डाब (प्रति रनिंग मीटर), बोर्ड ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक बति बोर्ड), ईंट, सीमेंट बेंच (स्टैंण्डर्ड/क्लासिक) आदि निर्माण सामग्री हेतू निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक कर्म का अपना GST नंबर व अपनी कमर्शियल गाड़ी होना अनिवार्य हैं। रेता, बजरी, पत्थर की अदायगी पपत्र X व W बिल के साथ देने पर ही होगी। सामग्री का मूल्य वर्क साईट तक FOR मान्य होगा।पंचायत की मांग समय पर पूरा न करने अथवा घटिया सामग्री होने पर निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा। निविदाएं मोहर बंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 22/07/2026 से पहले पंजीकृत डाक द्वारा अथवा पंचायत कार्यालय में कार्य दिवस पर स्वयं पहुंचाई जा सकती हैं। सभी निविदाएं दिनांक 23/07/2026 को प्रातः 11 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी, फर्म उस दिन हाजिर रहे, अलग से कोई पत्र नहीं निकाला जायेगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत भेरड़ा**

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र कक्कड़**
**विकास खण्ड (बमसन टौणी) जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

वितीय वर्ष 2026-27 (25.07.2026 से 31.03.2027) के विकास कार्य हेतू क्रेशर रेता, दरिया रेता, क्रेशर बजरी 10,20,40 mm, शाइन बोर्ड लिखाई सहित (2.6*3) प्रति बोर्ड, सीमेंट कैरिज लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैग (सुजानपुर से कक्कड़), JCB द्वारा कटाई हार्ड & सॉफ्ट रॉक (प्रति घन मीटर), निर्माण सामग्री ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक (प्रति बैग / प्रति क्यूबिक मीटर), शटरिंग स्टील, शटरिंग स्टील, शटरिंग प्लेट व शटरिंग लकड़ी छत व दीवार प्रति स्क्वायर फीट), सेटरिंग लकड़ी व डाब (प्रति रनिंग मीटर), बोर्ड ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक बति बोर्ड), ईंट, सीमेंट बेंच (स्टैंण्डर्ड/क्लासिक) आदि निर्माण सामग्री हेतू निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक कर्म का अपना GST नंबर व अपनी कमर्शियल गाड़ी होना अनिवार्य हैं। रेता, बजरी, पत्थर की अदायगी पपत्र X व W बिल के साथ देने पर ही होगी। सामग्री का मूल्य वर्क साईट तक FOR मान्य होगा।पंचायत की मांग समय पर पूरा न करने अथवा घटिया सामग्री होने पर निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा। निविदाएं मोहर बंद लिफ़ाफ़े में दिनांक 24/07/2026 से पहले पंजीकृत डाक द्वारा अथवा पंचायत कार्यालय में कार्य दिवस पर स्वयं पहुंचाई जा सकती हैं। सभी निविदाएं दिनांक 25/07/2026को प्रातः 11 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी, फर्म उस दिन हाजिर रहे, अलग से कोई पत्र नहीं निकाला जायेगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत कक्कड़**

**कार्यालय ग्राम पंचायत फतेहपुर विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत फतेहपुर के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 22/07/2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी [illegible]

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत फतेहपुर विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौरी विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चौरी के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन/निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 26/07/2026 को प्रातः 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाएं। कुटेशन /निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 28/07/2026 को पंचायत कमेटी के समक्ष खोली [illegible]

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चौरी विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मंडी (हि0प्र0)

## खूबसूरत टेनिस खिलाड़ी पाउला बडोसा

**पाउला** बडोसा एक खूबसूरत और प्रसिद्ध महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। वह स्पेन से हैं और अपनी खूबसूरती और टेनिस में शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 2024 सीजन में नौ महिला एकल मैचों में भाग लिया है, जिनमें से दो मैचों में उन्होंने खेल के बीच में ही संन्यास ले लिया।



# कोहली और रोहित के दम पर जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी टीम

## दोनों दिग्गजों से उम्मीद, बुमराह की वापसी से गेंदबाजी को भी मिली मजबूती

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारत और इंग्लैंड के बीच मंगलवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में सबसे ज्यादा नजरें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर होंगी। दोनों अनुभवी खिलाड़ी लंबे समय बाद वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं और उनसे न केवल शानदार प्रदर्शन, बल्कि हालिया टी20 सीरीज में मिली निराशा के बाद टीम का मनोबल बढ़ाने की भी उम्मीद होगी। जसप्रीत बुमराह की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को भी मजबूती मिलेगी।

टी20 क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रोहित और कोहली वनडे प्रारूप के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। दोनों का लक्ष्य अगले वर्ष होने वाले वनडे विश्व कप तक अपनी जगह मजबूत बनाए रखना है। इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और जोफ्रा आर्चर व जोश टंग जैसे तेज गेंदबाजों का सामना आसान नहीं होगा, लेकिन दोनों बल्लेबाजों का अनुभव भारत के लिए अहम साबित हो सकता है।

भारतीय टीम हाल के टी20 दौरे में आयरलैंड से दो हार और इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की करारी शिकस्त के बाद दबाव में है। ऐसे में कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल,




श्रेयस अय्यर, रोहित व कोहली की मौजूदगी भारत के बल्लेबाजी क्रम को बेहद मजबूत बनाती है। यह अनुभवी बल्लेबाजी इकाई किसी भी मुकाबले का रुख बदलने की क्षमता रखती है।

गेंदबाजी विभाग में बुमराह की वापसी सबसे बड़ी राहत है। युवा तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ के लिए इंग्लैंड की परिस्थितियां नई चुनौती होंगी, जबकि अर्शदीप सिंह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में टीम को संतुलन देंगे। शिवम दुबे को हार्दिक पंड्या और नीतीश कुमार रेड्डी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त तेज गेंदबाज की भूमिका निभानी होगी। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल से हरफनमौला योगदान की उम्मीद रहेगी।

दूसरी ओर, इंग्लैंड ने जनवरी के बाद कोई वनडे नहीं खेला है, जिससे उसे इस प्रारूप में लय हासिल करनी होगी। हालांकि टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन से उसका आत्मविश्वास ऊंचा है। जो रूट की वापसी से बल्लेबाजी मजबूत होगी, जबकि हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल व बटलर टीम की प्रमुख ताकत होंगे। ऐसे में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

**मैच: दोपहर 3:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड:** हैरी ब्रूक (कप्तान), बेन डकेट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जो रूट, जैकब बेथेल, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जेम्स कोल्स, सैम कुरेन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, जोस टंग, साकिब महमूद, आदिल राशिद।

# भारत ने लॉर्ड्स का पहला महिला टेस्ट जीता, इंग्लैंड को 270 रन से दी मात




**एजेंसी, लंदन**

लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के 142 साल के इतिहास में पहली बार खेला गया महिला टेस्ट भारतीय टीम ने जीत लिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया। भारतीय टीम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभागों में मेजबान टीम पर भारी पड़ी। रनों के लिहाज से यह भारतीय महिला टीम की दूसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत रही। भारत को आज तक इंग्लैंड में महिला टेस्ट में हार नहीं मिली है। टीम ने यहां अब तक 11 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 3 जीते हैं, जबकि 8 मुकाबले ड्रॉ रहे।

भारत ने पहली पारी में 285 और इंग्लैंड 170 पर सिमट गई। भारत को 115 रन की बढ़त मिली। भारत ने दूसरी पारी 341 रन पर घोषित की और 457 रन का टारगेट दिया। इंग्लैंड 186 पर ऑलआउट हो गई इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शेफाली वर्मा बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना (83), कप्तान हरमनप्रीत कौर (58) और दीप्ति शर्मा (57) की पारियों से भारत ने 285 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन फिलर ने 2-2 विकेट लिए।

जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर सिमट गई। क्रांति गौड़ ने 5 विकेट झटके। सयाली सतघारे और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा को एक सफलता मिली। एमी जोन्स ने 52 और कप्तान नेट सिवर-ब्रंट ने 44 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके।।

## स्पोर्ट्स विंडो

### सटीक गेंदबाजी करना बार्टमैन की सफलता का राज: डेल स्टेन



**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन अपने देश के तेज गेंदबाज ओटनेल बार्टमैन की सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि यह एसए20 लीग में उनकी निरंतर सफलता का मुख्य कारण रहा है। बार्टमैन एसए20 के चार सत्र में सबसे अधिक 61 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। स्टेन ने अतीत में सनराइजर्स ईस्टर्न केप में उनके साथ काम किया है। स्टेन ने एसए20 से कहा कि मैं हमेशा ऐसे गेंदबाजों पर नजर रखता हूं जो लगातार सही जगह पर गेंद डाल सकें। टी20 क्रिकेट की विशेषता यह है कि आप खराब गेंदबाजी करने के बावजूद भी विकेट ले सकते हैं। आपकी खराब गेंद बाउंड्री पर कैच हो सकती है। उन्होंने कहा कि लेकिन ओटनेल बार्टमैन जैसे खिलाड़ी ने प्रत्येक सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसी के दम पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी टीम में जगह बनाई है। चीजों को सरल रखने की बार्टमैन की क्षमता उन्हें एक उत्कृष्ट गेंदबाज और मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक बनाती है। (अनंत ज्ञान)

### सात्विक और चिराग की वापसी भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

**एजेंसी, तोक्यो।** चोट से उबरने के बाद भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। कंधे की चोट के कारण सात्विक इंडोनेशिया ओपन से हट गए थे, लेकिन अब दोनों खिलाड़ी शानदार वापसी के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की जोड़ी से होगा। पुरुष एकल में भारत की उम्मीदें लक्ष्य सेन और युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी पर टिकी होंगी। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट लक्ष्य अपने अभियान की शुरुआत जापान के कोकी वातानाबे के खिलाफ करेंगे, जबकि आयुष का सामना दूसरे वरीय और पूर्व विश्व चैंपियन कुनलावत विटिडसर्न से होगा। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी। वहीं उन्नति हुडा का मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-ह्सुन से होगा। पुरुष युगल में हरिहरन आमसकारुनन और एम. आर. अर्जुन, जबकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला-तनीशा क्रास्टो तथा रोहन कपूर-रुथविका शिवानी गड्डे भी भारतीय चुनौती पेश करेंगे। भारतीय खिलाड़ियों से इस प्रतिष्ठित सुपर 750 टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। (अनंत ज्ञान)



### फ्रांस के आक्रमण और स्पेन के 'टिकी-टाका' की होगी कड़ी टक्कर



**एजेंसी, डलास।** फीफा विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में मंगलवार को फ्रांस और स्पेन के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला खेला जाएगा। लगातार तीसरे विश्व कप फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रही फ्रांस की टीम अपनी आक्रामक शैली के साथ उतरेगी, जबकि स्पेन अपनी मशहूर 'टिकी-टाका' रणनीति के दम पर जीत हासिल करने का प्रयास करेगा। किलियन एमबाप्पे की अगुआई में फ्रांस ने अब तक टूर्नामेंट के सभी मुकाबले जीते हैं। एमबाप्पे के अलावा ओस्मान डेम्बेले, माइकल ओलिस और ब्रैडली बारकोला जैसे खिलाड़ी टीम की बड़ी ताकत हैं। वहीं, डयोट उपामेकानो और विलियम सलीबा की मजबूत रक्षापंक्ति ने अब तक केवल दो गोल खाए हैं। स्पेन की टीम गेंद पर नियंत्रण और तेज पासिंग के लिए जानी जाती है। लामिन यामल, निको विलियम्स और मिकेल ओयार्ज़ाबल आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि रोड्रि, पेड्रि और डैनी ओल्मो मिडफील्ड को मजबूती देंगे। स्पेन ने हाल के दो मुकाबलों में फ्रांस को हराया है, लेकिन विश्व कप में दोनों टीमों की पिछली भिड़ंत 2006 में हुई थी, जिसमें फ्रांस 3-1 से विजयी रहा था। ऐसे में यह सेमीफाइनल रोमांच और रणनीति से भरपूर होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

# 18 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स और स्टीफन फ्लेमिंग की राहें हुईं जुदा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और स्टीफन फ्लेमिंग ने 18 साल बाद अपने रास्ते अलग करने का फैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी है। सीएसके ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि चेन्नई सुपर किंग्स और हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आपसी सहमति से अपना 18 साल का साथ खत्म करने का फैसला किया है। इस घोषणा के साथ ही लीग के इतिहास में सबसे लंबे और सबसे सफल कोचिंग कार्यकाल में से एक का समापन हुआ। यह फैसला स्टीफन फ्लेमिंग और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मैनेजमेंट के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। इसके साथ ही एक लंबे रिश्ते का अंत हो गया, जो 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में शुरू हुआ था। उस समय न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान फ्लेमिंग खिलाड़ी के रूप में सीएसके से जुड़े थे। अगले साल यानी 2009 में उन्होंने टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभाली और लंबे समय तक टीम का नेतृत्व किया।

अपने कार्यकाल के दौरान फ्लेमिंग ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट के सबसे सफल दौर में से एक का नेतृत्व किया। उनकी देखरेख में सीएसके ने पांच बार आईपीएल के खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि दो दफा चैंपियंस लीग टी20 की ट्रॉफी को भी अपने नाम किया। इसके साथ ही टीम आईपीएल में रिकॉर्ड 12 बार प्लेऑफ में पहुंची व टीम ने 10 बार फाइनल मुकाबले में हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

### रूपा गुरुनाथ ने योगदान की सराहना की

**इस** फैसले की घोषणा करते हुए सीएसके की मालकिन रूपा गुरुनाथ ने लगभग दो दशकों तक फ्रेंचाइजी में फ्लेमिंग के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, 'स्टीफन फ्लेमिंग इस फ्रेंचाइजी के लगभग पूरे सफर में हमारी कोचिंग यूनिट की जान रहे हैं। सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी की ओर से, हम उनकी अटूट प्रतिबद्धता, जुनून और नेतृत्व के लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। भले ही मैदान पर हमारा साथ खत्म हो रहा है, लेकिन वह हमेशा टीम की विरासत का एक अहम हिस्सा बने रहेंगे।

## एशियाई अंडर-19 व अंडर-23 चैंपियनशिप में भारत का दमदार पंच

# फाइनल में पहुंचे 8 भारतीय मुक्केबाज

**एजेंसी, जकार्ता**

भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 चैंपियनशिप में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए पुरुष और महिला अंडर-23 में आठ वजन वर्ग के फाइनल में जगह बनाई जबकि सात अन्य ने सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक हासिल किए। अंडर-23 महिला वर्ग में पांच भारतीय मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए हैं।

निशा (54 किग्रा) ने कोरिया की हेजू ली को जबकि निकिता चंद (60 किग्रा) ने जापान की सारी कोकुफू को हराया। रविवार को काजल (65 किग्रा) ने किर्गिस्तान की गुलजिना मेल्सवेक को आसानी से हराया था। इन तीनों वजन वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा इस तरह से रहा कि रेफरी को बीच में ही मुकाबला रोकना पड़ा।

मुस्कान (75 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की तोइरोवा ओयशा के खिलाफ 5-0 से जबकि प्रियंका (80 किग्रा से अधिक) ने कजाकिस्तान की पनार सेइतखांकीजी पर इसी अंतर से जीत दर्ज की। अंडर-23 पुरुष वर्ग में तीन भारतीय मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए हैं। विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) ने फिलीपींस के अपने प्रतिद्वंद्वी पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि गंगा (55 किग्रा) ने जापान के खिलाड़ी को 3-2 के विभाजित फैसले से हराया। वंशज (65 किग्रा) ने किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी पर 4-1 से जीत हासिल की। भारत के सात मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक भी जीते। अंडर-23 महिला वर्ग में तनु (51 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किए। अंडर-23 पुरुष वर्ग में हितेश (70 किग्रा), नीरज (75 किग्रा) और ईशान कटारिया (90 किग्रा से अधिक) ने कांस्य पदक जीते। (अनंत ज्ञान)




# मेडिकल रिसर्च में भारत रच रहा कीर्तिमान: राजनाथ

## केंद्रीय रक्षा मंत्री बोले- मेडिकल शिक्षा और रिसर्च का हो रहा विस्तार

**एजेंसी, लखनऊ**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को लखनऊ स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विवि (केजीएमयू) के 22वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और मेडिकल रिसर्च में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। पहले गंभीर बीमारियों के इलाज में लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो जाती थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को निशुल्क इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाना भी रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का स्वास्थ्य तंत्र पहले की तुलना में अधिक आत्मनिर्भर, सुलभ, किफायती, आधुनिक और जन-केंद्रित बना है। राजनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दो एम्स भी कार्यरत हैं। उत्तर प्रदेश अब 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' की अवधारणा से भी आगे निकल चुका है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तभी बेहतर हो सकती है, जब पर्याप्त संख्या में डॉक्टर और विशेषज्ञ उपलब्ध हों। इसी सोच के साथ सरकार ने मेडिकल शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार किया है। आज भारत जीन थेरेपी, न्यूक्लियर मेडिसिन व अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के स्वदेशी समाधान विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा वैज्ञानिकों ने हीमोफीलिया के उपचार के लिए स्वदेशी जीन थेरेपी का सफल प्रदर्शन किया है, जबकि पुणे के एक संस्थान ने स्तन कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक नैनो मेडिसिन विकसित की है। सरकार का ध्यान केवल इलाज पर नहीं, बल्कि बीमारियों की रोकथाम पर भी केंद्रित है। (अनंत ज्ञान)

### मानवता के लिए सबसे बड़ा उपहार अंगदान



**केंद्रीय** मंत्री ने अंगदान को मानवता के लिए सबसे बड़ा उपहार बताया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसके अंग कई लोगों को नया जीवन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी अंगदान को लेकर कई भ्रांतियां और झिझक हैं, जिन्हें दूर करने में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉक्टरों की संवेदनशील सलाह और संवाद किसी परिवार को अंगदान के लिए प्रेरित कर सकते हैं। डॉक्टर का हर निर्णय केवल मरीज और उसके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश को प्रभावित करता है।

## बांकीपुर उपचुनाव: नामांकन के बाद जेजेडी प्रत्याशी वीणा गिरफ्तार, प्रताप ने उठाए सवाल

**एजेंसी, पटना।** बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) की प्रत्याशी वीणा मानवी को नामांकन दाखिल करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई एक लंबित मामले में जारी वारंट के आधार पर की गई है। गिरफ्तारी के बाद जेजेडी अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने पुलिस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में मजबूत स्थिति में होने के कारण वीणा मानवी को जानबूझकर निशाना बनाया गया। तेज प्रताप ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश जारी कर कहा कि महिला के साथ अन्याय के खिलाफ उनकी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने गिरफ्तारी के समय पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अगर वारंट पहले से जारी था तो चुनाव प्रचार के दौरान कार्रवाई क्यों नहीं की गई और नामांकन के तुरंत बाद ही गिरफ्तारी क्यों हुई। तेज प्रताप ने बिहार लौटने के बाद सरकार के खिलाफ आवाज उठाने और प्रेस वार्ता करने की बात कही। फिलहाल पुलिस की ओर से मामले पर विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। गिरफ्तारी के बाद बिहार की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। (अनंत ज्ञान)

# दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को दो साल की जेल

**एजेंसी, सियोल**

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को 'मुफ़्त ओपिनियन पोल' मामले में सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने राजनीतिक फंड कानून के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए दो साल की जेल की सज़ा सुनाई है। अदालत ने उनके खिलाफ 13.96 मिलियन वॉन (लगभग 8.93 लाख) जब्त करने का भी आदेश दिया।



दक्षिण कोरिया की सरकारी समाचार सेवा योनहाप के अनुसार विशेष अभियोजक मिन जोंग-की की टीम ने आरोप लगाया था कि यून सुक येओल और उनकी पत्नी किम केओन ही ने अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच पावर ब्रोकर म्युंग ताए-क्युन से करीब 270 मिलियन वॉन (लगभग 1.72 करोड़) मूल्य के 58 ओपिनियन पोल मुफ़्त में हासिल किए थे। हालांकि, अदालत ने सभी आरोपों को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने माना कि यून ने इस अवधि में 14 ओपिनियन पोल मुफ़्त में लिए थे, जो अवैध राजनीतिक फंडिंग के दायरे में आते हैं। अदालत ने यह भी माना कि यून ने इन ओपिनियन पोल के बदले जून 2022 के संसदीय उपचुनाव में कंज़र्वेटिव पीपल पावर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पूर्व सांसद किम यंग-सन के नामांकन का समर्थन करने का वादा किया था।

फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि आरोपी के कृत्यों से राजनीति में जनता का भरोसा कमजोर हुआ है और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है, इसलिए अपराध के अनुरूप सज़ा आवश्यक है। इसी मामले में पावर ब्रोकर म्युंग ताए-क्युन को भी 18 महीने की जेल की सज़ा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष ने यून के लिए चार साल और म्युंग के लिए तीन साल की सज़ा की मांग की थी। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय पोत सुदर्शनी ने बोस्टन के 'ग्रैंड परेड ऑफ सेल्स' में दिखाई समुद्री ताकत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का नौकायन प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी अमेरिका की आजादी के 250वें जश्न में हिस्सा लेने के बाद बोस्टन पहुंच गया है। पोत ने सेल बोस्टन के शुभारंभ पर भारतीय तिरंगे को शान से लहराते हुए 'ग्रैंड परेड ऑफ सेल्स' में भाग लिया। प्रशिक्षण पोत कैसल द्वीप और सीपोर्ट डिस्ट्रिक्ट सहित प्रमुख स्थलों से गुजरने के बाद अंत में बोस्टन फिश पियर पर आ कर रुकी।



बोस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत रघुराम शास्त्री ने ग्रैंड परेड ऑफ सेल्स में भाग लिया तथा बोस्टन में पोत के औपचारिक प्रवेश के लिए आईएनएस सुदर्शनी पर सवार हुए। आईएनएस सुदर्शनी ने 20 से अधिक देशों के 60 से अधिक विशाल जहाजों के अंतरराष्ट्रीय बेड़े में शामिल होकर समुद्री अभियान के दौरान सद्भावना के समुद्री राजदूत के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। समुद्री कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय सद्भावना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए यह पोत 12 से 15 तक आगंतुकों के लिए खुला रहेगा।

अमेरिका के नॉरफ़ॉक, बाल्टीमोर और न्यूयॉर्क में सफल पोर्ट कॉल के बाद आईएनएस सुदर्शनी की सेल बोस्टन-2026 में भागीदारी भारत-अमेरिका की बढ़ती समुद्री साझेदारी को और मजबूत कर रही है। भारतीय पोत सुदर्शनी ने वैश्विक मंच पर भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को प्रदर्शित किया है। अमेरिका की आजादी का जश्न मनाने के लिए 250वीं सालगिरह के मौके पर इंटरनेशनल नेवल रिव्यू में इंडियन नेवल सेल ट्रेनिंग शिप (एसटीएस) आईएनएस सुदर्शिनी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस एसटीएस ने महासागरीय पार अभियान के तहत न्यूयॉर्क का पोर्ट कॉल पूरा करके भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दिखाया है। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच सामरिक एवं सांस्कृतिक साझेदारी को और मजबूत किया है। (अनंत ज्ञान)

## बंगाल में समुद्र में लापता ट्रॉलर बरामद, 9 मछुआरों के शव मिले, 6 की तलाश

**एजेंसी, परगना।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बकखाली तट के पास लापता मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर 'मा काली' को बरामद कर लिया गया है। ट्रॉलर से रविवार देरात चार और मछुआरों के शव बरामद किए गए। इससे पहले रविवार को पांच शव मिले थे। इस तरह हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जबकि छह मछुआरे अब भी लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

प्रशासनिक अधिकारियों और मछुआरों ने पूरी रात ट्रॉलर के भीतर और आसपास सघन तलाशी अभियान चलाया। आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना के समय कुछ मछुआरे समुद्र की ऊंची लहरों में बह गए होंगे। घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को दे दी गई है और आगे की कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है।

रविवार रात सुंदरबन विकास विभाग के राज्यमंत्री दीपंकर जाना घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने पाथरप्रतिमा के गोवर्धनपुर कोस्टल थाना क्षेत्र के सीतारामपुर घाट पर चल रहे राहत एवं बचाव अभियान की पूरी रात निगरानी की। इस दौरान काकद्वीप महकमा प्रशासन, सुंदरबन पुलिस, गोवर्धनपुर कोस्टल थाना, वन विभाग तथा मछुआरा संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 3,155 गिरकर 2.17 लाख किलो पर आई, सोना 1,079 रुपए हुआ सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने-चांदी के दाम में सोमवार को गिरावट आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आबीजेए) के मुताबिक, एक किलो चांदी 3,155 रुपए घटकर 2.17 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,079 रुपए घटकर 1.42 लाख रुपए आ गया है। बीते 1 महीने में चांदी की कीमत 25 हजार और सोने की कीमत 5 हजार रुपए कम हो चुकी है। 14 जून को चांदी 2.43 लाख और 1.48 लाख रुपए पर था। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 34 हजार रुपए सस्ता हो चुका है।



वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए तक पहुंच गई थी। यह चांदी के अब तक की सबसे ज्यादा दाम थे। तब से अब तक 165 दिन में चांदी 1.69 लाख रुपए सस्ती हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 47 अंक बढ़कर 77,616 पर हुआ बंद और निफ्टी में 4 अंक आई बढ़त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शेयर बाजार में सोमवार को शुरुआती गिरावट के बाद अब फ्लैट कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 47 अंक बढ़कर 77,616 पर बंद हुआ। निफ्टी में 4 अंक बढ़त रही, ये 24,211 पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स 606 अंक गिरकर 76,963 पर ओपन हुआ था। निफ्टी में भी 167 अंक की गिरावट थी। आईटी मीडिया और कंज्यूमर ड्यूरेबल शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। एफएमसीजी और मेटल शेयर्स ज्यादा बिकवाली रही। कच्चे तेल की कीमतें भी 4% चढ़कर दोबारा 79 डॉलर के करीब पहुंच गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि ईरान के साथ हुआ समझौता अब खत्म हो चुका है। इसके बाद से पेट्रोल डीजल के दाम में तेजी है। (अनंत ज्ञान)

